आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 5 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 315, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ओलंपिक में एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज 2

अनुष्का ने ननद के पोस्ट पर दिया प्यार भरा रिएक्शन 16

एक पेड़ मां के नाम

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लाल चंदन का पौधा रोपा, इस मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी उपस्थित थे।

बदलेगी मलिन बस्तियों की सूरत, बनेंगे बहुमंजिला भवन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार की योजना मलिन बस्तियों की सूरत बदलने की है। इस बदलाव में न केवल बहुमंजिला आवासीय परिसर होगा बल्कि परिसर के समीप स्कूल, मार्केट, पार्क, आदि भी होंगे। शहरी जीवन बेहतर हो, इसके मद्देनजर शहरी हरित और उद्यान विकास नीति भी तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुझाव दिया है कि हर नगर निगम में एक-एक मलिन बस्ती को चिन्हित कर वहां बहुमंजिला आवासीय परिसर के विकास की योजना तैयार हो। इसके समीप स्कूल, मार्केट, पार्क, आदि बुनियादी सुविधाएं रहें। यहां जो बाजार विकसित करें, उसमें इसी मलिन बस्ती के परिवार को दुकानें आवंटित करें। जो पार्क बनाएं, उसके संचालन की जिम्मेदारी भी इन्हें ही दी जाए। इस तरह चरणबद्ध रूप से प्रदेशभर में मलिन बस्तियों की तस्वीर बदल सकेगी। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर गुरुवार को नगर विकास विभाग के साथ एक बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और तमाम भावी योजनाओं को लेकर निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने चिंता प्रकट की कि शहरों में वाहनों की पार्किंग एक चुनौती बन गई है।

मुख्यमंत्री का निर्देश

- हर नगर निगम में एक मलिन बस्ती चिन्हित करें, बनाएं बहुमंजिला भवन, पास में हो बाजार, पार्क

नगरीय निकायों में कैडर पुनर्गठन हो

योगी के मुताबिक, शहरी आबादी में बढ़ोतरी के मद्देनजर नगरीय निकायों में कैडर पुनर्गठन की आवश्यकता है। सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों की सुचारु व्यवस्था के लिए वहां पर्याप्त मैनपॉवर रहे। ईओ हो या सफाईकर्मी कहीं भी किसी की रिक्तता न हो। हर काम की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए बने विशेष केंद्र

मुख्यमंत्री ने बताया कि, राज्य में 17 नगरों को स्मार्ट सिटी को रूप में अपग्रेड किए जाने की कवायद चल रही है। हर एक योजना समय से पूरी हो, हर एक कार्य की गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन भी कराएं। स्मार्ट सिटी के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के व्यायाम, पठन-पाठन, जलपान, चर्चा-विमर्श और बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने आदि के लिए विशेष केंद्र की स्थापना कराई जा रही है।

होर्डिंग नहीं, एलईडी डिस्प्ले को दें प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा, शहरी क्षेत्रों में लगे विज्ञापन होर्डिंग न केवल नगर की सुंदरता खराब करते हैं बल्कि आए दिन दुर्घटना का कारक बन रहे हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी नगरीय क्षेत्र में किसी भवन के ऊपर होर्डिंग नहीं लगाई जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि होर्डिंग के स्थान पर एलईडी डिस्प्ले को स्थान दें।

एक नजर

आडवाणी को अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिली



नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को गुरुवार शाम यहां अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गई। आडवाणी (96) को बुधवार को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

राजस्थान के कृषि मंत्री मीणा ने दिया इस्तीफा

जयपुर। राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। मीणा ने गुरुवार को कहा कि वह पहले सांसद भी रहे हैं और दौसा, सवाईमाधोपुर एवं करौली क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ थी लेकिन पार्टी को जीत नहीं दिला पाए। मैंने घोषणा की थी कि इन क्षेत्रों में मैं पार्टी को नहीं जिता पाया तो मंत्री पद छोड़ दूंगा।

कोटा में छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

कोटा। राजस्थान के कोटा में एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि 16 वर्षीय छात्र ने यहां पेइंग गेस्ट (पीजी) में स्थित अपने कमरे में फांसी लगा ली। कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों द्वारा आत्महत्या का जनवरी से अब तक यह 13वां मामला है।

हाथरस हादसे में 6 सेवादार गिरफ्तार

गिरफ्तार सेवादारों में 2 महिलाएं शामिल, मुख्य आयोजक पर 1 लाख का इनाम

- सेवादारों का कबूलनामा, भोले बाबा की चरणरज लेने के लिए भीड़ को छोड़ा, जिसके बाद मची भगदड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मोर्चा संभालने के बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरुवार को 6 सेवादारों की गिरफ्तारी की।

इनमें सत्संग आयोजन समिति से जुड़े चार पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। वहीं, पुलिस ने मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में राम लडैते यादव (मैनपुरी), मंजू यादव (हाथरस), उपेंद्र सिंह यादव (फिरोजाबाद), मंजू देवी यादव (हाथरस), मेघ सिंह (हाथरस) और मुकेश कुमार (हाथरस) शामिल हैं। ये सभी सेवादार हैं। अभियुक्तों ने पूछताछ में कई बड़े खुलासे किए हैं।

उन्होंने श्रद्धालुओं को भोले बाबा के चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिसके बाद भगदड़ मच गई। हालात खराब देखकर ये सेवादार भाग निकले। मालूम हो कि सोमवार को घटी इस घटना में उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के कुल 121 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई थी, जिसमें अधिकांश महिलाएं शामिल हैं।

आगरा में 17 शवों का किया गया अंतिम संस्कार, कई गांवों में नहीं जले चूल्हे

रहनकलां गांव पहुंचे केंद्रीय मंत्री बघेल ने परिजनों को बंधाया ढांढस।

आगरा। हाथरस में हुए मौत के सत्संग ने हर किसी को दहला दिया है। आगरा के ही 17 लोगों की हादसे में मौत हो गई और कई लोगों जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। अधिकांश शवों के अंतिम संस्कार कर दिए गए। कई गांवों में हादसे के बाद चूल्हे नहीं जले हैं। बुधवार को एत्मादपुर के रहनकलां में परिवारीजनों को ढांढस बंधाने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल और सपा नेता वीरेंद्र सिंह चौहान भी पहुंचे। आगरा में सर्वाधिक मौत एत्मादपुर क्षेत्र में हुई है। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि इस मामले में सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

महिला-पुरुष सेवादारों को मिलती है कमांडो ड्रेस

कार्यक्रम के आयोजन के लिए इन लोगों को विभिन्न प्रकार की वर्दी दी गई है। भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा के लिए महिलाओं एवं पुरुषों को काले रंग की कमांडो ड्रेस व एकरूपता के लिए पिंक ड्रेस भी दी जाती है, जिससे वो भीड़ को अपने हिसाब से नियंत्रित कर सकें।

भीड़ और चंदा इकट्ठा करना था सेवादारों का काम

अलीगढ़ मंडल के आईजी शलभ माथुर ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि वे आयोजन समिति के सदस्य हैं एवं सेवादार के रूप में कार्य करते हैं। इनका मुख्य कार्य सत्संग कमेटी में भीड़ इकट्ठा करना और चंदा इकट्ठा करना है। साथ ही ये बैरिकेटिंग द्वारा भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं को धूप व गर्मी से बचाने के लिए पंडाल की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर खड़ंजा, बिजली की आपूर्ति हेतु जेनरेटर की व्यवस्था, सफाई इत्यादि की व्यवस्था भी करते हैं।

अनियंत्रित भीड़ को छोड़कर भाग निकले सेवादार

पूछताछ में यह जानकारी भी सामने आई कि बाबा के अनुयायियों में बाबा के बारे में काफी मान्यताएं हैं। बाबा के चरणरज से बहुत सारे संकट दूर हो जाते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया है कि हम लोग बाबा के काफिले को भीड़ के बीच से निकालने के लिए आगे व पीछे दौड़ते हैं। उस दिन भी बाबा की चरणरज के लिए भीड़ गाड़ी के पास आई तो सेवादारों ने भीड़ को रोका और जैसे ही काफिला आगे निकल गया तो सेवादारों ने भीड़ को चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिससे वहां पर महिलाएं व बच्चे एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे और अफरा-तफरी मच गई। यह देखकर सेवादार वहां से जल्दी निकल गए। विवेचना में यह भी प्रकाश में आया है कि यह लोग पुलिस प्रशासन को आयोजन की फोटो, वीडियो बनाने से रोकते थे एवं उनके साथ अभद्रता करते थे। पुलिस द्वारा ये भी विवेचना की जा रही है कि इन सेवादारों में से किसी के द्वारा कोई आपराधिक साजिश तो नहीं की गई है।

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात हुआ हादसा

झोपड़ी पर पलटा ट्रक मां व दो बेटों की मौत

- पुलिस ने ट्रक को क्रेन से उठवाकर निकाले तीनों के शव

संवाददाता बांगरमऊ (उन्नाव)

अमृत विचार : बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में बुधवार देर रात चावल से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झोपड़ी पर पलट गया। इससे ट्रक के नीचे दबकर मां और दो बेटों की मौत हो गई। बाद में पुलिस ने ट्रक को क्रेन से सीधा कराया और तीनों शव निकाले। हादसे के बाद गांव में कोहराम मच गया।

बेहटा मुजावर में बांगरमऊ-संडीला रोड स्थित पुराना पुलिस थाना भवन के पास गांव की सरला झोपड़ी में मिठाई व नमकीन आदि की दुकान चलाकर अपने दो बच्चों का भरण-पोषण करती थी। बुधवार देर रात सरला बच्चों विक्की (13) व करन (15) के साथ झोपड़ी में सो रही थी। देररात करीब डेढ़ बजे संडीला जा रहा चावल से लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर झोपड़ी पर पलट गया। इसमें मां व उसके दोनों बेटे ट्रक के नीचे दब गए।

सरला, करन और विक्की।

झोपड़ी पर पलटा ट्रक।

घटना की सूचना पर सीओ अरविंद कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और क्रेन से पलटे ट्रक को सीधा कराया। तब तक मां व उसके दोनों बेटों की मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। सीओ ने बताया कि ट्रक कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।

हेमंत सोरेन बने झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री

रांची, एजेंसी

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने गुरुवार की शाम यहां राजभवन में राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। झारखंड के राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन ने राजभवन में हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, उनकी मां रूपी सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थे। बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले चंपई सोरेन भी इस अवसर पर मौजूद थे। हेमंत सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत दिए जाने के बाद 28 जून को जेल से रिहा कर दिया गया था।

- राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दिलाई शपथ

नीट-यूजी रद नहीं करने की सुप्रीम कोर्ट में अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

- 50 से अधिक सफल अभ्यर्थियों ने दाखिल की याचिका

नीट-यूजी में सफल हुए गुजरात के 50 से अधिक परीक्षार्थियों ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर केंद्र व एनटीए को पांच मई को हुई परीक्षा रद नहीं करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। उन्होंने शीर्ष अदालत से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को नीट-यूजी परीक्षा में पेपर लीक और नकल जैसी अनुचित गतिविधियों में शामिल छात्रों तथा अन्य लोगों की जांच व पहचान करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश देने की भी मांग की है। गुजरात के 56 छात्रों ने यह याचिका ऐसे समय में दायर की है, जब कुछ ही दिन पहले मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है। इन याचिकाओं में दोबारा परीक्षा कराने और पहले हुई परीक्षा की जांच की मांग की है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी का आयोजन करती है। इस साल पांच मई को 4,750 केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी।

प्रधानमंत्री से मिली टीम इंडिया, मोदी बोले-शाबास मेरे शेरों...

नई दिल्ली। टी-20 विश्वकप जीतने के बाद गुरुवार को सुबह स्वदेश लौटी भारतीय क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह ने प्रधानमंत्री को नमो वन की जर्सी भेंट की। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम के सदस्य टी-20 ट्रॉफी के साथ मोदी से जोश और उत्साह से मिले। प्रधानमंत्री ने टीम को भारत की झोली में एक और ट्रॉफी डालने के लिए शाबासी दी। खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट के अपने अनुभव साझा किए और हंसी मजाक करते दिखे।

बिहार के सारण में एक और पुल ढहा

पटना, एजेंसी

बिहार के सारण जिले में गुरुवार को एक और पुल गिर गया जो राज्य में पिछले एक पखवाड़े में पुल ढहने की 10वीं घटना है। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि यह पिछले 24 घंटे के भीतर सारण में पुल ढहने की तीसरी घटना है। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष पूर्व स्थानीय प्रशासन द्वारा बनाया गया पुल गुरुवार सुबह गिर गया जिसमें किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। गंडकी नदी पर बनयपुर प्रखंड में बना यह छोटा पुल सारण के कई गांवों को पड़ोसी सिवान जिले से जोड़ता था। इसका निर्माण 15 साल पहले हुआ था। बुधवार को सारण जिले में जनता बाजार क्षेत्र और लहलादपुर क्षेत्र में दो छोटे पुल ढह गए थे। सिवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में पिछले 16 दिन में 10 पुल ढह गए हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य में सभी पुराने पुलों का सर्वेक्षण करने तथा तत्काल मरम्मत की जरूरत वाले पुलों की पहचान करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। पुलों के लिए रखरखाव नीति भी तैयार करने को कहा है। उधर, राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि राज्य में 18 जून से अब तक 12 पुल गिर चुके हैं...प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोनों ही इन घटनाओं पर चुप हैं।

राज्य में एक पखवाड़े के भीतर यह 10वीं घटना

सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल कर बिहार सरकार को पुलों का संरचनात्मक ऑडिट कराने तथा एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है ताकि उन पुलों की पहचान की जा सके जिन्हें या तो मजबूत किया जा सकता है या जिन्हें गिराया जाना चाहिए। अधिवक्ता ब्रजेश सिंह की ओर से दाखिल जनहित याचिका में राज्य के पुलों की सुरक्षा तथा मजबूती को लेकर चिंता व्यक्त की गई है।

चिंता का सबब : मानसून शुरु होते ही दरकने लगे हैं पहाड़

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : जर्जर होते पर्वत मानसून की शुरुआत में ही दरकने लगे हैं। गत वर्ष की तुलना में इस बार पहाड़ों से मलबा शुरुआती दौर में ही अधिक संख्या में आया है। नैनीताल को जोड़ने वाले वाले तीनों राज मार्गों पर दर्जनों जगहों पर बोल्डर व मलबा आने का क्रम कुछ दिनों से जारी है। यह बड़ी चिंता का विषय है।

राज्य में 28 जून को मानसून ने दस्तक दे दी थी। तब से रोजाना बारिश का क्रम जारी है। हल्द्वानी, कालाढुंगी व भवाली मार्ग में तमाम जगहों पर निरंतर मलबा सड़कों पर आ रहा है। गंभीर बात है कि गत वर्षों की तुलना में इस बार मलबा काफी अधिक आ रहा है। मलबा आना स्वभाविक हो सकता है, लेकिन बोल्डरों का गिरना गंभीर है। बोल्डरों के ऊपर पहाड़ टिके होते हैं। इनके लगातार गिरने से पहाड़ों के मजबूती से टिके रह पाना मुश्किल हो जाता है और यह आपदा चिंता का बड़ा कारण है। जिसे लेकर चर्चा आम हो चली है। बोल्डरों के खिसकने का वैज्ञानिक कारणों का आज भी पुख्ता जानकारी का अभाव बना हुआ है। हालांकि माना जाता है कि जंगलों की आग पहाड़ों को कमजोर बना देती है। जिस कारण बरसात होते ही भूस्खलन होने लगता है। वहीं, ग्रीष्म सीजन में पहाड़ों में वाहनों का अत्यधिक दबाव भी अब बढ़ने लगा है, जिससे पहाड़ों से बोल्डरों व मलबा के गिरने का क्रम निरंतर बढ़ रहा है।

ग्रीष्म सीजन में वाहनों के अत्यधिक दबाव व कंपन के भूगर्भीय अध्ययन की जरूरत

- तीन राजमार्गों पर दर्जनों स्थानों पर गिरे बोल्डर व मलबा

अत्यधिक वाहनों का कंपन हो सकता है बड़ा कारण

पहाड़ों में आने वाले बड़ी संख्या में वाहनों के कारण पहाड़ों में कंपन होना स्वाभाविक है। नैनीताल में इस बार ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन के दौरान पिछले तीन माह के दौरान एक लाख से अधिक वाहन पहुंचे। इतनी बड़ी संख्या में आए वाहनों से अत्यधिक कंपन पहाड़ों को झेलना पड़ा है और जिस कारण इस बार बरसात शुरू होते ही मलबा के अलावा बोल्डर गिरने में वृद्धि होना संभव है।

शोध के बाद ही पता चल सकेगा पहाड़ों के दरकने का कारण

डीएसबी परिसर के भूगर्भ विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो सीसी पंत कहते हैं कि पहाड़ों में आने वाले वाहनों से होने वाले कंपन का अभी तक भूगर्भीय दृष्टि से अध्यन नहीं हुआ है। जिस कारण वाहनों द्वारा कंपन से पहाड़ों को होने वाले नुकसान के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इस दिशा में शोध के बाद ही सही पता चल पाएगा। उन्होंने इस संदर्भ में शोध किए जाने की आवश्यकता जताई।

विश्वविजेता टीम के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

- सुबह दिल्ली पहुंची टीम ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात
- मुंबई रोड शो में स्वागत को पहुंचे लाखों लोग, सड़कें जाम

विजय जुलूस में गूंजा इंडिया... इंडिया

मुंबई। टी-20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम के स्वागत के लिए आयोजित विजय जुलूस (विक्ट्री परेड) में गुरुवार को यहां जनसैलाब उमड़ पड़ा जिससे दक्षिण मुंबई का यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से अनुसार विजय जुलूस नरीमन पॉइंट में नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) से शाम पांच बजे शुरू होकर वानखेड़े स्टेडियम में शाम सात बजे समाप्त होना था लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम नई दिल्ली से देर से यहां पहुंची, जिससे परेड 7 : 30 मिनट के बाद ही शुरू हो पाई। इस विजय जुलूस का साक्षी बनने के लिए लाखों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी मरीन ड्राइव पर पहुंचे। वानखेड़े स्टेडियम को प्रशंसकों के लिए खोल दिया गया और कुछ मिनट में ही स्टेडियम खचाखच भर गया। वानखेड़े में सचिन...सचिन और मुंबईचा राजा, रोहित शर्मा! और इंडिया...इंडिया के पारंपरिक नारों के साथ माहौल जीवंत हो उठा।

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया जिसके बाद टीम के सदस्यों ने नाश्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे सैकड़ों प्रशंसक मौसम की परवाह किए बिना विभिन्न नारे लिखे बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी। खिलाड़ियों की

वापसी के दौरान नाच-गाना हो रहा था, खूब सारे केक थे और सड़कों पर प्रशंसक थे जो दर्शा रहे थे कि क्रिकेट देश में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला खेल क्यों है। थके हुए खिलाड़ी भी हवाई अड्डे से होटल पहुंचने के बाद मस्ती में शामिल हुए और पार्टी का माहौल पूरा किया।

वर्ष 2011 में जीते पिछले विश्व कप का जिक्र करते हुए एक प्रशंसक ने कहा हम पिछले 13 साल से इस पल का इंतजार कर रहे थे। टीम ने विश्व कप जीतकर हमें गौरवांवित किया है। उत्साह से लबरेज प्रशंसक स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के पोस्टर लेकर नारे लगा रहे थे। खिलाड़ियों को आईटीसी मौर्या शेरेटन होटल ले जाने के लिए टी थ्री टर्मिनल के बाहर दो बसें खड़ी थी। होटल पहुंचने पर ढोल और पारंपरिक भांगड़ा डांस से उनका स्वागत किया गया। कप्तान रोहित शर्मा, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत सहित अधिकांश खिलाड़ियों ने भांगड़ा कर रहे डांसरों के साथ डांस किया।

कुछ देर बाद वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने उनके आवास के लिए रवाना हो गए। होटल लौटने से पहले भारतीय दल ने बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की मौजूदगी में प्रधानमंत्री के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर करीब दो घंटे बिताए। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में खिलाड़ियों को मोदी के साथ हल्की-फुल्की बातचीत करते देखा जा सकता है। कोहली ने इंस्टाग्राम पर प्रधानमंत्री के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। हमें प्रधानमंत्री आवास पर आमंत्रित करने के लिए आपका धन्यवाद। पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप हारने के बाद यह विश्व कप जीतना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। शनिवार को भारत ने अपना दूसरा टी-20 विश्व कप जीता और आईसीसी ट्रॉफी का 11 साल का इंतजार खत्म किया। भारत ने पिछला आईसीसी खिताब 2013 में जीता था जब उसने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। भारत ने इसके पहले विश्व कप खिताब 1983 (एकदिवसीय), 2007 (टी20) और 2011 (एकदिवसीय) में जीते थे।

1. विजय जुलूस से पहले मुंबई के मरीन ड्राइव पर भारतीय टीम के स्वागत को जुटे लाखों प्रशंसक।
2. मरीन ड्राइव पर डबल डेकर बस में सवार भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने किया प्रशंसकों का अभिवादन।
3. दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते खिलाड़ी।
4. दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान बातचीत करते भारतीय खिलाड़ी।
4. प्रधानमंत्री मोदी को नमो 1 की जर्सी भेंट करते बीसीसीआई अधिकारी रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह।

भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी दूसरे दौर में

लंदन, एजेंसी

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी ने गुरुवार को यहां पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि ओलंपिक दल के सदस्य एन श्रीराम बालाजी और ल्यूक जॉनसन की जोड़ी विम्बलडन चैम्पियनशिप से बाहर हो गई। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक और एलेक्जैंडर श्वेचेंको की जोड़ी को 58 मिनट में 6-4 6-4 से पराजित किया। अब भांबरी और ओलिवेटी का सामना जर्मनी के क्राविट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से होगा।

बालाजी और जॉनसन को पहले दौर में सर्बिया के मेट पाविक और अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो की चौथी वरीय जोड़ी से 4-6 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने रोबिन हास और सैंडर एरेंड्स की जोड़ी पर आसान जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया।

बोपन्ना और एब्डेन ने बुधवार को बारिश से बाधित पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे 11 मिनट में नीदरलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वियों को 7-5, 6-4 से हराया। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी दूसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्सटेंटिन फ्रेंटजन की जर्मनी की जोड़ी से भिड़ेगी। बोपन्ना और एब्डेन पिछले साल सत्र के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले सुमित नागल और उनके सर्बियाई जोड़ीदार दुसान लाजोविच को पहले दौर में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जॉमे मुनार से हार का सामना करना पड़ा।

मेदवेदेव अगले दौर में पहुंचे, ओसाका हारी

लंदन। विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में डेनिल मेदवेदेव जहां अपना मुकाबला जीतकर अगले दौर में पहुंच गए, वहीं नाओमी ओसाको को हार का सामना करना पड़ा है। महिला एकल के अन्य मुकाबलो में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में 19वें नंबर की ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके अलावा बीट्रिज हदाद मेइया ने भी मैग्डेलेना फ्रेच को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरी तरफ पुरुष एकल में पांचवी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को भी सेंटर कोर्ट पर कठिन शुरुआत मिली। उन्हें एलेक्जेंडर मुलर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन मेदवेदेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 6-7(3) 7-6(4) 6-4 7-5 से जीत दर्ज की। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर ने अपने हमवतन माटेओ बेरेटिनी को कड़े मुकाबले में 7-6, 7-6, 2-6, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

राजावत ने गेम्के को हराया कनाडा ओपन के दूसरे दौर में

कैलगेरी (कनाडा)। उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने यहां कनाडा ओपन के पुरुष एकल के पहले दौर में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले डेनमार्क के रासमुस गेम्के को हराया।

दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने आठवें वरीय गेम्के को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में एक घंटे और 10 मिनट में 17-21 21-16 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। राजावत अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। वह अगले दौर में जापान के ताकुमा ओबायाशी से भिड़ेंगे। पुरुष एकल में हिस्सा ले रहे दो अन्य भारतीयों आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को हार का सामना करना पड़ा। शेट्टी को जापान के छठे वरीय कोकी वातानाबे के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि शंकर को फ्रांस के एलेक्स लेनियर के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। महिला एकल में तान्या हेमंत और अनुपमा उपाध्याय भी दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। तान्या ने कनाडा की जैकी डेंट को हराया जबकि अनुपमा ने आयरलैंड की रैशेल डेरेग को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। तान्या अगले दौर में थाईलैंड की तीसरी वरीय बुसानन ओंगबैमरुंगफान से भिड़ेंगी जबकि अनुपमा को कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ खेलना है।

खेल डायरी

डोप जांच में विफल रही दीपांशी, नाडा ने किया निलंबित

नई दिल्ली। नाडा ने हाल में राष्ट्रीय अतंर राज्यीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली भारत की शीर्ष महिला 400 मीटर धाविका दीपांशी को डोप जांच में विफल होने के कारण निलंबित किया। दीपांशी ने शुक्रवार को पंचकुला में महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में किरण पहल (50.92 सेकेंड) के बाद 52.01 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया था। टूर्नामेंट के दौरान लिए गए डोप नमूने में एनाबोलिक स्टेरायड मिला है। ये नमूने 27 जून को हीट रेस के बाद या सेमीफाइनल में लि गए। राष्ट्रीय अंतर्राज्यीय चैंपियनशिप 27 से 30 जून में यह पहला डोप पॉजिटिव मामला सामने आया है जो पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी था।

त्वेसा संयुक्त 24वें और दीक्षा 46वें स्थान पर

लंदन। भारतीय महिला गोल्फर त्वेसा मलिक संधू यहां अरामको टीम सीरीज लंदन के पहले दौर में इवन पार 73 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर रहीं। उनकी साथी भारतीय दीक्षा डागर दो ओवर 75 के कार्ड से संयुक्त 46वें स्थान पर बनी हुई हैं जबकि प्रणवी उर्स ने सात ओवर 80 का निराशाजनक कार्ड खेला जिससे उनके कट में प्रवेश की संभावना नहीं है। दीक्षा अगले हफ्ते मेजर एवियन चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी, उन्होंने तीन बर्डी लगायीं जबकि तीन बोगी और एक डबल बोगी की।

अमेरिका महिला क्रिकेट टीम के कोच बने मोरिंग

न्यूयॉर्क। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर हिल्टन मोरिंग को अमेरिका की राष्ट्रीय महिला और अंडर-19 टीम का कोच नियुक्त किया गया। अमेरिका की क्रिकेट संस्था ने यह घोषणा की। मोरिंग वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर शिवनारायण चंद्रपाल की जगह लेंगे और इस साल बांग्लादेश में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए टीम को तैयार करेंगे। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के कोच रह चुके 46 वर्षीय मोरिंग ने कहा कि वह अमेरिका में क्रिकेट के विकास में योगदान करना चाहते हैं।

शतरंज : गुकेश ने करुआना को बराबरी पर रोका

बुकारेस्ट (रोमानिया)। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो करुआना को बराबरी पर रोका। एक बार फिर दिन की सभी बाजियां ड्रॉ रही। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ अंक बांटे। अंतिम स्थान पर चल रहे रोमानिया के डिएक बोगडेन-डेनियल ने फिरोजा के साथ ड्रॉ खेला जबकि गिरी ने वाचियेर-लाग्रेव के साथ बाजी ड्रॉ की। शीर्ष वरीय करुआना दो जीत और पांच ड्रॉ से 4.5 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा हैं जो अमेरिकी से आधा अंक पीछे हैं। नेपोमनियाची 3.5 अंक के साथ फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। अमेरिका के वेस्ली सो, नीदरलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसतोरोव की तिकड़ी उनसे आधा अंक पीछे है।

बिलियर्ड्स चैंपियनशिप: आडवाणी ने पारिख को हराया

रियाद। भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिद्धार्थ पारिख को 4-2 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाए। मैच में पारिख ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला फ्रेम 101-38 से जीता। दूसरे फ्रेम में कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन पारिख ने 100-99 से आडवाणी को हराकर 2-0 की बढ़त बनाई। आडवाणी ने दो फ्रेम से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए तीसरा फ्रेम 101-0 से जीता। चौथे फ्रेम में पारिख 95 के ब्रेक के बावजूद आडवाणी को 101-95 से जीतने से नहीं रोक पाए। आडवाणी पांचवें फ्रेम में हावी रहे और 87 के ब्रेक के साथ 104-2 की जीत से 3-2 की बढ़त बनाने में सफल रहे।

ओलंपिक में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत की 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे। तोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले और मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक की तैयारी के सिलसिले में डायमंड लीग के अंतिम चरण में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

भारतीय एथलेटिक्स टीम में 17 पुरुष और 11 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। चोपड़ा के अलावा इनमें एशियाई खेलों के चैंपियन अविनाश साबले, तेजिंदरपाल सिंह तूर और बाधा दौड़ के धावक ज्योति याराजी जैसे अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी शामिल हैं। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में मुहम्मद अनस, मुहम्मद

- 1 से 11 अगस्त तक आयोजित होंगी ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं, 11 महिलाएं, 17 पुरुष शामिल

अजमल, अमोज जैकब और राजेश रमेश शामिल हैं। इस टीम ने हाल में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की टीम को पीछे छोड़कर सनसनी मचा दी थी। पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं 1 अगस्त से 11 अगस्त तक होगी।

पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम में पुरुष : अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज़), नीरज चोपड़ा, किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रवेल, अबुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), अक्षदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट (20 किमी पैदल चाल), मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलारासन, राजेश रमेश (4x400 मीटर रिले), मिजो चाको कुरियन (4x400 मीटर रिले), सूरज पंवार (पैदल चाल मिश्रित मैराथन), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद)। **महिला :** किरण पहल (400 मीटर), पारुल चौधरी (3,000 मीटर स्टीपलचेज़ और 5,000 मीटर), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (भाला फेंक), आभा खटुआ (शॉट पुट), ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पूवम्मा एमआर (4x400 मीटर रिले), प्राची (4x400 मीटर), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी पैदल चाल)।

द. अफ्रीका के खिलाफ तैयारी पुख्ता करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला का इस्तेमाल एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों और रणनीति को पुख्ता करने के लिए करेगी। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्टूबर से होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला है। इसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इन बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

टीम ने बेंगलुरू में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और यहां एकमात्र टेस्ट में भी इसके संकेत दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने के बावजूद भारत ने अब तक सभी मैच जीते हैं। 2023 से अब तक भारत ने सात टी-20 श्रृंखला खेली हैं जिनमें से तीन में उसे जीत मिली है और

टी-20 श्रृंखला

चार में हार का सामना करना पड़ा है। टीम इस आंकड़े को बेहतर करना चाहेगी। दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत के लिए कप्तान लॉरा वोलवार्ट पर बहुत अधिक निर्भर होगा। वोलवार्ट ने एकदिवसीय श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में शतक लगाकर अपनी शानदार फॉर्म की झलक दिखाई। अगर दक्षिण अफ्रीका को पिछले साल जनवरी के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला जीतनी है तो सलामी बल्लेबाज वोलवार्ट का प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

32.2° अधिकतम तापमान | 23.4° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:21 | सूर्यास्त 07:06

एक नजर

पैर फिसलने से घायल

रसूलाबाद। थाना क्षेत्र के शंकरपुर निवासी अवधेश (40) घर के आंगन में पैर फिसल जाने से गिरकर घायल हो गए। परिजन उन्हें सीएचसी ले गए। जहां डॉ. बृजेश ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट के चलते कानपुर हैलट रेफर कर दिया।

गाय के हमले से गंभीर

रसूलाबाद। कस्बा के गौतम बुद्धनगर निवासी अयूब का दस वर्षीय पुत्र अयान लच्छा निवादा के निकट खाना पकाने के लिए लकड़ी लेने गया था। वहीं पर एक गाय ने उसके पीठ में सींग मार दी। जिससे वह घायल हो गया। उसके साथियों ने परिजनों को सूचना दी। जिसपर उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉ. बृजेश ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते बालक को कानपुर हैलट रेफर कर दिया।

युवक को सांप ने डसा

रूरा। थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी जोगेंद्र सिंह भारत सिंह का पुरवा के पास अपनी भैंस को चरा रहे थे। तभी उनके दाएं हाथ के अंगूठे में सांप ने डस लिया। वहां से निकल रहे भारत सिंह का पुरवा निवासी ग्रामीण पुष्पेंद्र उनके उन्हें बाइक से आनन-फानन में सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद ईएमओ डॉ. सुनील कुमार ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

दरवाजे पर गाय चढ़ने में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

रूरा। जौहर निवासी अनिकेत उर्फ छोटू ने पुलिस को बताया कि बुधवार की शाम वह अपने प्लाट पर बंधी गाय को घर लेकर जा रहा था। तभी पड़ोसी मेवालाल के दरवाजे पर गाय चढ़ गई। इसपर मेवालाल गालीगलौज करने लगे। जब इसका पीड़ित ने विरोध किया तो मेवालाल व उसके पुत्र राजेश ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर छानबीन की जा रही है।

ट्रैक्टर की टक्कर ई-रिक्शा सवार पांच घायल

रूरा। ई-रिक्शा चालक शाहरुख ने बताया कि वह गुरुवार को जिनई चौराहे से सवारी लेकर कहिंजरी जा रहा था। तभी विजई गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे रिक्शा पलट गया और उसमें सवार एक दो वर्ष के बालक समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए भेजा गया है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मूसानगर। देवराहट थाना क्षेत्र एक गांव निवासी युवती ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को पुलिस ने थाना क्षेत्र के जल्लापुर मोड़ से जनपद जालौन के थाना कदौरा क्षेत्र के इकौना निवासी संग्राम को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मोनू शाक्य ने बताया कि अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

बैठक से 15 सफाई कर्मी गायब, कटेगा वेतन

संदलपुर। ब्लॉक सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर सभी सफाई कर्मचारियों बैठक हुई, जिसमे 15 सफाई कर्मी अनुपस्थित रहे। इनका एक दिन का वेटन काटने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में एडीओ अश्वनी कुमार ने कहा कि यदि हैंडपंप में लाल, मटमैला पानी या फिर स्वाद बदलकर आ रहा है तो उसे चेक करें।

बारिश से मुस्कान, धान के लिए वरदान

जिले में गुरुवार को 44.2 मिमी हुई बारिश, मौसम विभाग ने 8 जुलाई तक भारी बारिश की जताई संभावना

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। जिले में बुधवार रात से शुरू झमाझम बारिश गुरुवार की सुबह तक जारी रही, इससे मौसम सुहाना हो गया। अच्छी बारिश से किसानों के चेहरों पर मुस्कान खिल गई। फावड़ा लेकर खेतों पर पहुंचे किसानों ने मेड़ की मरम्मत की। वहीं धान की रोपाई का काम तेज हो गया। बारिश से जगह-जगह हुए जलभराव से लोगों को परेशानी हुई। गुरुवार को 44.2 मिमी बारिश हुई।

खरीफ में धान व मक्का की फसल जिले में प्रमुखता से होती है। हालांकि ऊंचाई वाले खेतों में किसान बाजरा, तिल आदि की बोआई भी करते हैं। कई दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश से खेती किसानी में गति पकड़ ली है। बुधवार रात से लेकर सुबह तक अकबरपुर, रूरा, शिवली, रनियां, मंगलपुर, नबीपुर, राजपुर व मुंगीसापुर क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई। गुरुवार सुबह करीब ग्यारह बजे तक रुक-रुककर बारिश हुई तो खेतों में धान की रोपाई के लिए जरूरी पानी भर गया। इस पर धान की रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे खिल गए। किसान घरों से खेत की तरफ निकले और धान की रोपाई का काम शुरू किया। महिलाओं की टोली ने लोक गीत गाते धान की रोपाई की।

अकबरपुर के विवेक, श्यामजी आदि ने बताया कि बारिश धान की फसल के लिए बहुत अच्छी है। खेतों में पानी भरने से धान की रोपाई का काम तेज हो गया है। जोरदार बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है। जिससे लोगों को गर्मी से भी राहत मिल रही है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर-पूर्वी हवाएं करीब साढ़े चार किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार 8 जुलाई तक तेज हवाओं व गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है।

मक्का किसानों की बढ़ी परेशानी: वर्तमान समय में मक्का की कटाई चल रही है। बारिश के बाद मक्का के किसानों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। गुरुवार को किसानों को बारिश के बीच अपनी मक्का की फसल को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाते हुए देखा गया।

जलभराव में फंसे वाहन सवार: अकबरपुर में अंडरपास के पास जलभराव हो गया। इससे माती की ओर से आकर अकबरपुर कस्बे की तरफ जाने वाले राहगीरों को काफी दिक्कत हुई। ओवरब्रिज चौराहे पर जलभराव के चलते कई दोपहिया वाहन बंद होकर फंस गए। सवारों को बाइक खींच कर ले जानी पड़ी।

बारिश से अकबरपुर अंडरपास के नीचे जलभराव से गुजरते वाहन। अमृत विचार

सबलपुर गांव की सड़क पर जलभराव से आवागमन करते लोग। अमृत विचार

धान की रोपाई के लिए बारिश उपयुक्त

जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मौजूदा समय धान की रोपाई के लिए उपयुक्त है। खेती के लिहाज से अच्छी बारिश हो रही है। गुरुवार को जिले के कई हिस्सों में तेज बारिश हुई है। यह धान की फसल के लिए बेहद फायदेमंद है। बारिश से धान की बेड़ भी हरी भरी हो गई है। इससे धान का बोया रकबा पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक रहने की उम्मीद है।

जलभराव से जूझ रहे सबलपुर के लोग

मंगलपुर। झींझक ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत सबलपुर गांव में दो बार हुई बारिश ने विकास कार्य की पोल खोल कर रख दी। पूरे गांव की सड़क तालाब में तब्दील हो गई है और ग्रामीण जलभराव से होकर गुजर रहे हैं। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान सर्वेश राजपूत ने बताया कि जल निकासी की समस्या है। इसको लेकर अधिकारियों को अवगत कराया गया है। जल्द ही निजात दिलाई जाएगी।

मौत से पहले लगी थीं 31 चोटें, इन्हीं से गई थी जान

बलवंत हत्याकांड

- शव का पोस्टमार्टम करने वाले पैनल डॉक्टर के दर्ज हुए बयान
- डॉक्टर ने मौत से पहले 31 चोटें पाए जाने के बारे में पुष्टि की

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। चर्चित बलवंत हत्याकांड में शव का पोस्टमॉर्टम करने वाले पैनल के डॉक्टर दीपेंद्र उत्तम के बयान न्यायालय में दर्ज किए गए। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजू पोरवाल ने बयान दर्ज कराए। यह जानकारी वादी पक्ष की तरफ से मामले की पैरवी कर रहे अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान दी।

उन्होंने बताया कि डॉक्टर ने बयान दिया है कि उन्होंने पैनल के मुख्य डॉक्टर देवेंद्र सिंह राजपूत और डॉक्टर नवनीत चौधरी के साथ कानपुर नगर के डीएम व सीएमओ के निर्देश पर पोस्टमार्टम किया था। बलवंत के शरीर पर मृत्यु से पूर्व 31 चोटें पोस्टमॉर्टम में पाई गई थीं। चोटों से आंतरिक रक्तस्राव के कारण दाहिने चेंबर में थोड़ा सा रक्त था। बायां चेंबर रक्त से पूरी तरह खाली था। चोटें एक दिन पुरानी थी। इन्हीं के आघात से बलवंत की मौत होना पाया गया।

वहीं गवाह से बचाव पक्ष में आरोपी तत्कालीन मैथा चौकी इंचार्ज ज्ञान प्रकाश पांडेय की तरफ से जिरह पूर्ण की गई। जबकि आरोपी तत्कालीन एसओजी आरक्षी दुर्वेश व अनूप कुमार की तरफ से आंशिक की गई। तत्कालीन मैथा चौकी प्रभारी की तरफ से गवाह से जिरह में पूछा गया कि मृतक के शरीर में जो चोटें पाई गईं। वह डंडे या पट्टे की जगह किसी चौड़े जैसे क्रिकेट के बैट से आना संभव है।

गवाह ने अदालत को यह भी बताया कि सभी चोट एक साइज की नहीं हैं, लेकिन ज्यादातर चोटें चौड़े साइज की हैं। कारण है कि लगने के बाद जैसे जैसे समय बीतता है। चोंट में त्वचा के नीचे खून फैलता है। इसलिए चोटें ज्यादा चौंडी प्रतीत होती हैं। गवाह से शेष जिरह के लिए अब 5 जुलाई की तिथि नियत की गई है। गवाही के दौरान एडीजीसी फौजदारी प्रशांत मिश्रा व आशीष तिवारी रहे।

स्टेट हाईवे पर किसान सुखा रहे मक्का

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। खासबरा गांव के सामने स्टेट हाइवे की ट्रक पार्किंग लेन पर किसान मक्का सुखा रहे हैं। इतना ही नहीं लेन के दूसरे तरफ टैक्टर ट्रालियां खड़ी कर दी है। ऐसे में ट्रक चालक वाहनों को पार्क नहीं कर पा रहे हैं और हादसे का खतरा रहता है।

भोगनीपुर से दिल्ली हाईवे को जोड़ने वाले राजपुर-सिकंदरा स्टेट हाइवे किनारे वाहनों के खड़े होने से दुर्घटना की संभावना रहती थी। इससे बचाव के लिए राजपुर के खासबरा गांव के सामने पीडब्ल्यूडी ने 80 लाख रुपये की लागत से 500 मीटर में ट्रक पार्किंग लेन बनाई है। इन दिनों ट्रक पार्किंग लेन पर मक्का उत्पादकों का कब्जा बना हुआ है। करीब एक सप्ताह से हाईवे पर सड़क के दोनों ओर सुखाने के लिए मक्का किसानों ने डाल दी है। वहीं कुछ स्थान पर तो किसान अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को भी सड़क किनारे खड़ी कर देते हैं।

इतना ही किसान ट्रक लेन से ही व्यापारियों को मक्का बिक्री कर है। ऐसा करने से पार्किंग पूरी तरह बंद है। ट्रक चालक सड़क किनारे वाहन खड़े कर रहे हैं और हादसे की आशंका बढ़ गई है। हाईवे पर होकर रोज ही सैकड़ों की संख्या में वाहन गुजरते हैं। पुलिस और प्रशासनिक अफसर भी सरकारी वाहनों से निकलते हैं, लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस बावत सिकंदरा एसडीएम श्याम नारायण शुक्ला ने बताया कि तहसीलदार को भेज कर कार्रवाई कराई जाएगी।

खासबरा गांव के सामने ट्रक पार्किंग लेन पर सूख रही मक्का। अमृत विचार

- ट्रक वाली लेन पर ट्रैक्टर और ट्रालियों का कब्जा, हादसे का बढ़ा अंदेशा

ऑनलाइन हाजिरी का शिक्षक कर रहे विरोध

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- बीएसए ने ऑनलाइन हाजिरी दर्ज नहीं करने वालों पर कार्रवाई की कही बात

अमृत विचार। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले परिषदीय स्कूलों में 15 जुलाई से शिक्षक-शिक्षिकाओं की प्रेरणा पोर्टल पर टैबलेट से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज होगी। इसके लिए शासन ने टैबलेट उपलब्ध करा दिए हैं, जिसको लेकर शिक्षकों में विरोध के स्वर फूटने लगे हैं।

सरकार द्वारा परिषदीय स्कूलों को 19 मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त कराकर शिक्षा का स्तर बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है। जिला एवं तहसील स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी स्कूलों का निरीक्षण कर लापरवाही करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई भी कर रही हैं। इसके बाद भी लेटलतीफी जारी है। बेसिक शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने शैक्षिक सत्र 2024-25 में शिक्षकों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने का निर्णय लिया है।

प्रत्येक माह कंपोजिट ग्रांट की धनराशि से सिम को रीचार्ज कराने के निर्देश दिए हैं। ताकि ऑनलाइन व्यवस्था में अवरोध पैदा न हो सके। शिक्षकों का कहना है कि यह व्यवस्था अन्य विभागों में भी लागू होनी चाहिए। विभागीय अधिकारी मनमानी थोप रहे हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बावत बीएसए अजय कुमार मिश्र ने बताया कि जो शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कराएंगे। उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

जनता दरबार में शिकायत सुनतीं विधायक पूनम संखवार। अमृत विचार

विधायक ने दरबार लगाकर सुनीं जनता की समस्याएं

मंगलपुर। नहर कोठी में विधायक जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। अधिकांश शिकायत पुलिस, बिजली व राजस्व की रही। विधायक ने समस्याओं का जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। गुरुवार को रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार ने दोपहर में नहर कोठी झींझक में जनता दरबार लगाया। इस दौरान कुल 35 शिकायतें आईं। जिसमे से मौके पर ही 30 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जबकि पांच शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। विधायक ने कहा कि विधानसभा के लोगों की समस्याओं को समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए हर संभव प्रयास हो रहा है। विभागीय अधिकारियों को भी चाहिए कि वह सारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताएं। उनका लाभ भी जनता तक पहुंचाएं। इस मौके पर झींझक अमित तिवारी उर्फ सोनू तिवारी, संतोष प्रताप सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अनमोल गुप्ता, सर्वेश राजपूत, जेपी मौर्य, करन यादव, सत्यपाल धनगर, विभु राजपूत, योगेंद्र पाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पैलावर संविलयन विद्यालय में मिडडे मील खाते बच्चे। अमृत विचार

प्रधानाध्यापिका हटाई गईं तो स्कूल भेजे गए बच्चे

राजपुर। ब्लॉक क्षेत्र के पैलावर डेरा संविलियन विद्यालय में प्रधानाध्यापिका के बहाल होने के विरोध में अभिभावक बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे थे। बीएसए के निर्देश पर प्रधानाध्यापिका को स्कूल से हटाने के बाद गुरुवार को स्कूल में अभिभावकों ने बच्चों को भेजा। बताते चलें कि पैलावर डेरा संविलियन विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापिका वसीम बानो को हटाने की मांग कर ग्रामीण विरोध कर रहे थे। बीएसए अजय कुमार मिश्रा ने बुधवार को विवादित प्रधानाध्यापिका को पैलावर डेरा से हटाकर पीतमपुर स्कूल में संबद्ध कर दिया। इसके बाद गुरुवार को अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्कूल भेजा। विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका नीरु सिंह ने बताया कि नए सत्र के पहले दिन विद्यालय में पंजीकृत 123 बच्चों के सापेक्ष 45 बच्चों को अभिभावकों ने स्कूल भेजा है। गुरुवार को विद्यालय में एमडीएम बनाया गया और ग्रामीणों के घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

ट्रेन से गिरकर प्रयागराज के युवक की गई जान

संवाददाता, रूरा

- घर से मजदूरी करने के लिए प्रयागराज से दिल्ली जा रहा था युवक

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के रायपुरवा गांव के पास दिल्ली हावड़ा रेल लाइन के डाउन ट्रैक पर प्रयागराज के एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। ट्रेन के चालक की सूचना पर स्टेशन मास्टर ने मेमो भेजकर पुलिस को जानकारी दी।

विकास।

दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक के डाउन ट्रैक पर खंभा नंबर 1072/18-20 के बीच गुरुवार की भोर एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। मृतक के पास मिले मोबाइल से हादसे की जानकारी परिजनों को दी गई।

सूचना पर पहुंचे पिता हरिलाल निवासी ग्राम टेला जनपद प्रयागराज ने मृतक की शिनाख्त अपने पुत्र विकास (27) के रूप में की। पिता ने बताया कि बुधवार की शाम पुत्र विकास मजदूरी करने दिल्ली के निकला था और रास्ते में घटना हो गई। रूरा थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

अब एक्स-रे टेक्नीशियन का इंतजार

संवाददाता, मंगलपुर

- झींझक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब मुफ्त मिलेगी डिजिटल एक्सरे की सुविधा

अमृत विचार। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अब डिजिटल एक्स-रे के लिए जिला अस्पताल या निजी लैब में भागदौड़ नहीं करनी होगी। झींझक सीएचसी में डिजिटल एक्स-रे की सुविधा शुरू हो गई है। इसके लिए मरीजों को कोई शुल्क भी नहीं देना होगा। हालाकि टेक्नीशियन न होने से लोगों को कुछ दिन इंतजार करना पड़ सकता है।

बताते चले कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झींझक में पहले साधारण मैनुअल एक्स-रे मशीन थी, जिससे लोगों को साफ एक्सरे फिल्म नहीं मिलती थी। इसकी वजह से उनका इलाज बेहतर ढंग से नहीं हो पाता था। करीब एक माह पूर्व डिजिटल एक्स-रे मशीन आई थी। विभागीय कागजी कार्रवाई के बाद गुरुवार को डिजिटल एक्स-रे मशीन कक्ष में लगा दी गई है। ताकि अब जिन मरीजों को एक्सरे करना हो। उनको अच्छी रिपोर्ट मिल सके। कुछ ऐसी बीमारियां होती हैं जो साधारण मशीन में अच्छी से नहीं आ पाती, लेकिन यह डिजिटल मशीन में अब कोई छुपी हुई भी समस्या होगी तो वह साफ तौर से दिखाई देगी। इससे मरीज का इलाज करने में डॉक्टर को सहूलियत मिलेगी।

हालांकि मशीन चलाने के लिए फिलहाल टेक्नीशियन ऑपरेटर की नियुक्ति अभी तक नियुक्ति नहीं की गई है। इसकी वजह से लोगों को कुछ दिन और इंतज़ार करना पड़ सकता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. दीपक गुप्ता ने बताया कि डिजिटल एक्सरे मशीन कक्ष में स्थापित की गई है। जल्द ही टेक्नीशियन की नियुक्ति होगी। इसके बाद लोगों को लाभ मिल सकेगा।

झींझक सीएचसी में रखी डिजिटल एक्सरे मशीन। अमृत विचार

पौधरोपण करने के बाद देखभाल करना जरूरी

संवाददाता, रसूलाबाद

अमृत विचार। कंपोजिट विद्यालय करियावर में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत रसूलाबाद विधायक ने पौधरोपण कर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक पूनम संखवार ने कंपोजिट विद्यालय में पीपल का पौधा रोपा। उन्होंने कहा कि पौधा लगाने के बाद उसका संरक्षण करें। ताकि पेड़ बनकर वह लोगों को ऑक्सीजन दें और ग्लोबल वार्मिंग में कमी आए। विधायक ने वन विभाग की नर्सरी का भी निरीक्षण किया। वन रेंजर एसएन सिंह ने कहा कि वैसे तो पूरे माह पौधरोपण अभियान चलता है, लेकिन सांकेतिक रूप से वन महोत्सव का यह विशेष सप्ताह चल रहा है। कार्यक्रम में सभासद मशरूफ, ओमशंकर सिंह, वन दरोगा मोहित श्रीवास्तव, सुघर सिंह, वनरक्षक विनय प्रताप, सुशीला देवी, प्रियंका दीक्षित, मधुरेश कुमार, अभिषेक कटियार, केशव द्विवेदी, सुषमा पाल, अटल बाजपेयी आदि लोग मौजूद रहे।

पौधरोपण करतीं विधायक।

बोट सब्सिडी के लिए 21 तक करें आवेदन

कानपुर देहात। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण अवनीश कुमार सिंह यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य पालन विभाग में संचालित निषाद राज बोट सब्सिडी योजना का लाभ लेने के लिए पात्रों से 21 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है।

उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत मत्स्य पालन करने वाले 0.40 हेक्टेयर या उससे अधिक क्षेत्रफल के तालाब के पट्टाधारक, मत्स्य आखेट के साथ नौकायन में लगे हुए मछुआ समुदाय के व्यक्ति पात्र होंगे। निषादराज बोट सब्सिडी योजना में 0.737 लाख की अधिकतम सीमा तक की वुडेन फिशिंग बोट या फाइबर रेनफोर्सड प्लास्टिक बोट, जाल, लाईफ जैकेट एवं आईस बॉक्स आदि पर 40 प्रतिशत अनुदान की सुविधा प्रदान की जाएगी।

बैठक | त्योहारों को लेकर डीएम-एसपी ने दिए निर्देश, डीएम बोले-अधिकारी मौके पर जाकर करें निरीक्षण

जुलूस के दौरान छोटे बच्चों पर रहेगी विशेष नजर

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। जनपद में त्योहार पंजिका में पंजीकृत पारंपरिक आयोजन ही पूर्व की तरह आयोजित किए जाएं। अधिकारी कही-सुनी बातों पर विश्वास ना करें और स्वयं निरीक्षण कर जायजा लें। यह निर्देश डीएम व एसपी ने मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में शांति एवं कानून व्यवस्था की बैठक में दिए।

गुरुवार को डीएम आलोक सिंह ने निर्देश दिए की ताजिया निर्धारित ऊंचाई में ही तैयार किए जाएं और विद्युत विभाग रूट चार्ट के अनुसार कार्ययोजना तैयार कर लाइनमैन की उपलब्धता प्रत्येक ताजिया स्थल पर सुनिश्चित करें। उन्होंने डीपीआरओ, सभी ईओ व एक्सईएन जल निगम को निर्देशित किया कि जनपद में पारंपरिक आयोजन के कार्यक्रम स्थलों एवं उसके क्रियांवयन के लिए तैयार किए गए रूट चार्ट पर कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न रहे। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल व अन्य व्यवस्थाएं दुरस्त रखें। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं को बनाएं। उन्होंने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए निर्देशित किया। डीएम ने कहा कि परिवहन के रूप में ट्रैक्टर ट्राली का प्रयोग पूर्णत वर्जित रहेगा। जुलूस में छोटे बच्चों पर विशेष देख-रेख रखी जाए और हो सके तो उन्हें शामिल न किया जाए।

बैठक में एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने सभी क्षेत्राधिकारियों को क्षेत्र में तैनात बीट आरक्षियों से रूट चार्ट प्राप्त कर संबंधित एसडीएम के साथ भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि अराजक तत्वों पर पूर्व से नजर रखते हुए कार्रवाई की जाए। बैठक में एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एएसपी राजेश पांडेय, सभी एसडीएम, सीओ समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कानून व्यवस्था को लेकर गुरुवार को बैठक करते डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति। अमृत विचार

एक नजर

युवक ने खुद ही ब्लेड से काट डाला प्राइवेट पार्ट

रसूलाबाद। थाना क्षेत्र के कहिंजरी में घरेलू कलह और मायके में रह रही पत्नी से अनबन हो जाने पर एक युवक ने बुधवार देर रात खुद ब्लेड से अपना संवेदनशील अंग काट डाला। परिजन उसे रसूलाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां अधिक रक्तस्राव होने के कारण उसे कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। पूरा मामला रसूलाबाद के भीखदेव कहिंजरी का है। यहां के विवेक शुक्ला (35) पुत्र हरिओम की शादी पांच वर्ष पहले कमसिया गांव निवासी सोनी के साथ हुई थी। बताते हैं कि विवेक पत्नी को मारता- पीटता था, जिससे आए दिन झगड़ा होता था। कहासुनी होने के बाद सोनी मायके चली गई। एक वर्ष से अधिक हो जाने पर विवेक ने फोन पर बात कर उसे मनाने की कोशिश की, लेकिन सोनी नहीं मानी। इससे नाराज विवेक ने ब्लेड से अपना प्राइवेट पार्ट काट डाला। चीख सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे और उसे फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां डॉ. बृजेश ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिंताजनक देख कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया।

शटर उठाकर दुकान में चोरी

कानपुर। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में सर्वेश विश्नोई की शिव मंदिर के पीछे दुकान है। उसमें चोर ने बुधवार देर रात शटर उठाकर चोरी की। पुलिस ने जांच की। परचून दुकानदार ने बताया कि चोरों ने उठाकर उसकी गुल्लक में रखे करीब 02-03 हजार रुपये निकाल लिए हैं। पुलिस ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा जा रहा रहा है।

चकेरी में बुजुर्ग ने बीमारी से ऊबकर दे दी जान

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में सफीपुर निवासी 65 वर्षीय कालिका प्रसाद अवस्थी उर्फ कल्लू ने बीमारी से ऊबकर घर के बगल में पड़ोसी के प्लॉट में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि वह 2018 में कूल्हे के ऑपरेशन के बाद से अवसाद में चल रहे थे। उन्होंने बुधवार देर रात घटना को अंजाम दिया।

गुरुवार को बारिश के बाद नानकारी में लोगों के घरों तक पानी भर गया। अमृत विचार

कर्रही रोड बनी तालाब, नानकारी में घरों के भीतर तक घुसा पानी

झमाझम बारिश से पॉश एरिया के साथ ही सोसायटी वाले मोहल्लों में जलभराव

- सर्वोदय नगर इलाके में महापौर प्रमिला पांडेय ने की सफाई अधिकारियों को फटकार

यहां भी जलभराव

पनकी के पास कपली, लौकपुरवा, रतनपुर, बहेड़ा, साकेत नगर, नौबस्ता, गुजैनी, दामोदर नगर, गोविंद नगर, परमपुरवा, टीपी नगर, मरियमपुर, खलवा पुल, ग्वालटोली, आर्य नगर में पानी भरने से लोग परेशान रहे।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गुरुवार भोर में हुई तेज बारिश से एक बार फिर पूरा शहर पानी में डूब गया। बर्रा बाईपास से खाड़ेपुर जाने वाला कर्रही मार्ग तो तालाब बन गया। सोसायटी क्षेत्रों में घरों तक पानी भर गया। बरसात के बीच महापौर प्रमिला पांडेय ने मुख्य अभियंता को लेकर नालों की हकीकत जानी तो जगह-जगह नाले उफनाये मिले। सर्वोदय नगर में तो महापौर ने खुद डंडे से नाली सफाई करने की कोशिश की। वहीं, नानकारी में तो जलभराव देव वह चकित रह गईं। यहां घरों के अंदर तीन फुट तक पानी भरा था। महापौर ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुये कहा कि पानी की निकासी की व्यवस्था की जाये। जब तक पानी न निकल जाये नाला सफाई जारी रखें।

बारिश के बाद महापौर ने वार्ड 27 नानकारी और वार्ड 64 सर्वोदय नगर में नाला व नाली सफाई का निरीक्षण किया। सर्वोदय नगर में स्वास्थ्य विभाग का नाला भरा देख महापौर प्रमिला पाण्डेय ने अफसरों की जमकर क्लास ली। मुख्य अभियंता सैय्यद फरीद अख्तर जैदी के साथ पहुंची महापौर यहां डंडा लेकर खुद ही नाला साफ करने लगीं, इसको देखकर नगर निगम की टीम नाला सफाई में जुट गई और आस-पास बने अतिक्रमण को भी हटा दिया। गुबा गार्डेन और सर्वोदय नगर में माडल रोड में जलभराव मिला। कई स्थानों पर नालों पर अतिक्रमण भी मिला। स्वास्थ्य विभाग की नालियां साफ नहीं मिलीं। महापौर ने मौके पर मुख्य अभियन्ता सैयद फरीद अख्तर जैदी को अतिक्रमण तोड़कर कर नाला सफाई कराने व पंप लगाकर जलभराव दूर करने के निर्देश दिये। जोनल स्वच्छता अधिकारी विजय शुक्ला को नालियां साफ कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण में महाप्रबन्धक जलकल आनन्द त्रिपाठी, अधिशाषी अभियन्ता जोन-6, आरके सिंह, अधिशाषी अभियन्ता जलकल मो. शमीम से कहा कि ऐसे में लोग कैसे रहेंगे।

सर्वोदय नगर में चोक नाली में बल्ली डालकर देखतीं महापौर। अमृत विचार

धंसा फुटपाथ, पार्षद ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गुरुवार दोपहर चकेरी थानाक्षेत्र में वार्ड 11 सफीपुर स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी के पास दोपहर में अचानक जीटी रोड किनारे फुटपाथ धंस गया। पार्षद विजय लक्ष्मी यादव ने पति मनोज यादव के साथ पहुंचकर लापरवाही का आरोप लगाकर धरना देना शुरू कर दिया। आरोप था कि जलकल विभाग की लापरवाही से फुटपाथ धंसा है। छह घंटे बाद मौके पर जलकल के जीएम पहुंचे और चोक लाइन की सफाई कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना समाप्त हुआ।

पार्षद पति मनोज यादव ने बताया कि पिछले कई वर्षों से रामादेवी से शंकर नगर जाने वाली लाइन चोक पड़ी हुई है। इसी चोक लाइन के ऊपर हाईवे का फुटपाथ भी बनाया गया है। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे लाइन चोक होने से अचानक फुटपाथ धंस गया और बड़ा सा गड्ढा हो गया। मनोज यादव ने बताया कि वे लगातार जलकल विभाग के अधिकारियों से लाइन की सफाई कराए जाने की मांग कर रहे थे। लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे थे। जिसके चलते फुटपाथ धंस गया। करीब शाम छह बजे जलकल के जीएम आनंद त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और लाइन साफ कराने का आश्वासन दिया।

पति के साथ धरने पर बैठी पार्षद विजय लक्ष्मी यादव ने नाराजगी जताई।

- चकेरी थाना क्षेत्र के वार्ड 11 सफीपुर में जीटी रोड किनारे लाइन चोक होने से समस्या
- जलकल महाप्रबंधक ने सफाई का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया

रस्सी से टूटी टोकरी बांध नाला सफाई ...

नाला सफाई अभियान में नगर निगम खानापूर्ति कर रहा है और मानसून की बारिश में पूरा शहर जलमग्न हो रहा है। नगर निगम में संसाधनों की कमी है या अधिकारियों में कार्य करने की इच्छाशक्ति की कमी। संसाधनों की बात करें तो सिविल लाइंस में बिना मास्क लगाये श्रमिक रस्सी से टूटी टोकरी बांधकर नाला सफाई करते हुए दिख रहे हैं और टूटी कूड़े की गाड़ी पर ताला लटक रहा है। कागजों पर सब ठीक है। फोटो -मनोज तिवारी

सार-संक्षेप

मुगल रोड के किनारे खड्ड में पलटी पड़ी डीसीएम। अमृत विचार

डीसीएम ने ट्रैक्टर ट्राली में मारी टक्कर, चालक घायल

मूसानगर। मुगल रोड पर डीसीएम ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। इसके बाद दोनों वाहन खड्ड में जा गिरे। हादसे में ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। अकबराबाद मोड़ के आगे करौंदिया नाले के पास मुगल रोड में डीसीएम ने ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद वाहन खड्ड में जा गिरे। हादसे में ट्रैक्टर चालक अबराबाद निवासी मुनेंद्र कुमार (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएससी पुखरायां भेजा। वहीं डीसीएम चालक को हिरासत में लिया गया। डीसीएम चालक राजू यादव ने बताया कि वह ग्रीस लाद कर प्रयागराज से झांसी जा रहा था। तभी अकबराबाद के आगे करौंदिया नाले के पास हादसा हो गया। उपनिरीक्षक नंदलाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

भवन खंडहर में तब्दील, आवास में चल रहा कैश काउंटर

रूरा। कस्बे के विद्युत वितरण उपखंड में बना कैश काउंटर अनदेखी का शिकार होकर खंडहर में तब्दील हो गया है। जिसके चलते कैश काउंटर आवासों में चल रही और अफसर भी वहीं बैठते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं। रूरा कस्बे स्थित विद्युत उपखंड में करीब तीन दशक पूर्व बने भवन अनदेखी के चलते खंडहर में तब्दील हो रहे है। पूर्व में कई बार कर्मचारी चुटहिल भी हुए हैं। फिर भी जिम्मेदारों को कोई ख्याल नहीं है। इस खंडहर पड़े भवन में पहले बिजली बिल जमा करने का कैश काउंटर संचालन के साथ ही अधिकारी भी बैठते थे, लेकिन भवन जगह-जगह टूटा होने और बरसात में पानी टपकने की वजह से कैश काउंटर अब बिजली विभाग के कर्मचारियों के लिए बने आवास में संचालित किया गया है। अन्य कर्मचारियों के लिए बैठने की कोई समुचित व्यवस्था भी नहीं है। अधिकारी भी पास के एक आवास में बैठ रहे हैं। इस बावत एसडीओ रूरा राकेश कुमार सोनी ने बताया कि खंडहर भवन से संबंधित कई बार पत्राचार मुख्य अभियंता और अधिशाषी अभियंता सिविल को किया जा चुका है। लेकिन फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो सकी है।

रूरा में विद्युत वितरण उपखंड का जर्जर भवन।

फाल्ट ठीक करते लाइनमैन करंट से झुलसा

संवाददाता, रूरा

अमृत विचार। शिवली रोड पर एक प्रतिष्ठान के पास फाल्ट ठीक कर रहा आउटसोर्स लाइनमैन करंट की चपेट में आकर खंभे से नीचे गिर गया। सह कर्मी घायल को सीएचसी रूरा ले गए। वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गुरुवार की शाम आउटसोर्स लाइनमैन भटौली निवासी रामजी तिवारी शिवली पेट्रोल पंप के समीप दूध डेयरी के पास एचटी लाइन पर शट डाउन लेकर फाल्ट ठीक कर रहा था। तभी अचानक विद्युत लाइन में करंट आ गया। जिससे रामजी झटका लगने पर खंभे से नीचे जा गिरा। साथी कर्मी उसे सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर सुनील कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उस जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया। जेई रूरा संतोष कुमार भारती ने बताया कि जेनरेटर की वापसी लाईट से करंट लगने से आउटसोर्स लाइनमैन झुलस गया है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज चल रहा है।

करंट से झुलसे आउटसोर्स लाइनमैन का उपचार करते चिकित्सक। अमृत विचार

बिना सेफ्टी बेल्ट फाल्ट ठीक कर रहा था कर्मी

संविदा लाइनमैन बिना सेफ्टी बेल्ट के खंभे पर चढ़ कर फाल्ट ठीक कर रहा था। जिस कारण करंट लगने से वह खंभे के ऊपर से सीधे नीचे आ गिरा। क्षेत्र में लगभग सभी लाइनमैन बिना सेफ्टी बेल्ट के कार्य करते है और सुविधाएं ना मिलने हादसे का शिकार हो जाते है। वहीं आउटसोर्सिंग से होने के कारण हादसे के बाद विभाग अपना पल्ला झाड़ लेता है।

स्कूलों में मनाया जाएगा बच्चों का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- महीने के अंतिम शनिवार को मनेगा जन्मदिन उत्सव

अमृत विचार। परिषदीय स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ बच्चों का पंजीयन व उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। शिक्षक नियमित रूप से अभिभावकों से संवाद कर रहे हैं। माह में एक बार होने वाली बैठक में भी उन्हें बुलाया जा रहा है। बच्चों का विद्यालय से जुड़ाव बढ़ाने के लिए अब उनका जन्मदिन भी मनाया जाएगा। यह आयोजन प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को होगा। उस दिन उस माह में जन्म लेने वाले सभी बच्चों का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

परिषदीय स्कूलों में बच्चों के जन्मोत्सव पर उनके माता-पिता को भी आमंत्रित किया जाएगा। यह सब बच्चों की स्कूल में उपस्थिति बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। इसके तहत ग्रीष्मावकाश व शीतकालीन अवकाश में घर पर सीखने की क्षमता बढ़ाने के लिए भी बच्चों को गृह कार्य दिए जाएंगे। आवश्यकता के अनुसार प्रोजेक्ट कार्य भी कराने होंगे। बीएसए ने बताया कि बच्चों की नियमित उपस्थिति स्कूलों में बढ़ने पर ही शैक्षिक स्तर बढ़ेगा। निजी स्कूलों की तरह प्रत्येक विद्यालय वार्षिकोत्सव, बच्चों का जन्मदिन मनाने के साथ-साथ छात्रों को स्कूलों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। नए सत्र में अभिभावक शिक्षक बैठक में नियमित उपस्थित होने वाले बच्चों के अभिभावकों की विशेष सराहना की जाएगी।

जहरीले कीड़े के काटने से मौत

मंगलपुर। सुबह खेत पर धान की पौध देखने गए किसान की जहरीले कीड़े के काटने से अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर गांव के रहने वाले प्रेमचंद (35) खेत में धान की बेल को देखने गए थे और बैठकर घास उठाने लगे। इसी दौरान हाथ में जहरीले कीड़े ने काट लिया। जानकारी पर परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल औरैया ले गए। जहां डॉक्टर ने किसान को मृत घोषित कर दिया। क्षेत्रीय लेखपाल धर्मेश बाजपेई ने बताया कि रिपोर्ट बनाकर प्रशासन को भेजी जा रही है।

कैश और जेवरात छीनने का आरोप

संवाददाता, रसूलाबाद

- पति के साथ शादी में शामिल होकर लौट रही थी महिला
- बाइक सवारों पर आरोप पुलिस मान रही संदिग्ध

अमृत विचार। शादी में शामिल होकर घर लौट रही महिला ने बाइक सवार दो युवकों पर आभूषण व रुपयों भरा बैग छीनने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले को संदिग्ध बताते हुए छानबीन कर रही है।

चित्ता निवादा निवासी रेखा देवी ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह अपने पति राजकुमार के साथ मगंलवार को अड्डा पुरवा निवासी रिश्तेदार राजाराम के घर शादी समारोह में गई थी। बुधवार को वापस चित्ता निवादा घर जा रही थी। वह पति के साथ अड्डा पुरवा से ऑटो द्वारा बंदराहा तक आई। इसके बाद पैदल घर की तरफ जाने लगी। तभी बैरीसाल के निकट खड़ंजा के पास बने शिव मंदिर के निकट पहले से ही बाइक लिए खड़े दो युवकों ने उनसे रसूलाबाद जाने के लिए रास्ता पूछा।

आरोप है कि इसी दौरान युवकों ने कोई दवा निकाल कर चेहरे पर डाल दी। जिससे महिला बेहोशी की हालत में जाने लगे। आरोप है कि युवकों ने उनसे छीनाझपटी कर रुपयों भरा पर्स, एक जोड़ी पायल, कान के झाले व मंगलसूत्र लेकर रसूलाबाद की तरफ भाग निकले। उस दौरान पति लघुशंका करने गए हुए थे। मामले में उप निरीक्षक देवनारायण द्विवेदी ने बताया कि पूरा मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। पूरे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जेवरात और नकदी छीनने के बारे में जानकारी देती महिला व उसका पति।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

पहले मेरा नाम AKASH था अब मैंने बदलकर अपना नाम AKASH RAJBHAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये S/O: JIYALAL R/O-SADHAN PATTI BENI GAURA,AZAMGARH

सूचना

मैंने अपने पुत्र गुलजार व पुत्रवधू जीनत को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। दोनों के द्वारा किए गए लेनदेन, वाद, विवाद, क्रिया कलाप व मुकदमें बाजी से मेरा कोई सरोकार व वास्ता नहीं है। इसके यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। शहनाज बेगम पत्नी बाबू खां निवासी–मो. किदबई नगर, दरगाह वाली गली, कस्बा व थाना छिबरामऊ, कन्नौज

सूचना

सूचित हो कि मैं **कौशिल्या देवी पत्नी श्री गुलाब सिंह, निवासी –ग्राम हूम पो0 नलायना तहसील सरकागत जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश पिन** 175026, मेरा गलत नाम कौशला देवी है तथा सही नाम कौशिल्या देवी है। मै कौशिल्या देवी व कौशला देवी उपरोक्त दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ तथा अब कौशिल्या देवी उपरोक्त नाम से भविष्य में जानी व पहचानी जाय।

सूचना

सूचित हो कि भारतीय जीवन बीमा निगम की पालसी संख्या 214809395 मे मेरा नाम मीनाक्षी सिंह है, जो कि मेरा घरेलू नाम है। आधार कार्ड व शैक्षणिक अभिलेखों में तान्या सिंह अंकित है, इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **तान्या सिंह पुत्री स्व0 मनोज कुमार सिंह व माता का नाम ममता सिंह, 1595, नवीपुर, सुल्तानपुर सिटी, सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश – 228001**

सूचना

सूचित हो कि भारतीय जीवन बीमा निगम की पालसी संख्या 214810376 मे मेरा नाम स्वाती सिंह है, जो कि घरेलू नाम है। आधारकार्ड व शैक्षणिक अभिलेखों में मान्या सिंह अंकित है, इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **मान्या सिंह पुत्री स्व मनोज कुमार सिंह व माता का नाम ममता सिंह, 1595, नवीपुर, सुल्तानपुर सिटी, सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश –228001**

सूचना

सूचित हो कि मै मेरे पुत्र के स्कूल अभिलेखों में त्रृटिवश उसका नाम अशीष मेहता (ASHEESH MEHTA) अंकित हो गया है जबकि उसका सही नाम उसका सही नाम आशीष मेहता (ASHEESH N. MEHTA) जन्मतिथि –18/04/2010 है जोकि आधार कार्ड में भी अंकित है अतः मेरे पुत्र के स्कूल अभिलेखों में उसका सही नाम (ASHEESH N. MEHTA) अंकित किया जाय। **राजीव मेहता पुत्र डा0डी0आर0 मेहता, निवासी– 2/727, सेक्टर–एच, जानकीपुरम् लखनऊ**

सूचना

सूचित किया जाता है कि प्रार्थी **मोहम्मद कलीम पुत्र अब्दुल अलीम, निवासी– मोहल्ला चाईंटोला कस्बा व थाना नवाबगंज** का स्थाई निवासी है। प्रार्थी का पासपोर्ट संख्या M 55 84091 त्रुटिवश कलीम पुत्र अब्दुल अलीम के नाम से निर्गत हो गया है, जबकि आधार कार्ड में मोहम्मद कलीम पुत्र अब्दुल अलीम अंकित है। अतः पासपोर्ट में प्रार्थी का नाम कलीम के स्थान पर मोहम्मद कलीम अंकित किया जाना आवश्यक है।

निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान गर्भवती की मौत

संवाददाता, रसूलाबाद

अमृत विचार। निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान गर्भवती की मौत हो गई। अधिक रक्तस्राव से मौत होने की बात सामने आई है। सीएचसी से उसे हैलट रेफर किया गया था, लेकिन आशाबहू ने उसे निजी अस्पताल पहुंचा दिया।

पहाड़ीपुर निवासी देवशरण गुरुवार को अपनी पत्नी मंजू (30) को गांव की आशाबहू श्रीदेवी के साथ लेकर दोपहर में सीएचसी पहुंचा, जहां महिला डॉक्टर न होने के कारण स्टॉफ नर्स ज्योति और रीमा ने जांच की और बताया कि बच्चे की धड़कन नहीं है। रक्तस्राव भी हो रहा था। खून सिर्फ 6.4 ग्राम था। डॉ. बृजेश ने उसे हैलट रेफर कर दिया। घबराए परिजन आशाबहू श्रीदेवी के कहने पर एसजी हेल्थ केयर सेंटर ले गए, जहां प्रसव कराने के लिए 20 हजार रुपये की मांग की गई। कुछ पैसा जमा कराकर प्रसव कराया गया, लेकिन बच्चे की मौत हो गई। थोड़ी देर बाद अस्पताल प्रबंधन ने 25,000 रुपये की मांग की। इसके बाद मंजू ने भी दम तोड़ दिया। डॉ. स्वप्निल सिंह ने बताया कि बच्चे की धड़कन नहीं चल रही थी। मंजू अल्ट्रासाउंड कराने आई थी। रक्तस्राव अधिक हो रहा था। कन्हाई छटकने के कारण गर्भ में ही बच्चे की मौत हो गई थी।

नाराजगी जताई | एडीओ समाज कल्याण की जांच में पुष्टि, सीडीओ को स्थानांतरण का भेजा गया पत्र

धरने पर बैठीं यहायता समूह की महिलाएं

संवाददाता, संदलपुर

अमृत विचार। अभद्रता व रुपये मांगने के आरोपों की जांच में पुष्टि होने के बावजूद कार्रवाई न होने पर स्वयं सहायता समूह की महिलाएं ब्लाक परिसर में धरने पर बैठ गई। इससे अधिकारियों की आवाजाही बंद हो गई। बीडीओ ने बीएमएम का ब्लाक से स्थानांतरण करने के बावत सीडीओ को पत्र भेजा है।

संदलपुर ब्लाक की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बीती एक जुलाई को ब्लाक परिसर में प्रर्दशन कर ब्लाक मिशन मैनेजर सुनीत तिवारी पर पैसे मांगने व अभ्रदता का व्यवहार किए जाने का आरोप लगाकर बीडीओ से शिकायत कर ऑडियो सौंपे थे। इसकी जांच बीडीओ संदलपुर ने एडीओ समाज कल्याण को सौंपी थी। जांच के दौरान महिलाओं द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि होने पर बुधवार को एडीओ ने बीडीओ को जांच रिपोर्ट सौंपी थी।

वहीं ब्लॉक में प्रदर्शन के दौरान बीडीओ ने कार्रवाई के लिए दो दिन का समय मांगा था। समय पूरा होने के बाद महिलाओं ने गुरुवार को ब्लॉक के मुख्य गेट पर बैठकर अधिकारियों की आवाजाही बंद कर दी। समूह की महिलाओं का कहना था कि जब तक कार्रवाई नहीं होगी वह धरने पर बैठेंगी। इस बावत बीडीओ संदलपुर डीपी यादव ने बताया कि समूह की महिलाओं द्वारा की गई शिकायतों की पुष्टि होने पर ब्लाक मिशन मैनेजर को आवंटित गांवों से हटाकर ब्लाक में संबद्ध किया गया है। ब्लाक से स्थानांतरण करने के लिए सीडीओ को पत्र भेजा गया है।

संदलपुर ब्लाक परिसर में धरने पर बैठीं सहायता समूह की महिलाएं। अमृत विचार

नया कानून: वकीलों को करनी पड़ रही माथापच्ची

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। देशभर में भारत सरकार के द्वारा बनाए गए नए कानून एक जुलाई से प्रभावी हो गए हैं। पुलिस से लेकर अधिवक्ताओं में नए कानूनों को लेकर विचार विमर्श होता रहा। बुधवार को अधिवक्ता पुराने कानून व नए कानूनों के प्रावधानों पर चर्चा करते नजर आए।

अधिवक्ताओं ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में अधिक जानकारी नहीं होने से भ्रम की स्थिति रही। कानून प्रभावी होने के बाद यह समझाना होगा कि यह आम आदमी को न्याय दिलाने में कितने प्रभावी होंगे। कई अधिवक्ताओं का मानना था कि यह कानून विस्तृत विचार विमर्श के बाद लाए जाते तो ज्यादा बेहतर होता। पुराने कानूनों में भी संसोधन किया जा सकता था। अधिवक्ता अब नए कानूनों की समीक्षा कर रहे हैं।

- एक जुलाई से पूरे देश में लागू हुए नए कानून को लेकर अभी असमंजस
- कचहरी में नए एवं पुराने कानूनों को लेकर चर्चा करते दिख रहे अधिवक्ता

क्या बोले अधिवक्ता

भारत सरकार के द्वारा नए कानून एक जुलाई से ही प्रभावी हुए हैं। अधिवक्ता इन कानूनों पर चर्चा कर रहे हैं। कानूनों के संबंध में चर्चा के बाद ही उनके संबंध में कुछ कहा जा सकता है।

–राजेश कुमार, अधिवक्ता

भारत सरकार के द्वारा लागू किए गए कानून में महिलाओं, बच्चों व बुजर्गों के लिए प्रावधान किए गए हैं, जिससे उन्हें न्याय सुगम व जल्द मिलेगा। फिलहाल अधिवक्ता कानूनों के बारे में विचार विमर्श में जुटे हैं।

–संजय प्रताप सिंह, अधिवक्ता

लागू किए गए तीनों कानून में एक्ट के नाम बदलकर धाराओं में फेरबदल किया गया है। इनमें से आईपीसी की कुछ धाराओं पर अधिवक्ताओं का विरोध है। अधिवक्ता नए कानूनों का अध्ययन कर या फिर बार कांउसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के निर्देशों का पालन करेंगे।

–कमलेश उमराव, अधिवक्ता

भारत सरकार के द्वारा लागू किए गए कानूनों पर विचार विमर्श नहीं हुआ है। इन कानून में पुलिस को काफी शक्ति दी गई है। जिससे कानून की आड में पुलिस के दुर्व्यवहार की घटनाएं बढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

–सविता यादव, अधिवक्ता

महिला ने जहरीला पदार्थ खाया, मौत

फतेहपुर। परिवारिक कलह के चलते महिला ने ज़हरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लिया। घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। घटना की जानकारी होने पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के शहाबउद्दीनपुर गांव निवासी अजीज की पत्नी किस्मतुन ने परिवारिक कलह के चलते ज़हरीला पदार्थ ख़ाकर खुदकुशी कर ली।

घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के भांजे अनवर ने घटना की जानकारी दी।

तापमान में गिरावट, उमस ने किया बेहाल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जुलाई माह में मानसून की दस्तक के बाद भी उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। गुरुवार को भी बदली के बीच निकली धूप के चलते बढ़ी उमस से लोग बेहाल रहे। जबकि बिजली की कटौती व ट्रिपिंग उपभोक्ताओं को बेचैन किए रही। दोपहर में पारा सामान्य से साढ़े तीन डिग्री नीचे गिर गया। जबकि बुधवार की रात में बादल हट जाने से ठंडी हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

कुछ स्थानों पर महज बूंदाबांदी होने से किसान खासे निराश हैं। वहीं बदली के बीच निकल रही धूप से बढ़ने वाली उमस लोगों को बेचैन कर रही है। इधर तापमान में भी उतार चढ़ाव जारी है। ऐसे में हर किसी को अब झमाझम बारिश का बेसब्री से इंतजार है। बुधवार रात में पारा सामान्य से करीब पौने दो डिग्री



नीचे गिरकर 24.6 डिग्री पर पहुंच गया। इसके बाद भी उमसभरी गर्मी कम नहीं हुई। गुरुवार को आसमान में बदली व ठंडी हवा के साथ दिन शुरू हुआ, लेकिन बदली के बीच निकली चिलचिलाती धूप ने उमस बढ़ा दी। दोपहर में पारा सामान्य से पौने चार डिग्री नीचे गिरकर 30.0 डिग्री पर पहुंचने के बाद भी उमस से लोगों को राहत नहीं मिल सकी। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अभी मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा। आसमान में बदली रहने के साथ ही तेज हवाएं चलने तथा 8 जुलाई तक गरज चमक के साथ मध्यम व भारी बारिश होने की संभावना है।

खेती-बाड़ी के काम में जुट गए किसान

पिछले हफ्ते हुई बारिश के बाद खरीफ की फसलों की तैयारी में किसान जुट गए हैं। इसके चलते खेतों में जुताई के साथ ही दलहनी तिलहनी फसलों व मक्का आदि की बोआई की तैयारी में किसान जुटे हैं। इधर ठीक ठाक बारिश नहीं होने से धन की तैयारी में हो रही देरी से चिंतित किसानों ने नलकूपों व रजबहों से खेतों में पानी भरने के बाद धान की रोपाई का काम हुआ।

बीमार हो रहे लोग

उमसभरी गर्मी से उल्टी-दस्त बुखार का प्रकोप तेजी से पांव पसार रहा है। बड़ी संख्या में मरीज प्रतिदिन जिला अस्पताल में इलाज को आ रहे हैं। मरीजों की भीड़ बढ़ने से यहां इलाज व जांच की महज खानापूरी हो रही है। गुरुवार को भी यहां की ओपीडी में 875 नए मरीज इलाज कराने पहुंचे। पर्चा बनवाने व डॉक्टर को दिखाने के लिए घंटों लाइन में लगने के बाद मरीजों को दवा लिखकर टरका दिया गया।

एक नजर

पति-पत्नी में हुआ समझौता

फतेहपुर। पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसलिंग की कार्रवाई में गुरूवार को प्रभारी निरीक्षक संगीत सिंह व उप निरीक्षक कीर्ति गुप्ता और काउंसलर सदस्य मंजू शुक्ला और साधना देवी द्वारा एक मामले में समझौता कराया गया। इस मौके पर मुख्य आरक्षी उमेश कुमार सिंह व ममता शर्मा मौजूद रहे।

फरार आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। गाजीपुर पुलिस ने खेसहन गांव निवासी रामकरन रैदास पुत्र विजयी रैदास और विजयी रैदास पुत्र स्व. भुइयादीन के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से दोनों फरार चल रहे थे। गुरूवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

55 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर गुरूवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 55 वाहनों का चालान कर एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं 15 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

हर बाढ़ चौकी पर डॉक्टर और टीम तैनात करेगा स्वास्थ्य विभाग

तीन तहसीलों के 11 सीएचसी-पीएचसी के आसपास रहता है बाढ़ का खतरा

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। मानसून से पहले स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। बारिश के बाद अलग-अलग क्षेत्रों में बाढ़ व जलभराव के कारण मच्छरों और बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। विभाग ने मानसून से पहले 28 बाढ़ राहत चौकियां एक्टिव कर दवाओं के इंतजाम के साथ ही डाक्टर व स्टाफ की रोस्टरवार ड्यूटी लगा दी है।

तीनों तहसीलों के 11 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के आसपास बारिश के बाद बाढ़ या जलभराव के हालात हर साल पैदा हो जाते हैं। कई स्थानों में जलभराव के बीच आवागमन बंद होने के बाद लोगों को कई दिनों तक जहरीले कीड़ों के काटने का डर बना रहता है। गंगा और यमुना किनारे के दो दर्जन से ज्यादा गांवों में बारिश से पहले ही लोगों में डर समा जाता है। मलेरिया, डेंगू की रोकथाम के लिए मच्छरों का प्रकोप थामने के साथ ही संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। महकमे ने अबकी बार 28 बाढ़ चौकियां सक्रिय कर डाक्टर व स्टाफ की इतनी ही टीमें गठित कर दवाओं के इंतजाम के साथ रोस्टरवार ड्यूटी लगाई है।

आपातकाल के लिए नम्बर भी जारी हुए

- 9415436146 नोडल अधिकारी
- 9455568878 कंट्रोल रूम प्रभारी

- सक्रिय होंगी 28 बाढ़ चौकियां, रोस्टरवार लगेगी ड्यूटी

यहां बनाई गईं बाढ़ चौकियां

खागा तहसील में कोट, दामपुर, ऐराई, गुरवल, किशनपुर, गढ़ा, कोतला, नौबस्ता व रसूलपुर भंडरा में बाढ़ चौकी स्थापित की गई हैं। इसी तरह बिन्दकी तहसील में शिवराजपुर, आशापुर, मदोकीपुर, गुनीर, कोटिया, कौड़िया गलाथा, दपसौरा, चांदपुर, बिन्दौर, मौहारी और सदर कोतवाली में भिटौरा, जमरावां, दशहरी, असोथर, देवलान, दतौली, कोर्राकनक, मैनाही का डेरा कोर्राकनक और ललौली में बाढ़ चौकी बनी है।

रैपिड रिस्पांस की तीन टीमें करेंगी निगरानी

बाढ़ चौकी और संक्रामक बीमारियां फैलने पर रैपिड रिस्पांस टीमें निगरानी करेंगी। इसके लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। पहली टीम सुबह आठ से दोपहर दो बजे, दूसरी दोपहर दो से रात आठ और तीसरी टीम रात आठ से सुबह आठ बजे तक निगरानी करेगी।

> बाढ़ राहत चौकियों में डेंगू, मलेरिया जांच के साथ दवाओं की सहूलियत मिलेगी। बुखार, खांसी डायरिया, एलर्जी, उल्टी-दस्त की दवा की व्यवस्था है।
>
> –डॉ. इश्तियाक अहमद, सीएमओ

कार खराब होने से डीजल चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

औंग। हाईवे में बुधवार को एक नीले रंग की कार हाइवे में खराब हो गई। लोगों ने शक के आधार पर औंग पुलिस को फोन से सूचना दी। पुलिस ने खड़ी कार की तलाशी ली तो डीजल चोरी के उपकरण बरामद हुए। कार सहित तीन लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस छानबीन शुरू कर दी है। उधर, कल्यानपुर थाने के पास हाईवे किनारे खड़े ट्रक से रात में अज्ञात लोगों के द्वारा दो सौ लीटर डीजल की चोरी कर करीब 20 हजार रुपए का चूना लगा दिया। ट्रक चालक गुड्डू निवासी मत्सेनवा जिला छपिया प्रांत हरियाणा की गाड़ी हाइवे में मंगलवार की रात थाने के पास खड़ी थी। तभी अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने तेल की चोरी की। आशंका है कि औंग पुलिस की हिरासत में जो तीन लोग हैं। उन्होंने ही घटना को अंजाम तो नहीं दिया। थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए लोगों से पूछताछ चल रही है।

सार-संक्षेप

अब ऑनलाइन हाजिरी में नहीं चलेगा सिम का बहाना

फतेहपुर। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को दिए गए टैबलेट में सिम न होने का झंझट खत्म कर दिया गया है। शासन से भेजे गए सिम सभी को वितरण कर दिए गए हैं। अब ऑनलाइन हाजिरी व अन्य विभागीय काम निपटाएंगे जाएंगे। लम्बे समय से शिक्षकों को आनलाइन हाजिरी के लिए शासन से निर्देश दिए जा रहे हैं। लेकिन शिक्षक संगठन के पदाधिकारी इसका लगातार विरोध करते रहे। शासन द्वारा सभी विद्यालयों को टैबलेट भी उपलब्ध करा दिए गए। इसके बाद संगठन के पदाधिकारी इसमें सिम और डाटा की मांग करने लगे। अब शासन द्वारा सिम एवं डाटा की भी व्यवस्था कर दी गई है। अब माना जा रहा है कि सभी शिक्षकों को आनलाइन हाजिरी के साथ स्कूल में बनने वाले सभी 14 रजिस्टर को खत्म करके डिजीटलीकरण किया जा सकेगा। सभी 13 विकास खंडों में कार्यरत समस्त खंड शिक्षा अधिकरियों को इसके लिए दिशा निर्देश जारी हो चुके हैं। सिम विद्यालयों में उपलब्ध कराये गये टेबलेट में प्रयोग होगा। जिसमें विद्यालय में प्रयोग की जाने वाली पंजिकाओं का डिजिटलाइजेशन किया जा सकेगा। बीएसए भारती त्रिपाठी ने कहा सभी शिक्षकों की 15 जुलाई से आनलाइन हाजिरी शुरू हो जाएंगी।

किसानों को अनुदान पर दिए जाएंगे कृषि यंत्र

फतेहपुर। कृषि कार्य में सहूलियत के लिए किसानों को शासन द्वारा अनुदान पर कृषि यंत्रों का वितरण किया जाएगा। इसको लेकर वह 16 जुलाई तक ऑनलाइन टोकन निकाल कर बुकिंग कर सकेंगे। चयन होने के बाद निर्धारित समय के अंदर उनको कृषि यंत्रों की खरीद करनी होगी। अन्यथा की स्थिति में उनका चयन निरस्त कर दिया जाएगा। एक लाख तक के अनुदान वाले कृषि यंत्रों पर ढाई हजार तक की जमानत राशि जमा करनी होगी। शासन द्वारा किसानों को सहूलियत के लिए प्रतिवर्ष विभिन्न प्रकार की कृषि यंत्र अनुदान पर मुहैया कराए जाते हैं। इनमें सुपर सीडर, सुपर एक्स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम, बेलिंग मशीन, फर्टिलाइजर ड्रिल से लेकर तमाम कृषि यंत्र शामिल हैं। कस्टम हायरिंग सेंटर पर किसानों को 80 फीसदी तक अनुदान दिया जाएगा जबकि फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इसको लेकर 16 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेंगे।

महिला ने फांसी लगाकर दी जान

फतेहपुर। एक महिला ने संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। पुलिस मृतका के शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। बकेवर थाना क्षेत्र के दूबेपुर गांव निवासी लल्लू सविता की पत्नी पूनम देवी ने घर के अंदर सन्दिग्ध अवस्था मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे गाजीपुर थाना क्षेत्र के पखरौली गांव निवासी पिता विजय पाल ने किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया।

किशोरी को ले जाने पर रिपोर्ट दर्ज

फतेहपुर। किशनपुर क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी को हुसेनगंज थाना क्षेत्र के भिटौरा गांव निवासी एक युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। जिस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। किशनपुर थाना के गढ़ा क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने किशनपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को हुसेनगंज थाना क्षेत्र के भिटौरा गांव निवासी शिवम रैदास पुत्र छोटेलाल रैदास 27 जून को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। जिसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन कोई पता नहीं चला है जिस संबंध में किशनपुर पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुट गई है।

महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर गुरूवार को सभी थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-4 अभियान व ऑपरेशन जागृति चलाया गया। जहां महिलाओं, बालिकाओं से वार्ता कर ऑडियो, वीडियो, पंपलेट के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

पसंद का गाना नहीं बजा तो भिड़े बाराती

संवाददाता फतेहपुर

- जमकर चले लाठी-डंडे और लात-घूंसे

अमृत विचार। बारात में गए बाराती आगवानी के दौरान डांस करने को लेकर आपस में भिड़ गए। इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

ललौली थाना क्षेत्र के जिन्दपुर टोल प्लाजा के पास एक गेस्ट हाउस में पास के गांव से बारात गई हुई थी। आगवानी के दौरान गाने को लेकर आपस में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर बारातियों के बीच दो गुटों में जमकर लाठी डंडे चले। टोल प्लाजा के पास मारपीट होने से काफी देर तक गाड़ियों का जाम भी लग गया। इस बीच किसी व्यक्ति ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। बारातियों के बीच शुरू हुई मारपीट के बाद लड़की पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और मारपीट करने वाले लोगों को अलग करते हुए मामले को शान्त कराया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किसी तरह से बाराती आपस में मारपीट कर रहे हैं। बारात में गए एक युवक भोले ने बताया कि अगवानी के दौरान डीजे में मनपसंद गाने पर डांस को लेकर आपस में मारपीट शुरू कर हो गई।दो लोगों को चोट आई है। थाना प्रभारी ने बताया कि जिन्दपुर टोल प्लाजा के पास एक गेस्ट हाउस में बारातियों के बीच मारपीट की सूचना पर चौकी प्रभारी बहुआ मौके पर गए थे लेकिन किसी ने कोई तहरीर नहीं दी।

सर्पदंश से युवक की हो गई मौत

फतेहपुर। बुधवार की देर शाम एक युवक को ज़हरीले सांप ने काट लिया। परिजनों को जानकारी हुई तो उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर इलाज कर रहे थे तभी उसकी मौत हो गई।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के सेवरामऊ गांव निवासी परशुराम का पुत्र गणेश घर पर ही पान मसाले आदि की दुकान किये हुए था। देर शाम दुकान पर उसको ज़हरीले सांप ने काट लिया। परिजनों को जानकारी हुई तो तुरंत घटना की सूचना एंबुलेंस को दिया।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर उसका इलाज कर रहे थे तभी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के बड़े भाई रंजीत ने घटना की जानकारी दी।

कोचिंग से युवाओं को मिलेगा संबल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग से युवाओं की राह आसान हो सकेगी। बीते दिन बुधवार को जिलाधिकारी सी.इंदुमती के मार्गदर्शन में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग के सत्र 2024-25 की कक्षाओं की शुरुआत सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में दीप प्रज्वलित कर की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि समय से कक्षाओं में प्रतिभाग करें। विषय-विशेषज्ञों द्वारा जो भी पाठ्यक्रम पढ़ाया जाए उसे पूरे मनोयोग से पढ़ें ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं में आप लोगों का चयन हो।

वहीं श्वेता सिंह डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु व रोहन तिवारी चयनित किए गए। आईएफएस द्वारा भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण टिप्स दिये गये। साथ ही छात्र-छात्राओं के द्वारा पूछे गये प्रश्नों के भी उत्तर दिये गये। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), जिला समाज कल्याण अधिकारी, श्वेता सिंह डिप्टी कलेक्ट्रर प्रशिक्षु, रोहन तिवारी चयनित आईएफएस एवं कोचिंग के प्रभारी आदि मौजूद थे।

गरीब बच्चों के लिए वरदान

जिला समाज कल्याण अधिकारी अवनीश कुमार यादव ने बताया कि सरकार मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के माध्यम से हर गरीब, पिछड़े एवं दूरस्त अंचलों में निवास कर रहे प्रतियोगियों को एक व्यापक प्लेटफार्म प्रदान कर रही है। जनपद के छात्रों को तैयारी के लिए किसी भी प्रकार के संसाधनों का अभाव नहीं होने दिया जाएगा।

निशुल्क पुस्तकालय भी

बताया गया कि छात्रों को कोचिंग के साथ ही नि:शुल्क पुस्तकालय का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है। सभी प्रतियोगी छात्र पूरी ईमानदारी के साथ अपने लक्ष्य को निर्धारित करें और तैयारी करें। विभिन्न विषय विशेषज्ञों के माध्यम से निश्चित समय सीमा के अन्तर्गत पाठ्यक्रम पूर्ण कराया जायेगा। सभी छात्र मेहनत करे व सफल होकर के अपने परिवार एवं जनपद का नाम रोशन करें। योजना के अंतर्गत पंजीकृत 329 प्रतियोगी अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्ययोजना बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों का स्कूल में होगा पुन: दाखिला

अभियान चलाकर पढ़ाए जाएंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- परिषदीय शिक्षक पहुंचेंगे बच्चों के घर तक
- शिक्षकों ने जिले में 144 बच्चों को किया है चिह्नित

अमृत विचार। परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे जो बीच में ही पढ़ाई छोड़ जाते हैं, उन्हे दोबारा स्कूल लाया जाएगा और उनका नामांकन कराया जाएगा। इन बच्चों की पढ़ाई फिर से शुरु कराई जाएगी। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने योजना बनाई है और इस योजना के तहत अभियान चलाया जाएगा। अभियान 15 जुलाई तक पूरा किया जाना है। जिससे ऐसे बच्चों को चिन्हित कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। अब तक शिक्षकों द्वारा जिले में 144 ऐसे बच्चों को खोज निकाला है।

पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की संख्या को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने इनकी संख्या कम करने पर जोर दिया है। हालांकि पिछले दिनों इस संख्या में कमी भी आई है। अब ऐसे बच्चों का दोबारा नामांकन कराया जाएगा। जिला समन्वयक अखिलेश सिंह ने बताया कि बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों को चिह्नित कर उनका पंजीकरण व नामांकन कराने के लिए कार्य किया जा रहा है।

घर-घर जाएंगे शिक्षक

अभियान में सभी शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व डीएलएड, बीटीसी प्रशिक्षुओं को घर-घर जाकर सर्वे करना होगा। उच्चाधिकारियों ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एसआरजी तथा एआरपी को जरुरी निर्देश दे दिए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह अभियान चलेगा।

नहीं बढ़ रही स्कूलों में उपस्थिति

ग्रीष्मावकाश के बाद खुले परिषदीय विद्यालयों में छात्र उपस्थिति शत प्रतिशत नहीं हो रही है। इसके पीछे शिक्षकों का मानना है कि धान की रोपाई का समय है। अभिभावक बच्चों को काम में लगा लेते हैं, प्रयास करने के बाद भी बच्चे स्कूल नहीं आ रहे हैं। अभिभावकों से अपील की जा रही है कि वह बच्चों को स्कूल भेजें।

> स्कूल चलो अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। इसी दौरान आउट आफ स्कूल वाले बच्चों को चिन्हित किया जा रहा है। जिनका दोबारा स्कूल में दाखिला कराया जा रहा है। अब तक 144 बच्चों को चिन्हित किया जा चुका है।
>
> –अखिलेश सिंह, जिला समन्वयक

सड़क हादसे में घायल की मौत

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के करमेंपुर मोड पर खड़े युवक को टाटा मैजिक ने टक्कर मार दिया था। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया तो परिजन उसको इलाज के लिए कानपुर लेकर गए। कानपुर से लौटने के बाद बुधवार उसकी मौत हो गई।

चांदुपर थाना क्षेत्र के धाना गांव निवासी स्व. शिवपाल का पुत्र राम विशाल करमेपुर मोड पर किसी काम से खड़ा था। तभी रोड से निकली टाटा मैजिक गाड़ी की टक्कर से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे परिजन उसको इलाज के लिए कानपुर लेकर गए जहां उसका इलाज चल रहा था। परिजन कानपुर से उसको घर लेकर आ गए। बुधवार रात उसकी मौत हो गई तो मौत की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

विवाहिता ने साड़ी से फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता खागा

- तीन माह पहले ही हुई थी शादी
- पति समेत ससुरालियों पर लगा प्रताड़ित करने का आरोप

अमृत विचार। खखरेरू थाना क्षेत्र के कोट मजरा चंदनमऊ गांव में एक महिला ने साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर जान दे दी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की।

खखरेरू थाना क्षेत्र के कोट मजरा चंदनमऊ गांव निवासी शंभू शरण निषाद के पुत्र रामदयाल निषाद की पत्नी अनुसूईया देवी घर के अन्दर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने बताया की बुधवार को कमासिन गांव निवासी वीर निषाद पुत्र छेदीलाल निषाद जिला बांदा के यहां फोन पर घटना की सूचना दी गई। बताया गया कि अनुसुईया ने फांसी लगा ली है। मृतका के मायके पक्ष को घटना की जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंच गए। वहीं मृतका के मायके से पहुंचे भाई ने बताया कि उसने अपनी बहन की शादी इसी वर्ष 22 अप्रैल को शंभू शरण निषाद के साथ अपनी हैसियत के मुताबिक दानदहेज देकर की थी।

बुधवार को जानकारी हुई कि उसकी बहन ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। भाई ने ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया कि तहरीर मिली है। उसी के अनुसार ससुराल पक्ष से ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ व जांच पड़ताल की जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

10 करोड़ रुपये से होगा क्षेत्र का विकास

संवाददाता, किशनपुर

- नगर पंचायत किशनपुर में आयोजित हुई बोर्ड बैठक
- विकास को लेकर सभासदों ने रखे प्रस्ताव

बोर्ड बैठक में भाग लेते अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सोनकर व सभासद। अमृत विचार

अमृत विचार। नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में गुरुवार को अध्यक्ष की अध्यक्षता में नगर के विकास के लिए बोर्ड की चौथी बैठक हुई। इसमें नाला, नाली,सीसी सड़क सहित अन्य कार्यों के लिए प्रस्ताव बना।

बोर्ड की चौथी बैठक में नगर के विकास के लिए करीब दस करोड़ रुपये के बजट के प्रस्ताव पर मुहर लगी। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभासदों के साथ बैठक कर प्रस्ताव पर सहमति बनी। जिसमें नगर पंचायत में करीब दो करोड़ रुपए की लागत से गौशाला निर्माण, करीब एक करोड़ रुपए से नाली व नाला निर्माण, खराब पड़ी सड़कों के मरम्मती करण व नई सीसी रोड के निमार्ण के व गृहकर लागू किए जाने के लिए प्रस्ताव पर मंजूरी हुई। वहीं नगर पंचायत में बने नागा बाबा मंदिर प्रांगण में सुंदरीकरण के लिए भी प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। बैठक पर मौजूद सभी सभासदों ने सहमति जताई जिसके बाद करीब दस करोड़ रुपए के प्रस्ताव पर सहमति बनी। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि बोर्ड की चौथी बैठक मे नगर पंचायत के विकास के लिए करीब दस करोड़ रुपए के प्रस्ताव पर चर्चा हुई है सभी ने सहमति भी जताई है। शासन से बजट मांगा जाएगा जिससे नगर पंचायत का विकास कराया जा सके।

मामूली बात पर रिक्शा चालक को पीटा

बिन्दकी। कोतवाली क्षेत्र के फिरोजपुर गांव निवासी विषम्भर पुत्र धनीराम ने बताया की वह ई-रिक्शा से दरबेशाबाद गांव में संचालित एक स्कूल से बच्चे लेकर गांव छोड़ने जा रहा था। गांव में ही बीच रास्ते मे बाइक खड़े गांव के ही पंकज पुत्र राजू से रास्ते में खड़ी बाइक को हटाने को लेकर कहासूनी हो गई। जब रिक्शा चालक बच्चे छोड़ अपने घर पंहुचा तो गुस्साए युवक ने रिक्शा चालक के पर लाठी डंडो से मरना पीटना शुरू कर दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित रिक्शा चालक परिजनों को साथ कोतवाली पहुंच पूरे मामले की शिकायत की। पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

राहुल का पुतला जलाने वालों पर कार्रवाई हो

संवाददाता फतेहपुर

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। अमृत विचार

अमृत विचार। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के वाराणसी आवास के बाहर पुतला जलाने के मामले में जिले के कांग्रेसी जनों ने गुरुवार को हुंकार भरी है।

आरोप लगाया कि जिस वक्त यह भाजपाई कृत्य हुआ उस दौरान आवास में प्रदेश अध्यक्ष की पत्नी व बेटी व बेटा मौजूद थे। स्थानीय प्रशासन के स्तर से इस प्रकरण पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे प्रदेश अध्यक्ष का पूरा परिवार डरा-सहमा हुआ है। स्थानीय संगठन ने आरोपियों पर विधिक कार्रवाई के साथ अजय राय के परिवार की सुरक्षा व्यवस्था की भी गुहार लगाई। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी, चंद्र प्रकाश लोधी, मनोज घायल, संतोष कुमारी शुक्ला, देवी प्रकाश दुबे, मोहम्मद शादाब अली, शेख एजाज अहमद, राजेंद्र शुक्ला, चौधरी मोईन राईन, राजन तिवारी, अभिषेक प्रताप सिंह, आशीष सिंह गौड, आनंद सिंह, मोहम्मद फैजी, प्रदीप कुमार मौर्या, संतोष सिंह कछवाह, ओम प्रकाश, राजेंद्र कुमार पासवान, बशीर अहमद, अमित श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

एक नजर

कार की टक्कर से दंपती हुए घायल

बिन्दकी। जाफरगंज थाना क्षेत्र के सहमलपुर गांव निवासी अमर सिंह पुत्र राकेश अपनी पत्नी पूजा व दो बच्चों के साथ किसी काम से अमौली कस्बे जा रहे थे। छोटी देवरी गांव के पास कर की टक्कर से पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी बिन्दकी पहुंचाया गया, जहां पति की हालत गंभीर देख उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मानसिक कमजोर महिला को परिजनों के सुपुर्द किया

धाता। थानाध्यक्ष आलोक कुमार पाण्डे ने मानसिक कमजोर महिला को प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया। उन्होंने बताया कि एक जुलाई को एक महिला जनपद चित्रकूट से अपने घर से सुबह जंगल जाने को निकली थी। लेकिन भटक जाने के कारण अपने घर नहीं पहुंच पाई। भटकते हुए धाता थाना क्षेत्र में बुधवार को आ गई थी। महिला मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ है। महिला आरक्षी के माध्यम से महिला को सीएचसी धाता में भर्ती कराया गया। इसके बाद महिला के परिवारीजनों को जानकारी देते हुए उनके सुपुर्द कर दिया गया।

धान रोपाई में पानी का संकट, किसान परेशान

नर्सरी तैयार होने के बाद निजी नलकूपों के सहारे, अधिक रुपये खर्च करने के बाद भी नहीं मिल रहा पानी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जुलाई के पहले सप्ताह में भी अच्छी बारिश न होने से किसान धान रोपाई के लिए खासा परेशान है। निजी नलकूप मालिकों से किराए पर पानी मांगने पर भी नहीं मिल रहा है। स्थिति यह है कि नलकूप मालिक पहले अपने खेतों में धान रोपाई की बात करके पल्ला झाड़ रहे हैं। अभी दोआबा में 15 फीसदी ही धान की रोपाई हो सकी है।

बढ़ते तापमान के बीच किसी तरह से किसान ने धान की नर्सरी तैयार की। जून के अंतिम सप्ताह में मानसून आने की आहट से किसान खुश हुए लेकिन दो-तीन दिन कहीं हल्की बारिश तो कहीं अच्छी बारिश होने के बाद बिन बरसे बदरा निकल रहे हैं। मशक्कत के बाद तैयार नर्सरी को अब किसान रोपने के लिए भटक रहा है। नहर एवं राजकीय नलकूपों से भी भला नहीं हो पा रहा है। गांवों में स्थित निजी नलकूपों के मालिकों से किराये का पानी मांग रहा है लेकिन वह भी नहीं मिल पा रहा है। कारण है कि नलकूप किसान पहले अपनी खेती देखने की बात कर रहे हैं। किसानों का मानना है कि जुलाई के पहले सप्ताह में ही धान की रोपाई हो जानी चाहिए। अन्यथा उत्पादन प्रभावित होना तय है।

15 फीसदी ही हो सकी है रोपाई: इस बार अषाढ़ में बरखा रानी के रूठ जाने से दोआबा में धान का अच्छादन कम होना माना जा रहा है। जानकारों की मानें तो अभी तक महज 15 फीसदी ही धान की रोपाई हो सकी है। यदि 10 दिन और बारिश नहीं होती है तो अच्छादन प्रभावित हो सकता है।



बाधित बिजली आपूर्ति बढ़ा रही खर्चा

लड़खड़ाई बिजली आपूर्ति किसानों को और दर्द दे रही है। किसान बताते हैं कि किराये का पानी लेकर खेतों में भरते हैं तो बिजली कई बार ट्रिप करती है। जितना पानी खेत में पहुंचता है, दो घंटे बिजली बाधित होती है तो दोबारा से फिर उतना ही पानी खेत में भरना पड़ रहा है।

मुफ्त बिजली के लिए 15 जुलाई तक होंगे पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जिले में करीब 20 हजार निजी नलकूप
- सिंचाई बिजली बिल माफी के लिए सरकार ने की थी घोषणा

अमृत विचार। निजी नलकूप वाले किसानों के लिए राहत भरी खबर है। मुफ्त बिजली योजना के तहत 15 जुलाई तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। शासन की ओर से बिजली विभाग को पत्र भेजा गया है। जिले में करीब 20 हजार निजी नलकूप वाले किसान हैं।

सिंचाई बिजली बिल माफी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में सरकार की ओर से घोषणा की गई थी। निर्देशों में कहा गया था कि निजी नलकूप के बकाएदारों को एक अप्रैल 2023 से पहले के बकाया बिल को जमा करना होगा। साथ ही उनके ट्यूबवेल पर बिजली का मीटर लगा होना जरूरी है। इन मानदंडों को पूरा करने वाले किसान को बिल माफी योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन की तिथि 30 जून निर्धारित की गई थी। लेकिन करोड़ों रुपये के बकाएदार अधिकांश किसानों ने ना तो अपना बकाया बिल जमा किया और ना ही उन्होंने अपना पंजीकरण ही कराया। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिन नलकूप किसानों ने अपना पंजीकरण नहीं करवाया है, वह बिल माफी योजना से दूर है।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि निजी नलकूप के बिजली बिल माफी योजना में पंजीयन की तिथि बढ़ाई गई है। पहले 30 जून पंजीकरण की तिथि थी। निजी नलकूप के बिजली बिल माफी का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण जरूरी है। बताया कि कनेक्शनधारी उपखंड कार्यालय जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके अलावा वेबसाइट यूपीपीसीएल डॉट ओआरजी पर जाकर उत्तर प्रदेश कृषक विद्युत बिल माफी योजना पर क्लिक कर अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

अस्पताल से रैली निकालते कर्मचारी। अमृत विचार

संचारी रोगों के प्रति किया जागरूक, रैली निकाली

संवाददाता धाता

अमृत विचार। धाता विकास खण्ड धाता के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से संपूर्णता अभियान के तहत रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धाता में गुरूवार को नोडल अधिकारी डाक्टर शहाबुद्दीन जिला क्षय रोग अधिकारी के नेतृत्व में सम्पूर्णता अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धाता से धाता बाजार तक रैली निकाली गई। जिसमें प्रसव पूर्व देखभाल, संचारी रोग बीमारियों की रोकथाम, मधुमेह, उच्च रक्तचाप इत्यादि से बचने के लिए जागरूकता प्रचार प्रसार सभी कर्मचारियों ने स्लोगन पट्टी, नारा, बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी डा. राजेन्द्र कुमार, एएनएम, आशा बहु, बीसीपीएम धर्मेन्द्र कुमार, एसडब्ल्यूसी संगीता देवी, स्वास्थ्य पर्वेक्षक, लैब सहायक ललित, प्रदीप कुमार सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

75 लीटर कच्ची शराब के साथ 3 महिलाएं गिरफ्तार

खागा। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक के नेतृत्व में खखरेरु थाना क्षेत्र के हकीमपुर खंतवां गांव में आबकारी टीम ने दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध शराब व उपकरण बरामद कर लहान को नष्ट कर दिया।

वहीं तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू की है। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर 75 लीटर अवैध कच्ची शराब व उपकरण के अलावा 230 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर ही नष्ट करा दिया।

आबकारी टीम ने हकीमपुर खंतवां निवासी रामकली पत्नी बच्चा लाल, रानी देवी पत्नी उदय राज व सुमन देवी पत्नी राजू के घर से लहन बरामद किया। वहीं आबकारी निरीक्षक ने बताया कि मौके पर से तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है।

कांवड़ यात्रा व ताजिया जुलूस वाले मार्गों का निरीक्षण करें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

पीस कमेटी की बैठक में भाग लेतीं जिलाधिकारी सी. इन्दुमती व एसपी उदयशंकर सिंह।

- जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दिए निर्देश

अमृत विचार। आगामी त्योहारों कांवड़ यात्रा, मोहर्रम को लेकर आयोजित जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक में जिलाधिकारी सी. इन्दुमती ने कहा कि पर्वों को आपसी भाईचारे व सौहार्द के वातावरण में मनाया जाए। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे पुलिस को कार्रवाई करने के लिए विवश होना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा व ताजिया जुलूस वाले मार्गों का निरीक्षण करें। मार्गों में ढीले पड़े विद्युत तारों को टाइट कराकर मार्गों के गड्ढे भरे जाएं।

कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी सी. इन्दुमती व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुई। अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) से कहा कि कंट्रोल रूम स्थापित कराया जाए ताकि सूचनाओं का आदान प्रदान हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी एवं शहरी क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी नाले, नालियों की साफ सफाई व मार्गों में जलभराव की स्थिति न होने पाए। साथ ही कांवड़ यात्रा में डीजे निर्धारित ध्वनि में ही बजाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) धीरेन्द्र प्रताप, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर, बिंदकी, खागा, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, ईओ, थाना प्रभारी के अलावा विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय, शहरकाजी सहित संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

समस्या | पाठय सामग्री में 35 फीसदी तक बढ़ गई महंगाई

महंगा हुई बच्चों की कॉपी-किताबें व बैग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- रजिस्टर, कलर व सफेद पेपर, फाइलों की कीमतों में भी हुई है वृद्धि
- कागज की कीमतों में बढ़ोतरी होने से बढ़ गए हैं दाम, कॉपियों में पेजों की संख्या भी घटाई

अमृत विचार। खाद्य पदार्थों के बाद अब पढ़ाई का खर्च भी आम आदमी को रूला रहा है। पेन-पेंसिल, रजिस्टर, कॉपी, कागज और फाइल आदि की कीमतों में 30 से 35 प्रतिशत तक इजाफा हो गया है। कारोबारियों के मुताबिक कच्चे माल की आपूर्ति व उसकी कीमतों से प्रोडक्शन में दिक्कत आ रही है। दो महीने के भीतर कागज की कीमतों में करीब 30 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। इससे कापी-किताब और स्टेशनरी पर एक बच्चे पर 8 से 10 हजार रुपये तक खर्च करना पड़ रहा है। पहले यह सामान 6 हजार रुपये तक में मिल जाता था।

जीएसटी की दर बढ़ने से दामों में इजाफा: स्टेशनरी संचालक प्रभाकर सिंह ने बताया कि पेन पर 12 से 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। इसके अलावा ब्लेड 18 प्रतिशत, कटर 18 प्रतिशत, कागज 12 व स्याही पर 18 प्रतिशत जीएसटी है। उन्होंने बताया कि कंपनियों ने कापियां तो महंगी की हैं, उनके पेज भी कम कर दिए हैं। पहले जिस कापी में 100 पेज थे घटकर 80 रह गए हैं। कुछ की लंबाई और चौड़ाई कम हो गई है। पेंसिल की लंबाई में भी अंतर आया है। पिछले साल 15 रुपये में आने वाला पेन अब 20 में, रबर दो रुपये की जगह तीन रुपये में मिल रहा है। स्टेशनरी संचालक मुकेश कुमार ने बताया कि पेपर रोल, डायरी, पेन, पेंसिल, कलर की कीमतें 22 से 30 प्रतिशत बढ़ गई हैं। वहीं स्कूल के रजिस्टर, कॉपी, कलर व सफेद पेपर, फाइलों की कीमतों में 30 फीसदी तक इजाफा हुआ है। पैकिंग मटेरियल की कीमतें भी महंगाई की चपेट में हैं। जो टेप पहले 30 में आता था, अब वो 40 रुपये में आ रहा है।

गरीबों को नहीं मिल पा रहा आरटीई का लाभ

थरियांव। भारत सरकार द्वारा आरटीई योजना को शुरू करने का उद्देश्य गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना है। गरीब बच्चों को किसी भी स्थिति में उसे सरकारी स्कूल में ही पढ़ना पड़ता है। युवा विकास समिति अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि जनपद में सभी प्राइवेट स्कूलों का सर्वे किया जाए और बच्चों की वास्तविक संख्या को साइड में दर्शाया जाए जिससे कि आरटीई नियम के तहत अधिक बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश मिल सके। कहा कि सरकार द्वारा जारी किए गए इस एक्ट के अनुसार छह से 14 वर्ष के आयु को बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा अनिवार्य कर दिया गया है। इन स्कूलों में पढ़ने के लिए छात्रों को कोई भी शुल्क नहीं देना पड़ेगा। प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई बच्चों को जितने सारे सुविधा मिलती है वह सारी सुविधाएं इस योजना के तहत चयनित बच्चों को भी मिल सकेंगी।

करंट की चपेट में आए बुजुर्ग किसान की मौत

संवाददाता किशनपुर

- किशनपुर थाना क्षेत्र के जिहरवा गांव का मामला परिजन हुए बेहाल

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के जिहरवा गांव में गुरुवार सुबह करंट की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

किशनपुर थाना क्षेत्र के जिहरवा गांव में से रामनरेश पुत्र राम किशोर सिंह गुरुवार की सुबह भोर पहर घर के बाहर लेटे थे। घर के सामने ही विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए पोल खड़े हैं। सुबह बुजुर्ग लघुशंका के लिए उसी ओर जा रहा था। जहां खड़े बिजली के पोल पर लगाए गए सपोर्ट वायर पर करंट था। जैसे ही की बुजुर्ग ने सपोर्ट वायर को पकड़ा कि इस दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और फिर मौके पर ही बुजुर्ग की मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का मानना है कि विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए बिजली के खंभों में काफी दिनों से करंट उतर रहा था। लेकिन विद्युत विभाग द्वारा मामले में संज्ञान नहीं लिया गया जिसके चलते आज बुजुर्ग की जान चली गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल शुरू कर दी। मामले में विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने बताया कि उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलवाए जाने का प्रयास किया जाएगा।

सार-संक्षेप

बच्चें को पुस्तक वितरित करतीं उप जिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री। अमृत विचार

एसडीएम ने बच्चों को बेहतर पढ़ाई करने को किया प्रेरित

बिंदकी फतेहपुर। उप जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को शिक्षा सामग्री बांटी और अच्छी से अच्छी पढ़ाई करने के लिए प्रेरित भी किया। वहीं शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। गुरुवार को उप जिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री नगर के मोहल्ला पुरानी बिंदकी स्थिति गांधी स्मारक प्राथमिक विद्यालय पहुंची। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया तथा मौजूद इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अलका तिवारी तथा अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साफ-सफाई की व्यवस्था देखी। उन्होंने विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के तहत 65 बच्चों को शिक्षा सामग्री भी दिया और सभी बच्चों से कहा कि वह खूब पढ़ाई मन लगाकर करें। इस मौके पर समाजसेवी लक्ष्मी चंद्र उर्फ मोना ओमर, अनूप अग्रवाल, अनूप गुप्ता उर्फ अन्नू संजय अग्रवाल तथा अंशुल गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

नवांगतुक डायट प्राचार्य का हुआ स्वागत

फतेहपुर। नवागंतुक प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान संजय कुमार कुशवाहा ने अपना कार्यभार सम्भाल लिया है। हालांकि शासन द्वारा इनकी पोस्टिंग डायट उप प्राचार्य के रूप की है लेकिन डायट प्राचार्य का पद रिक्त होने के कारण डायट प्राचार्य का कार्यभार दिया गया है। गुरुवार को उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ शिक्षा विभाग के ज़िलाध्यक्ष भीमसेन द्वारा उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर सुरेश कुमार उप मंत्री, निरंजन कुमार संप्रेक्षक, गीता थापा, शिव सेवक आदि लोग मौजूद रहे।

डायट प्राचार्य का स्वागत करते संगठन के पदाधिकारी

10 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण शुरू

थरियांव। हसवा विकास खंड के रामपुर थरियांव स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा बकरी पालन का दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरूवार को किया गया। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के फतेहपुर क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार झा मुख्य अतिथि रहे संस्थान के निदेशक प्रतीक शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अथिति झा ने बकरी पालन क्यों करें तथा अपनी आय बढाने के लिए इसके बारे में अवगत करवाया। इस अवसर पर संकाय सदस्य सत्येन्द्र कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं संस्थान से परीक्षित मौर्या, महेंद्र कुमार, संदीप कुमार, कमल किशोर आदि उपस्थित रहे।

नगर पंचायत में वन महोत्सव कार्यक्रम में रोपे पौधे

किशनपुर। नगर पंचायत प्रशासन द्वारा गुरुवार को वन विभाग के साथ वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों के तादाद में पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे। किशनपुर नगर पंचायत में वन विभाग द्वारा पर्यावरण के संरक्षण में मनाए जाने वाले वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सोनकर रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों पौधे रोपे गए। पौधरोपण के बाद एक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें वन क्षेत्राधिकारी विवेक शुक्ला ने सभी को एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी खखरेरू विवेक शुक्ला, वन दरोगा शेर सिंह, विमल सिंह, अनूप शुक्ला, वन रक्षक अनिरुद्ध सिंह, वीरेंद्र, शिवम सहित तमाम वन कर्मियों के साथ नगर पंचायत के पार्षद व नगर पंचायत वासी मौजूद रहे।

ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए निजी कंपनी के एरिया मैनेजर

फतेहपुर। एक निजी कंपनी के एरिया मैनेजर ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के अमरजई मोहल्ला निवासी प्रवीण श्रीवास्तव जो एक कंपनी में एरिया मैनेजर है और वर्तमान में रायबरेली जनपद में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 28 जून को उनके मोबाइल में भेजे गए संदेश को देखने के लिए कॉल आया और जैसे ही उन्होंने संदेश देखने के लिए क्लिक किया। उनके क्रेडिट कार्ड से पहले 99 हजार 120 तथा बाद में 61 हजार 950 रुपये कटने का मैसेज आया। जिसे देखकर वह तत्काल बैंक में फोन कर क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक कराया और यह पैसा खाते से कैसे निकल गया समझ नहीं पाए। उन्होंने साइबर क्राइम पोर्टल में मुकदमा दर्ज करने के साथ ही पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया गया है।

डीएमओ को स्वास्थ्य कर्मियों ने दी विदाई

फतेहपुर। जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर का स्थानांतरण जनपद बाराबंकी हो जाने पर गुरूवार को ट्रेनिंग सेंटर परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला छह रोग अधिकारी डॉ. शहाबुद्दीन ने हिस्सा लिया। विदाई समारोह में सर्वप्रथम उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों ने बुके एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया। उपस्थित अधिकारियों ने जिला मलेरिया अधिकारी की कार्यकाल की सराहना की। इस दौरान मलवां ब्लॉक के मलेरिया इंचार्ज हिमांशु श्रीवास्तव, मलेरिया इंस्पेक्टर आशीष त्रिपाठी, इशान महंत, कीर्ति, मनोज, मेधवी सोनू, मोहम्मद हाशिम, फरीद अहमद भी मौजूद रहे।

स्मार्टफोन पाकर खुशी जताती छात्राएं

506 छात्राओं को स्मार्टफोन व 51 को मिले टैबलेट

फतेहपुर। शहर के रामानगर देवीगंज स्थित श्रीमती रामा अग्रहरि स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में गुरूवार को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण का आयोजन किया गया। हाथों में स्मार्टफोन व टैबलेट आते ही छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अयाह-शाह विधायक विकास गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्त ने शिरकत की। अतिथियों ने विद्यालय की 509 छात्राओं को स्मार्टफोन व 51 छात्राओं को टैबलेट वितरित किए।

एक नजर

अरबाज के घर ओवैसी ने भेजा पार्टी का प्रतिनिधिमंडल

कन्नौज। बीते दिनों स्विमिंग पूल में नहाने गए अरबाज की बिच्छू ग्रुप द्वारा हत्या के बाद ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुसलमिन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशन पर जिलाध्यक्ष इशरत खान के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को मृतक के घर एक प्रतिनिधिमंडल परिवार से मिला और हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस भारतीय किसान यूनियन प्रदेश सचिव जावेद हुसैन, जिला प्रवक्ता वसीम खान, जिला युवा अध्यक्ष अकबर खान, नगर अध्यक्ष छिबरामऊ सभासद आसिफ इकबाल इत्यादि मौजूद रहे।

भाकियू लोकशक्ति की कार्यकारिणी का गठन

छिबरामऊ, कन्नौज। शहर के एक गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की कार्यकारिणी का गठन किया गया। कानपुर मंडल के अध्यक्ष सत्येंद्र अवस्थी ने राजू अंसारी को युवा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाया है। इसके अलावा गिरीशचंद्र त्रिपाठी को जिलाध्यक्ष, सुरेशचंद्र राजपूत को जिला महासचिव, राकेश राजपूत को जिला महामंत्री, अनुज राजपूत को मीडिया प्रभारी, राधेश्याम वर्मा को जिला सचिव नियुक्त किया गया है।

पंके का प्लग लगाने में युवक करंट से झुलसा

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुवंरपुर निवासी 28 वर्षीय राहुल पुत्र दिनेशचंद्र गुरुवार को अपने घर में पंखे का प्लग लगाते समय अचानक करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गया। परिजनों ने उसे सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर घर भेज दिया गया।

बाइक फिसलने से अधेड़ हुआ घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर निवासी ज्ञान सिंह पुत्र गंगाराम अपनी पत्नी की दवा लेने सौ शैय्या अस्पताल आए थे, यहां से वापस जाते समय अचानक संतुलन बिगड़ने से उनकी बाइक फिसल गई, जिससे ज्ञान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जवाहर नवोदय विद्यालय में हुई प्रतियोगिता

जलालाबाद, कन्नौज। वन महोत्सव के तहत गुरुवार को वन विभाग की टीम ने जवाहर नवोदय विद्यालय में वन ही जीवन है शीर्षक पर निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। वनविभाग के अधिकारियों के साथ विद्यालय के प्राचार्य संदेश कुमार पांडेय ने पौधरोपण भी किया और वन विभाग की इस पहल की प्रशंसा की। इस दौरान डॉ. संतोष कुमार सिंह, एसके शर्मा, एसके सिंह, डीके कन्नौजिया, प्रीति यादव आदि मौजूद रहे।

दुर्घटना में दंपति सहित दो बच्चे घायल

तालग्राम, कन्नौज। गुरुवार को मैनपुरी के थाना करहल ग्राम सराय भटोला निवासी शाहिद अपनी पत्नी शबाना, पुत्र हुसैन व वारिश के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी से घर लौट रहा था। तभी तालग्राम के ग्राम मछिया के निकट उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। इससे बाइक पर सवार दंपतिव दो बच्चे घायल हो गए। जिन्हे स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से सीएचसी तालग्राम में भर्ती कराया।

किशोरी को बरामद कर आरोपी को पकड़ा

तालग्राम, कन्नौज। 14 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने बीते दिनों सकुशल बरामद कर लिया। आरोपित नितिन को त्योर मोड़ स्थित बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया।

वायु गुणवत्ता सूचकांक हुआ 82, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बैठक में फसल अपशिष्ट प्रबंधन पर जोर

सुधरी हवा की गुणवत्ता, जल रही पराली बढ़ाएगी प्रदूषण

140 के पास पहुंचा था पिछले सप्ताह एक्यूआई

- बारिश का सकारात्मक असर पड़ा एयर क्वालिटी इंडेक्स को बढ़ने से बचाने पर जोर, खेतों में जला रहे मक्का व मूंगफली के फसल अवशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिले में प्रदूषण का स्तर घटने लगा है। गुरुवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 82 पर पहुंच गया। पर्यावरण वैज्ञानिकों के अनुसार बारिश के कारण वायु प्रदूषण का स्तर घट रहा है, लेकिन खेतों में फसल अवशेष जलाना जारी रहा तो यह फिर से 130 के स्तर को पार कर जाएगा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बैठक में इसीलिए फसल अपशिष्ट प्रबंधन पर जोर दिया गया।

जिले में मक्का व मूंगफली के फसल अवशेष खेतों में जलाने के कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक पिछले सप्ताह 140 के पास पहुंच गया था, जिससे लोगों का खुली हवा में सांस लेना दूभर हो रहा था। इसके बाद बारिश शुरू हुई तो प्रदूषण स्तर घटकर 100 पर पहुंच गया। गुरुवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स पर वायु प्रदूषण 82 पर मिला। भले ही प्रदूषण कम हो गया हो, लेकिन खेतों में फसल अवशेष जलाने का सिलसिला अब भी जारी है। लोग खुलेआम खेतों में मक्का व मूंगफली के अवशेष जला रहे हैं। बारिश के कारण फसल अवशेष भीग गए हैं, जिससे अधिक धुआं हो रहा है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किनारे एक धुएं की परत छाई है। धीरे-धीरे यह ऊपर तक पहुंच जाएगी, जिससे प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ जाएगा। पर्यावरण अभियंता सतेंद्र सिंह यादव ने बताया कि बुधवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बैठक हुई, जिसमें सभी एसडीएम को फसल अवशेष खेतों में जलाने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। तहसील स्तर पर बनी कमेटी को सक्रिय किया गया है और लेखपालों को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि अभी बारिश का मौसम है, जिसके कारण वायु प्रदूषण का स्तर लगातार घट रहा है, लेकिन जैसे ही बारिश थमेगी, वैसे ही प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ने लगेगा।

सतौरा गांव के पास खेतों में जल रहे फसल अवशेष। अमृत विचार

> वायु प्रदूषण की रोकथाम को प्रशासन के साथ आम लोगों को भी जागरूक होना पड़ेगा। खेतों में फसल अवशेषों को न जलाकर उससे पशुओं का चारा बना सकते हैं और खेतों में सड़ाकर खाद के रूप में प्रयोग कर सकते हैं। फसल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कृषि विभाग के सहयोग से गांव-गांव चौपाल लगाई जाएगी।
> -मनोज चौरसिया, क्षेत्रीय अधिकारी (प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड)

सदर ब्लाक के गांव बहादुरपुर में खेत में जल रही पराली। अमृत विचार

सौरख थाने में शांति समिति की बैठक

सौरिख, कन्नौज। आगामी त्योहारों के मद्देनजर थाना परिसर में इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह ने थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की। इसमें उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी व सीओ कमलेश कुमार शर्मा ने मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष अलीअब्बास से विस्तृत चर्चा कर निकलने वाले जुलूस के रूट मार्च की जानकारी कर बिजली विभाग व नगर पंचायत कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन को सतर्क रहने के लिए कहा। इस दौरान पूर्व प्रधान फिरोज गांधी, वजाहत हुसैन उर्फ गुड्डू नम्बरदार, निसार अहमद नकवी, ओमी चतुर्वेदी, राजन सैनी, वासु दुबे, प्रभात मिश्रा, नगर पंचायत से विजय सैनी, अवर अभियंता अमित यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

पैदल गश्त कर एसपी ने कराया सुरक्षा का एहसास

तिर्वा, कन्नौज। आने वाले मोहर्रम के साथ सावन माह में किसी तरह की आराजकता न फैले इसके लिए एसपी अमित कुमार आनंद ने सीओ प्रियंका बाजपेयी, कोतवाल जितेंद्र प्रताप के साथ गुरुवार को मुख्य सड़क समेत गलियों में भारी पुलिस फोर्स के साथ गश्त कर अराजकतत्वों को अपनी धमक दिखाई। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने अराजकता फैलाने की कोशिश भी की तो उसके खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

विकास भवन में शिकायती पत्र लिखती पीआरडी जवान व मौजूद अन्य।

महिला पीआरडी कर्मियों का आरोप, किया जा रहा परेशान

- डीएम को शिकायती पत्र सौंपा ड्यूटी लगाने को लेकर चल रहा विवाद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। कुछ महिला पीआरडी जवानों ने ड्यूटी को लेकर विभाग पर कई आरोप लगाए हैं। साथ ही महिला जवानों को परेशान करने की बात भी कही है। इसकी शिकायत कलक्ट्रेट में की गई है।

जसोदा क्षेत्र के आमपुर्वा गांव निवासी पुष्पा देवी ने शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी ड्यूटी ब्लॉक तालग्राम क्षेत्र के आईटीआई में लगा दी गई है जो नियम के विरुद्ध है। वहां महिला जवान की जरूरत नहीं थी लेकिन उसे भेज दिया गया। बाद में पुरुष जवान से रुपये लेकर ड्यूटी बदल दी गई। पुष्पा का कहना है कि जब इसकी शिकायत विभाग में हुई तो सुनवाई नहीं की गई। महिला जवानों को परेशान किया जाता है। ऑनलाइन ड्यूटी का बहाना बनाकर गुमराह किया जाता है। जो जवान जिस ब्लॉक क्षेत्र का निवासी है उसी थाना इलाके में ड्यूटी लगाई जाए। पीआरडी पिंकी, दीप्ती, किरन देवी, ऊषा देवी व निरंजना देवी ने मामले की जांच कर कार्रवाई व ड्यूटी लगाने की मांग की है। उधर, इस बाबत जिला युवा कल्याण अधिकारी संतोष कुमार का कहना है कि मनचाही ड्यूटी लगाने का आरोप बेबुनियाद है।

साफ्टवेयर से ऑनलाइन ड्यूटी निकलती है। जो महिला पीआरडी शिकायत कर रहीं हैं वह एक-दो दिन आईटीआई गई उसके बाद जाना बंद कर दिया। इसकी शिकायत प्रधानाचार्य ने की थी। जांच में मामला सही पाया गया।

डीसी मनरेगा व समाज कल्याण अधिकारी ने संभाला कार्यभार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज।

अमृत विचार। जिले में दो नए जिला स्तरीय अधिकारियों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। गुरुवार को ही उन्होंने योगदान आख्या दी। साथ ही उच्चाधिकारियों से भी मुलाकात की। कर्मचारियों ने स्वागत किया।

जालौन (उरई) में डीसी एनआरएलएम रहे दिनेश चंद्र यादव ने गुरुवार को डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी से डीसी मनरेगा का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले डीसी मनरेगा रहे दयाराम यादव प्रतापगढ़ में पीडी डीआरडीए बनकर गए हैं। इसी तरह बाराबंकी से आए सत्य प्रकाश सिंह ने जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) सुनील सिंह से जिला समाज कल्याण अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। यहां तैनात रहीं सृष्टि अवस्थी का स्थानांतरण होने के बाद उन्होंने रायबरेली में चार्ज ले लिया है।

दिनेश चंद्र यादव, डीसी मनरेगा।

सत्य प्रकाश सिंह, समाज कल्याण अधिकारी।

- दोनों ही अधिकारियों ने उच्चाधिकारियों से की मुलाकात
- कर्मचारियों ने किया बुके देकर स्वागत
- पहले डीसी मनरेगा रहे दयाराम यादव प्रतापगढ़ भेजे गए

बीओ अपूर्वा सिंह का तबादला

- जलालाबाद समेत दो ब्लॉक की क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी (बीओ) अपूर्वा सिंह का तबादला उन्नाव के लिए हो गया है। उन्होंने तीन जुलाई को कार्यभार भी छोड़ दिया है। बताया गया है कि कुछ दिनों पहले हरदोई से पीके सिंह बीओ बनाकर भेजे गए हैं। यहां आने के बाद वह मेडिकल पर चले गए हैं। कहा जा रहा है कि वह जिला युवा कल्याण अधिकारी पद पर तैनात थे, लेकिन विभागीय कार्रवाई होने के बाद उनका डिमोशन हो गया। न्यायालय के आदेश पर वह बहाल हुए हैं।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

समस्याएं हल न होने पर वकील नाराज

तिर्वा, कन्नौज। तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के अलावा वकीलों को हो रही परेशानियों का निस्तारण न होने तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया।

गुरुवार को तहसील सभागार में न्यू बार एसोसिएशन व लायर्स बार एसोसिएशन की बैठक हुई। इसमें पूर्व अध्यक्ष संजय शुक्ला ने बताया कि तहसील के प्रत्येक पटल पर भ्रष्टाचार है। कई बार एसडीएम से शिकायत करने के बाद भी समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ। भूलेख मे आदेशों का अकंन नहीं हो रहा। 151 में एसडीएम को दो लाख की जमानत चाहिए अगर जमानत किसी कारण अपूर्ण रह जाती तो युवक को जेल भेज दिया जाता है। अध्यक्ष हरवेद्र सिंह ने बताया कि तहसील का जो रवैया चल रहा उससे किसान समेत सभी वकील परेशान हैं। तय किया कि समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक वे न्यायिक कार्य नहीं करेंगे।

विकास भवन में बैठक करते सीडीओ रामकृपाल चौधरी, पीडी डीआरडीए व अन्य अधिकारी।

पीएम सूर्यघर योजना का लक्ष्य पूरा करने पर जोर

- सीडीओ ने विकास भवन सभागार में वेंडर व बीडीओ के साथ की बैठक
- प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण पर भी चर्चा हुई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत लक्ष्य पूरा करने की कवायद शुरू हो गई है। सीडीओ ने बैठक में योजना का प्रचार-प्रसार कर वेंडरों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने विकास भवन सभागार में बैठक की। कहा, जिन लोगों के ऑनलाइन आवेदन आए हैं वेंडर उनसे संपर्क कर पीएम सूर्यघर योजना का लाभ दें। योजना के फायदे भी लोगों को बताएं। प्रभारी पीओ नेडा व पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह ने पॉवर ग्रीन हाउस व बिजली बचत के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि योजना के लाभ पर सरकार की ओर से लाभार्थी को अनुदान भी मिलता है। साथ ही प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ पात्रों को देने व उनकी सूची बनाने पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर डीसी मनरेगा दिनेश चंद्र यादव, डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी, बीडीओ अमित सिंह, निरंजन त्रिवेदी, सोनिया श्रीवास्तव, एपीओ धनंजय शुक्ल व बाबू चंद्रकेश मौजूद रहे।

पौधों में पीलेपन की शिकायत पर पहुंचे कृषि रक्षा इकाई प्रभारी

संवाददाता, जलालाबाद-कन्नौज

अमृत विचार। जुलाई के पहले सप्ताह में किसानों ने धान की पौध लगभग तैयार कर ली है। बीते तीन दिनों से नर्सरी में पीलेपन की शिकायत कृषि रक्षा इकाई पर आई थी। गुरुवार को कृषि रक्षा इकाई जलालाबाद क्षेत्र के प्रभारी अमित कुमार ने ग्राम मसीटपुर, खुदलापुर में निरीक्षण किया। इस दौरान किसान उमेश चन्द्र निवासी खुदलापुर ने खेत में 22 दिन की नर्सरी में पीलेपन की इकाई पर शिकायत दर्ज कराई थी। खेत का निरीक्षण कर प्रभारी कृषि रक्षा इकाई ने जलभराव व पोषकतत्वों की कमी को पीलेपन का कारण बताया। उन्होंने सागरिका 2 .5 मिली एवं नैनो यूरिया 4 मिली पानी में घोल कर पोषक तत्वों को रोपे गए पौधों को देने का सुझाव दिया। कहा कि नर्सरी की बच्चों की तरह देखभाल करें। तभी अच्छी फसल तैयार होगी।

वैभव, विक्रम का आईसीटी के लिए चयन

- 8 से 12 जुलाई तक लखनऊ में होगा कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। राज्य स्तरीय आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) प्रतियोगिता आठ से 12 जुलाई तक लखनऊ के गंगा सभागार में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक होगी। इसमें जिले के दो शिक्षकों का चयन हुआ है।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के संयुक्त निदेशक डॉ. पवन कुमार ने जारी किए आदेश में कहा है कि आईसीटी में नई तकनीकी विधाओं के प्रयोग से बच्चों के नामांकन, उपस्थिति व अधिगम संप्राप्ति को बचाने के लिए प्रयासरत शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए परिषद की ओर से आईसीटी प्रतियोगिता के लिए प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षकों की जनपद स्तर पर डायट पर प्रतियोगिता कराई गई थी। अच्छा प्रदर्शन करने वालों के नाम राज्य स्तर पर भेजे गए थे। इसमें मॉडल प्राथमिक स्कूल महासौनापुर ब्लॉक उमर्दा के प्रधानाध्यापक वैभव सिंह राजपूत व ब्लॉक तालग्राम क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल हाजीपुर के सहायक अध्यापक विक्रम सिंह शाक्य शामिल हैं।

विक्रम सिंह।

वैभव।

सार-संक्षेप

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह को ज्ञापन देते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

कोचिंग के नाम पर लूट रहे संस्थान

कन्नौज। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिले के कई विद्यालयों की समस्याओं और गलत तरीके से संचालित कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई की मांग की है। आरोप लगाया कि कोचिंग पढ़ाने वाले लोग विद्यार्थियों को लूट रहे हैं। इसको लेकर डीआईओएस को ज्ञापन भी दिया गया। गुरुवार को विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक दीपक वर्मा ने कहा कि संगठन शिक्षा क्षेत्र में होने वाले गलत कार्यों के विरोध में सदैव खड़ा है। छात्र संगठन ने डीआईओएस से मांग रखी कि विद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों की जांच की जाए। मानक के तहत न मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाए अन्यथा विद्यार्थी परिषद विरोध प्रदर्शन करेगा। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री चित्रांशु शुक्ल, सक्षम गुप्ता, अक्षत, शुभ, हर्षित मौजूद रहे।

शपथ लेते नगर पालिका के कर्मचारी।

पालिकाकर्मियों ने ली प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की शपथ

छिबरामऊ, कन्नौज। गुरुवार को नगर पालिका परिषद में कर्मचारियों ने प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की शपथ ली। इसके बाद प्लास्टिक मुक्त दिवस मनाया गया। इस दौरान लिपिक संजय सिंह, नीरज मिश्रा, अमरदीप, अंकित, प्रदीप कश्यप, रमेश चंद्र, रामेंद्र सिंह, मनोज कुमार, प्रवेश, निर्मल देवी, वर्षा निगम, सुषमा, सरिता देवी ने शहर को प्लास्टिक व पालीथिन से मुक्त करने की शपथ ली। कर्मियों को बताया गया कि वह शहर में लोगों को जागरूक करें और प्लास्टिक से होने वाली हानियों के बारे में बताएं। **गुरसहायगंज संवाददाता** के अनुसार नगर पालिका परिसर में इंटरनेशनल प्लास्टिक फ्री-डे पर अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने कर्मचारियों व नागरिकों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, प्रसन्नजीत मिश्रा आदि रहे।

सफलता | आयुष्मान योजना के तहत मरीज का ऑपरेशन, दो घंटे तक चला

मेडिकल कॉलेज में किया गया वृद्धा के कूल्हे का प्रत्यारोपण

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

अमृत विचार। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने वृद्धा के कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण किया। आयुष्मान योजना के तहत प्राचार्य ने उसका दो घंटे के ऑपरेशन कर उसका कूल्हा प्रत्यारोपण करा दिया।

छिबरामऊ निवासी सुखदेवी (70) पत्नी रामबाबू को जनवरी माह में चोट लगने से उसका कूल्हा टूट गया था। उसने काफी समय तक इलाज कराया पर लाभ नहीं मिला। उसने निजी अस्पताल में कूल्हा प्रत्यारोपण कराया लेकिन फिर भी आराम नही मिल रहा था। समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई थी। मेडिकल कॉलेज में कूल्हा प्रत्यारोपण सुविधा की जानकारी होते ही महिला के परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले आए। यहां प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने उसकी हालत को देखकर उसकी सभी जांच कराई। जांच रिपोर्ट आने के बाद उसे भर्ती कर लिया। गुरुवार को प्राचार्य के नेतृत्व की टीम ने दो घंटे कड़ी मेहनत के बाद कूल्हा प्रत्यारोपण कर दिया।

बताया कि पहले महिला ने एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराया था लेकिन परेशानी ज्यों की त्यों बनी हुई थी। आयुष्मान योजना के तहत उसे भर्ती कर उसका सफल आपरेशन कर दिया।

कूल्हा प्रत्यारोपण करते प्राचार्य डॉ. सीपी पाल समेत अन्य। अमृत विचार

डॉक्टर के जाते ही हो सकेगी संविदा पर नियुक्ति

तिर्वा, कन्नौज। मेडिकल कॉलेज में अब डाक्टरों की कमी नहीं झेलनी पड़ेगी। सरकार ने कॉलेज प्रशासन को संविदा पर नियुक्ति करने की शक्तियां दे दीं हैं। डॉक्टर की कमी या उनके जाने पर प्राचार्य अपने स्तर से संविदा पर नियुक्ति कर सकेंगे। बाबा भीमराव रामजी आंबेडकर मेडिकल कॉलेज में तैनात डॉक्टरों के अचानक छोड़कर चले जाने से मरीजों के सामने दिक्कतें खड़ी हो जातीं थीं। इन परेशानियों को देखकर कॉलेज प्रशासन ने डॉक्टरों की संविदा पर तैनाती करने की अनुमति देने की मांग शासन से की थी। समस्या को देखते हुए सरकार ने कॉलेज प्रशासन को संविदा पर डॉक्टरों की नियुक्ति को हरी झंडी दे दी है। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि कॉलेज में जो नियुक्त डॉक्टर हैं वह कभी-कभी नौकरी छोड़कर अचानक चले जाते हैं।

50 किसानों को बाजरा का बीज मुफ्त मिलेगा

तिर्वा, कन्नौज। मोटे अनाज उत्पादन के लिए जागरूक करने के लिए कृषि रक्षा इकाई किसानों को निशुल्क बीज का वितरण करेगी।

सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए मोटे अनाज उत्पादन के लिए जागरूक करने में जुटी हुई है। इस क्रम में कृषि रक्षा इकाई प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि मोटे अनाज उत्पादन के लिए सरकार किसानों को जागरूक कर रही है। केंद्र पर एक क्विंटल बाजरे का बीज आया है। एक किसान को दो किलो बीज का वितरण किया जाएगा। साथ ही जो किसान मक्का की फसल करना चाहते है उन्हें 90 प्रतिशत अनुदान पर मक्का का बीज मिलेगा। पंजीकृत किसान आधार कार्ड, बैंक खाता साथ लाए। जो पंजीकृत नही है वह पहले पंजीकरण कराएं।

पांच चोर दबोचे गए, लाखों का माल बरामद

कई घटनाएं कुबूलीं, चोरी के आभूषण खरीदने के आरोप में सुनार को भी पकड़ा, भेजा गया जेल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। किराना कारोबारी के घर हुई चोरी की वारदात में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चार चोरों व एक सुनार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोरों में दो नाबालिग हैं। पुलिस ने घरों से चोरी किया गया लाखों का माल बरामद किया है। पकड़े गए चोरों ने इलाके में कई और घटनाओं को कुबूल किया है।

गुरुवार को पुलिस कार्यालय में खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि तिर्वा के मोहल्ला मंडी बाजार निवासी किराना कारोबारी रामेंद्र कुमार जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तीन जुलाई को छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने लाखों रुपये कीमत के आभूषण व 25 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। एसपी ने सीओ डॉ. प्रियंका बाजपेयी व प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया। पुलिस ने गुरुवार सुबह ईशन नदी के धोबी घाट पुल को पास से ग्राम ककलापुर निवासी उमाकांत पुत्र रामप्रसाद, रजनीकांत पुत्र रामआसरे सहित दो नाबालिग चोरों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर ग्राम अहेर मौरंग मंडी निवासी सुनार अनूप सोनी पुत्र सच्चिदानंद को घर से पकड़ लिया और उसके पास से चोरी का माल बरामद कर लिया। एसपी ने बताया कि इन चोरों ने सात अप्रैल की रात को सीहपुर गांव में, 28 जून की रात में झबरा में तथा 25 जून की रात में मंडी बाजार में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। चोरी का माला अनूप कुमार सोनी की दुकान पर बेचा गया था। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक तिर्वा जितेंद्र प्रताप सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक राधेश्याम, उपनिरीक्षक देवी सहाय वर्मा उपस्थित थे।

चोरी का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रियंका बाजपेयी व आरोपियों के साथ कोतवाली तिर्वा पुलिस। अमृत विचार

- तीन जुलाई की रात तिर्वा में कारोबारी के घर दिया था वारदात को अंजाम

चोरों से बरामद हुआ माल

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए चोरों और सुनार के पास से एक हॉफ पेटी, चार अंगूठी, दो जोड़ी टॉप्स, दो जोड़ी झाले, 14 जोड़ी पायल, एक करधनी, एक मंगलसूत्र, एक मटरमाला, एक कुंडल, तीन सोने के हाथ लिखे पेंडल, बच्चों के दो ब्रासलेट और 29,500 रुपये की नकदी बरामद की है।

सौरिख की पीएचसी में हुई दोबारा चोरी

संवाददाता, सौरिख-कन्नौज

अमृत विचार। चुनाव प्रक्रिया खत्म होने के बाद जिले में चोरों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन कहीं न कहीं चोरी की घटनाएं हो रहीं हैं। इधर, पुलिस एक चोरी का खुलासा कर चोरों को पकड़ने का दावा करती है तभी कहीं दूसरी जगह से हाथ साफ करने की खबर आ जाती है। अब चोरों ने सौरिख पीएचसी को महीने में दूसरी बार निशाना बनाकर लाखों का माल पार कर पुलिस को चुनौती दे दी है।

गुरुवार को पुलिस कार्यालय में तिर्वा की चोरी का 24 घंटे में खुलासे का दावा कर पुलिस ने अपनी पीठ थपथपाई। इधर सौरिख के सकरावा क्षेत्र स्थित पीएचसी में एक रात पहले चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया। ग्राम बिकूपुर में बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एक कमरे में लगे पिछले गेट का ताला तोड़ कर चोर दूसरे कमरे की खिड़की तोड़कर घुसे। इसके बाद दो कंप्यूटर, दो इनवर्टर, दो अलमारी, दो फ्रिज, चार बैटरी, 30 कुर्सी, छह सेप्टी फ्यूल, दो स्टैंड, दो ऑक्सीजन सिलेंडर, चार सौर ऊर्जा प्लेट आदि लाखों के उपकरण चोरी कर लिए। अस्पताल के प्रभारी डॉ. सहदेव व फार्मासिस्ट सुबोध ने बताया कि सुबह ड्यूटी पर पहुंचे तो मेन गेट खुला पड़ा था। ताला भी तोड़कर चैनल को पूरा खोल दिया गया था। अन्दर जाकर देखा तो सात कमरों के ताले तोड़कर बड़ी संख्या में चोर समान ले जा चुके थे। सूचना पर सौरिख अस्पताल प्रभारी डॉ. अजहर सिद्दीकी भी मौके पर पहुंचे व घटना की सूचना सकरावा थाने में दी। कुछ ही समय में पहुंचे प्रभारी शशिकांत ने घटना की सूचना उच्च अधिकारियों व फॉरेंसिक टीम को दी। दो घंटे बाद क्षेत्राधिकारी ओंकारनाथ शर्मा एवं फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। बता दें कि यहां एक माह पहले भी चोरी हो चुकी है।

भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील

गुरसहायगंज। मोहर्रम पर्व व कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों ने सदर व गुरसहायगंज कोतवाली में संभ्रांत नागरिकों की बैठक ली। इस दौरान भाईचारे से पर्व मनाने को कहा गया। साथ ही समस्याओं का निस्तारण कराये जाने को कहा गया।

उपजिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम, सीओ सदर कमलेश कुमार, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका श्यामेंद्र मोहन चौधरी, कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में कोतवाली कन्नौज में सम्भ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ बैठक आयोजित की गई। समस्याओं को सुना गया तथा उनका समय से निस्तारण कराने के लिये सम्बन्धित विभाग को निर्देशित किया गया।

गुरसहायगंज कोतवाली परिसर में गुरुवार की दोपहर बाद कोतवाल आलोक दुबे के नेतृत्व में शांति कमेटी की बैठक में आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान उपनिरीक्षक नीलम सिंह, राहुल सिंह, राजेश प्रताप सिंह, देवी शरण साहू, शहर काजी हाफिज जुम्मन, राम मंदिर के महंत राकेश चंद्र दुबे, विजय दुबे, नीरज मिश्रा, रईस खान, इश्तियाक खान, मुनीर कुरैशी, प्रभास दुबे, सुगम दुबे, गोविंद प्रजापति आदि मौजूद रहे।

कक्षा नौ व 11 में पांच अगस्त तक होंगे प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शैक्षिक सत्र 2024-25 की टाइम लाइन जारी की

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से शैक्षिक सत्र 2024-25 (बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026) के लिए कक्षा नौ व 11 के लिए प्रवेश की आखिरी तारीख पांच अगस्त तय कर दी है। साथ ही अग्रिम पंजीकरण व वर्ष 2025 की कृषि भाग-एक की परीक्षा में शामिल होने वाले कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं का आवेदन परिषद की वेबसाइट पर अपलोड होगा।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि कक्षा नौ व 11 के छात्र-छात्राओं के विद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तारीख पांच अगस्त है। हाईस्कूल कंपार्टमेंट परीक्षा उत्तीर्ण व स्क्रूटनी के बाद हाईस्कूल पास अभ्यर्थियों के कक्षा 11 में प्रवेश के लिए आखिरी तारीख 20 अगस्त है। 25 अगस्त तक संस्था के प्रधान की ओर से कक्षा नौ व 11 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अग्रिम पंजीकरण शुल्क 50 रुपये की दर से चालान के जरिए कोषागार में जमा होगा। पंजीकरण शुल्क व विद्यार्थियों के शैक्षिक ब्योरे की जानकारी परिषद के वेबसाइट पर अपलोड होगी। 26 अगस्त से पांच सितंबर तक वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड किए गए विद्यार्थियों के ब्योरे की चेकलिस्ट प्राप्त कर संस्था के प्रधान इसे जांच सकते हैं। छह से 20 सितंबर तक ऑनलाइन अपलोड किए गए छात्रों के ब्योरे की जांच के बाद यदि संशोधन होना है तो संस्था के प्रधान की ओर से पुनः वेबसाइट पर अपडेट किया जा सकता है। 30 सितंबर तक पंजीकृत अभ्यर्थियों की फोटो युक्त नामावली व कोषपत्र की एक प्रति परिषद के को भेजने के लिए डीआईओएस कार्यालय में देनी होगी।

देना होगा खास ध्यान

डीआईओएस ने बताया कि विद्यार्थियों के अंकपत्र व प्रमाण पत्रों में विद्यार्थी का नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि, चयनित विषय सही आ सकें इसलिए प्रत्येक छात्र-छात्रा के ब्योरे को कक्षाध्यापक व प्रधानाचार्य सही ढंग से जांच लें। उसके बाद ही वेबसाइट पर उसे अपलोड करें। अगर कोई गलती होती है तो उसकी जिम्मेदारी कक्षाध्यापक व प्रधानाचार्य की होगी। ऐसे आदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने दिए हैं।

सीडीओ ने पोषण पुनर्वास केंद्र में तीन बच्चों को बांटी किटें

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

अमृत विचार। सीडीओ ने जिला कार्यक्रम अधिकारी के साथ जिला अस्पताल में बने पोषण पुनर्वास का निरीक्षण किया किया। इस दौरान कुपोषण से छुटकारा पाये तीन बच्चों को किटें सौंपी। इसके बाद मरीजों के लिये बन रहे खाना की गुणवत्ता जांची।

गुरुवार को सीडीओ राम कृपाल चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास के साथजिला अस्पताल के पोषण पुनर्वास केंद्र पहुंचे। यहां उन्हें 10 बच्चे कुपोषित भर्ती मिले। इन में तीन बच्चे उमर्दा ब्लाक क्षेत्र की बच्ची जागृति, कन्नौज का बच्चा पीयूष व युवांश 14 दिन तक पोषण पुनर्वास केंद्र में रहने के बाद स्वास्थ्य होने पर पोषण पुनर्वास केंद्र से छुट्टी किये गये। इन सभी बच्चों की मां को सीडीओ व डीपीओ ने बर्तन, सीड़ी, खिलौने, उपहार के रुप में दिये। सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने उक्त बच्चों की मां को 700-700 रुपये दिये। तीन अक्टूबर 2023 से लेकर चार जून 2024 तक 79 कुपोषित बच्चों को 14 दिन भर्ती रखने के बाद स्वस्थ होने पर घर भेजा जा चुका है। सीडीओ ने रसोई का निरीक्षण कर खानपान की हकीकत जांची। कमजोर बच्चों की मां को एक-एक थ्रेप्टिन बिस्कुट का डिब्बा दिया।

जिला अस्पताल के किचन का निरीक्षण करते सीडीओ राम कृपाल चौधरी, डीपीओ राजेश कुमार वर्मा व सीएमएस डॉ. शक्ति बसु। अमृत विचार

- जिला अस्पताल के मरीजों व बच्चों के खाना की व्यवस्था जांची

नहीं मिले दरोगा तो हेड कांस्टेबल चौकी प्रभारी

कन्नौज। एसपी को खोजे दरोगा नहीं मिल रहे हैं, हेड कांस्टेबल को चिरैयागंज पुलिस चौकी का प्रभारी बना दिया गया है जबकि यह पुलिस चौकी अतिसंवेदनशील श्रेणी में आती है।

सुधीर सिंह।

एसपी अमित कुमार आनंद पिछले दो दिन से चौकी प्रभारियों के तबादले कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रभारी से वंचित शहर की चौकी चिरैयागंज व मेंहदीघाट गंगा जी के लिये किसी की तैनाती नहीं की गई थी। बुधवार की देर रात एसपी ने गुरसहायगंज कोतवाली के हेड कांस्टेबल सुधीर सिंह को सदर कोतवाली की अतिसंवेदनशील चिरैयागंज चौकी का प्रभारी बनाया है। गुरसहायगंज कोतवाली से दरोगा चंद्रभान सिंह को मेंहदीघाट चौकी का प्रभारी बनाया है।

अपनी जिम्मेदारी बीएसए, डीआईओएस पर डाली

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

- स्कूली वाहन चेक करने की जिम्मेदारी एआरटीओ की
- बीएसए, डीआईओएस की जिम्मेदारी स्कूल चेक करने की

अमृत विचार। स्कूलों में बच्चों को लाने व ले जाने के लिये लगे अवैध वाहनों को पकड़ने का जिम्मा एआरटीओ का है। उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को बीएसए व डीआईओएस पर डाल कर पल्ला झाड़ लिया है। इस बारे में जिलाधिकारी को अवगत करा कर बीएसए व डीआईओएस को पत्र जारी किया है कि वह खुद स्कूलों में पहुंच कर प्रबंधकों को बताएं कि अवैध वाहनों से बच्चों को न बुलायें।

छिबरामऊ में दो दिन पहले से स्कूली वैन से बच्चों को लाने के दौरान एलपीजी किट लगी कार में आग लग गई थी। इस दुर्घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। इसके बाद एआरटीओ की जांच में वैन अवैध पाई गई। जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट में इस संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। बताया जाता है कि एआरटीओ ने जिलाधिकारी के निर्देश पर पत्र जारी कर इन बीएसए व डीआईओएस को स्कूली वाहन चेक करने व प्रबंधकों को समझा कर अवैध वाहनों से बच्चों को स्कूल लाने व ले जाने से रोकने को कहा है। यह अधिकारी स्कूलों में जा कर इन अवैध वाहनों को चेक करें। यदि अवैध वाहन पाया जाये तो संबंधित स्कूल की मान्यता को समाप्त की जाये। एआरटीओ की इस चालाकी की स्कूल का स्टाफ चर्चा कर रहा है। कहा जा रहा है कि अभी तक जो भी एआरटीओ जिले में तैनात रहे वह खुद स्कूली वाहनों को चेक कर उनके खिलाफ कार्रवाई करते थे। पहली बार किसी एआरटीओ ने अपने काम को शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर डाल कर खुद का पल्लू झाड़ लिया है।

शहर हो या देहात सभी जगह अवैध रूप से एलपीजी गैस किट लगे वाहनों से स्कूली बच्चों को लाया व घर भेजा जा रहा है। छिबरामऊ में घटना के बाद शहर में ओमनी कार से बच्चों को ले जाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

शहर में इस तरह स्कूली बच्चों को ओमनी वैन से ले जाया जा रहा।

निजी कर्मचारी चलवा रहा अवैध स्कूली वाहन

- **कन्नौज।** स्कूली बच्चों को लाने व घर भेजने के लिये मानीमऊ क्षेत्र में अवैध रूप से ओमनी संचालित कराई जा रहीं हैं। इनको चलवाने के लिये एआरटीओ कार्यालय का एक प्राइवेट कर्मचारी ठेका लिये है। यही नहीं वह हर माह इन स्कूलों से रुपये वसूल कर रहा है। इसलिए इस क्षेत्र में अवैध स्कूली वाहन चलने के बाद भी परिवहन विभाग इन वाहनों को नहीं पकड़ रहा है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रकरण में शिक्षा विभाग को भी शामिल किया गया है। इसके साथ ही तहसीलवार स्कूल वाहनों की चेकिंग विभाग की टीम द्वारा की जाएगी। कहीं भी मानक विहीन व बिना फिटनेस के स्कूल वाहन चलने नहीं दिये जाएंगे। कोई वाहन मानक विहीन मिलने पर सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। कोई व्यक्ति अगर विभाग के नाम से वसूली कर रहा है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। – इज्या तिवारी, एआरटीओ, कन्नौज

ट्रैक्टर की टक्कर से किसान हुआ घायल

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

- सड़क किनारे मक्का सुखाने के दौरान हुई दुर्घटना

अमृत विचार। सड़क किनारे मक्का सुखा रहे किसान को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव सदारी नगला निवासी शीलू(24)पुत्र रामनिवास गुरुवार को अपनी मक्का सड़क के किनारे डाल कर सुखा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार निकले ट्रैक्टर ने उसके टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल ले गये, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में कुछ देर चले उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया। हैलट में उपचार चल रहा है, हालत चिंताजनक बनी हुई है।

अभियान चला कर काटे स्कूली वाहनों के चालान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- छिबरामऊ में अवैध स्कूली वाहन में आग लगने के बाद चेती पुलिस
- सुबह बारिश होने के बाद भी यातायात पुलिस करती रही चेकिंग

अमृत विचार। यातायात प्रभारी ने सुबह के समय शहर में स्कूली वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान कई स्कूली वाहनों को चेक किया। वाहन में खामियां मिलने पर चालान काटे गये। यातायात प्रभारी ने चालान किन स्कूलों के वाहनों के किये, उन स्कूलों के नाम का खुलासा नहीं किया।

क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. प्रियंका बाजपेयी के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने टीम के साथ बारिश बारिश होने के दौरान सुबह से ही कन्नौज शहर के विभिन्न चौराहों एवं तिराहों पर स्कूली वाहनों की चेकिंग की, इसमें स्कूली बच्चों को लाने एवं ले जाने वाले वाहनों के फिटनेस और मानक चेक किए गए। स्कूली वाहनों के चालकों के लाइसेंस भी चेक किए गए। जो वाहन चालक बिना लाइसेंस के वाहन चलाते मिले उनके चालान किए गए। यातायात प्रभारी ने स्कूली वाहनों के चालको एवं परिचालकों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी।

कहा कि वह अपने वाहनों के फिटनेस सही हालत में रखें। वहीं नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले भारी वाहनों के भी चालान किए गए। यातायात प्रभारी ने कन्नौज शहर के व्यापारियों से कहा कि अब स्कूल खुल चुके हैं। नो एंट्री के समय भारी वाहनों का प्रवेश सुबह सात बजे से वर्जित है। यदि कोई वाहन नो एंट्री का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शहर में स्कूली वाहन चेक करते यातायात प्रभारी आफाक खां। अमृत विचार

सार-संक्षेप

बैठक में मौजूद वरिष्ठ नागरिक समिति के लोग। अमृत विचार

वरिष्ठ नागरिक पौधरोपण कर करेंगे जागरूक

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के केंद्रीय कंपोजिट विद्यालय में हुई वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करके तय किया गया कि सभी सेवानिवृत्त परिषदीय शिक्षक पौधारोपण करेंगे। समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष 3 जून व 31 दिसंबर को सेवानिवृत होने वाले राज्य सरकार के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की तिथि 30 जून व 31 दिसंबर के ठीक अगले दिन अर्थात 1 जुलाई व 1 जनवरी को वेतन वृद्धि नियत होने पर ऐसे कर्मचारी की पेंशन की गणना के लिए एक नेशनल वेतन वृद्धि जोड़े जाने के संबंध में अविलंब संशोधन करने की कृपा करें। समिति के संरक्षक पतंजलि योगपीठ हरिद्वार (भारत स्वाभिमान ट्रस्ट) के जिला प्रभारी सत्यराम यादव ने योग के महत्व पर बल दिया, जबकि भारत सिंह वर्मा, राजकिशोर द्विवेदी, भारत सिंह प्रजापति, बालिस्टर सिंह यादव व सुरेश चंद्र शास्त्री ने भी विचार व्यक्त करते हुए वृद्धावस्था में खुश रहने का मंत्र दिया।

कैंडल जलाकर श्रद्धाजलि देते सपा नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

हाथरस के मृतकों को सपा, कांग्रेस, आप ने दी श्रद्धांजलि

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के मोहल्ला अशोक नगर स्थित एक विद्यालय में हाथरस में सत्संग के दौरान हुई श्रद्धालुओं की मौत को लेकर सपा नेता नबाब सिंह यादव के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। फर्रुखाबाद रोड स्थित गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज में गुरूवार को कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र के नेतृत्व में व आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. चंद्रकांत यादव ने ग्राम मिश्रापुर में कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव के अलावा ओमकार नाथ त्रिपाठी, कलीम खां, प्रधानाचार्य प्रबल प्रताप सिंह, प्राचार्य रामप्रकाश, सतीश चन्द्र, सुरेन्द्रनाथ, कमलेश कुमार, अतुल कुमार, श्रुति मिश्रा, गजेन्द्र सिंह यादव सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सपा कार्यकर्ताओं ने कैंडल जलाकर व दो मिनट का मौन रखकर मृतक श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि दी। रामसेवक बाथम, अरूण शर्मा, अब्दुल सत्तार कुरैशी, विकास गुप्ता, गुड्डू दीक्षित, रामनिवास सविता, विपिन यादव, राजेश गुप्ता, कुलदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

चोरों ने दरवाजे से बकरियां खोलीं

छिबरामऊ। विशुनगढ़ थाने से चंद कदम की दूरी पर नुनार मोहल्ले में विनोद कमल पुत्र नेकराम कमल का मकान है। विनोद के दरवाजे पर पांच बकरियां बंधी हुई थी। देर रात परिवार के सदस्य सो रहे थे, तभी चोरों ने 50 हजार रुपये कीमत की बकरियों की रस्सी काटकर गाड़ी में लादकर फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर मोहल्ले में हड़कंप मच गया। खोजबीन के बाद भी बकरियों का सुराग नहीं लगा।

मौसम का हाल हवा की दिशा उत्तर-पूर्व होने से भारी वर्षा की संभावना, नमी 91 प्रतिशत तक

55 मिमी औसत वर्षा, भारी बारिश का अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। मॉनसून आने के बाद जिले में अब तक 55 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। पिछले पांच सालों में यह अब तक की सबसे अधिक बारिश है। इससे पहले चार जुलाई तक 30 मिमी भी वर्षा नहीं होती थी। मौसम विभाग ने मॉनसून में विक्षोभ और हवा की दिशा उत्तर-पूर्व होने के चलते भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि आठ जुलाई तक जिले में 80 मिमी से अधिक वर्षा होने की संभावना है।

गुरुवार को भी जिले में हल्की बारिश हुई, लेकिन इससे पहले बुधवार को जिले में 42 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। इस तरह चार जुलाई तक औसत 55 मिमी बारिश हुई है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस बार मॉनसून करीब 12 दिन की देरी से आया, लेकिन बारिश होने का औसत ठीक है। उम्मीद है कि इस बार बारिश पिछले कई सालों की तुलना में अधिक होगी।

गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 32 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हवा में नमी की मात्रा 91 प्रतिशत तक पहुंच गई, जिससे उमस बढ़ गई और लोग परेशान रहे। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून होने के चलते आठ जुलाई तक जिले में भारी वर्षा होने की संभावना है। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि मॉनसून की रेखा जिले के ऊपर से निकली है, जिससे हवा की दिशा बदलते ही पानी गिरना शुरू हो जाएगा। इस बार बारिश हुई तो कई दिन तक रुक-रुक कर होगी। इस दौरान चक्रवाती परिसंचरण बनने से मूसलाधार बारिश भी हो सकती है।

बारिश के बाद शहर के तिर्वा रोड पर जलभराव का नजारा। अमृत विचार

बरसात ने लोगों को दी राहत तो धूप ने बढ़ाई उमस

- **गुरसहायगंज।** गुरुवार सुबह करीब सात बजे से शुरू हुई मूसलाधार बरसात दोपहर लगभग 12 बजे तक होती रही। लगातार हो रही बरसात के कारण दोपहर तक आवागमन बाधित रहा और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर बाद बरसात थमने और धूप निकलने के बाद बाजारों में रौनक दिखी। तेज धूप ने गर्मी और उमस को बढ़ा दिया। इससे लोगों को खासी परेशानी हुई। बाजारों में दो दिनों से पसरा सन्नाटा छटता नजर आया। जगह-जगह हुए जलभराव के कारण आवागमन में लोगों को परेशानी हुई। उधर ग्रामीण क्षेत्रों में मूसलाधार बरसात के बाद जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे लोगों को निकलने में परेशानी हुई।

विद्यालयों में लगेंगे बॉक्स विद्यार्थी देंगे आइडिया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कक्षा छह से 10 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के लिए डीआईओएस ने दिए निर्देश

अमृत विचार। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने जिले के सभी शासकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएससी बोर्ड के प्रधानाचार्य को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन नामांकन कराए जाएं। साथ ही विद्यालयों में बॉक्स लगाएं, उसमें विद्यार्थी आइडिया देंगे। जिले में पांच हजार पंजीकरण कराने का लक्ष्य रखा गया है।

पत्र में कहा गया है कि वर्ष 2024-25 के लिए इंस्पायर अवार्ड मानक योजना कक्षा छह, सात, आठ, नौ व 10 के विद्यार्थियों के लिए है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने अधिक से अधिक नामांकन करने के निर्देश दिए हैं। डीआईओएस ने बताया कि कोई भी विद्यालय पांच से कम नामांकन नहीं करेगा। आइडियल बॉक्स में छात्रों की ओर से दिए गए आइडियों में श्रेष्ठ सुझाव का चयन शिक्षकों की ओर से किया जाएगा। इसे अपलोड भी करना होगा। इससे नामांकन सरल तरीके से हो सकेंगे। नामांकन के बाद विद्यार्थियों का बैंक या डाकघर में खाता खुलवाया जाएगा। चयनित छात्र-छात्राओं को उसी खाते में धनराशि भेजी जाएगी। डीआईओएस का तर्क है कि योजना का उद्देश्य 10 से 15 साल के बच्चों में रचनात्मक सोच प्रेरित करना है। भारत सरकार की ओर से हर साल पांच सर्वश्रेष्ठ विचारों को ऑनलाइन माध्यम से नामांकित किया जाता है।

सड़क हादसे में सैनिक और युवक की चली गई जान, परिजन बेहाल

आर्मी अस्पताल में उपचार के दौरान हुई मौत, 2009 में सेना में हुए थे भर्ती

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र निवासी सैनिक बुधवार शाम को स्कूटी से बाजार गया था। फर्रुखाबाद फतेहगढ़ मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। आर्मी अस्पताल में उपचार के दौरान सैनिक की मौत हो गई।

उपेंद्र सिंह राठौर।

कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के मोहल्ला इंद्रा नगर कॉलोनी निवासी उपेंद्र राठौर (35) पुत्र सूर्यपाल प्रताप सिंह 2009 में सेना भर्ती हुआ था। इन दिनों पश्चिमी बंगाल राज्य में तैनात था। कुछ दिन पहले दूसरी जगह के लिए तबादला हुआ। नवीन तैनाती पर जाने से पहले छुट्टी पर घर आया था। बुधवार शाम सात बजे को स्कूटी लेकर बाजार गए हुए थे। बाजार करके वापस जब घर आ रहे थे तो कोऑपरेटिव बैंक के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे सैनिक उपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने उन्हें जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती करवाया।

सूचना मिलने पर परिजन भी आ गए। परिजन उसे आर्मी अस्पताल ले गए। उपचार के दौरान सैनिक उपेंद्र की मौत हो गई। मृतक के भाई शिवेंद्र ने बताया कि उपेंद्र की शादी 25 जनवरी 2015 में सीता देवी से हुई थी। उनका एक तीन माह का पुत्र युवांक है।

11 जुलाई को युवक की होनी थी शादी

फर्रुखाबाद। अपनी शादी का सामान खरीद कर नोएडा पहुंचे युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। खबर आते ही परिजन नोएडा के लिए रवाना हो गए हैं। 11 जुलाई को युवक की शादी होनी थी। कंपिल थाना क्षेत्र के गांव त्यौरखास निवासी शिव ओम शर्मा का इकलौता पुत्र अंकित शर्मा (30) नोएडा में रहकर नौकरी करता था। बुधवार शाम को वह गांव से नोएडा गया था। बुधवार को उसने शादी का सामान खरीदकर घर रख शाम को वापस चला गया। गुरुवार सुबह वह घर से स्कूटी से कंपनी जा रहा था। नोएडा सेक्टर 39 के पास कार सवार ने युवक को टक्कर मार दी। राहगीर एक युवक अपनी कार से प्राइवेट अस्पताल ले गया। जहां से जिला अस्पताल नोएडा के लिए रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। नोएडा से मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन नोएडा के लिए रवाना हो गये। 11 जुलाई को उसकी शादी थी, बारात शाहजहांपुर जानी थी।

अंकित शर्मा।

चारा काटते समय करंट लगने से युवक की मौत

फर्रुखाबाद। थाना जहानगंज क्षेत्र में गुरुवार को पॉवर मशीन से चारा काटते समय करंट लगने से युवक की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम घाटमपुर निवासी आदेश (32) पुत्र माधवराम घर में लगी पावर चारा मशीन से चारा काटने गया था। चारा काटते समय करंट लग गया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। आनन-फानन में परिजन युवक को लेकर जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

आदेश।

बाइकों की भिड़ंत में 3 युवक घायल

फर्रुखाबाद। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव खलमापुर निवासी 22 वर्षीय अमर सिंह पुत्र प्रेमपाल, शाहजहांपुर थाना कलान क्षेत्र के गांव पिलुआ निवासी 18 वर्षीय रामगोपाल पिता रामवीर राठौर, शाहजहांपुर थाना कलान क्षेत्र के 18 वर्षीय कुंवरपालपुत्र श्यामा चरण तीनों बाइक से मोहनपुर से खलमापुर जा रहे थे। तभी गांव सरैया के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक सवार ने अमर सिंह की बाइक में टक्कर मार दी। इसमें अमर सिंह, रामगोपाल, कुंवरपाल घायल हो गए। तीनों घायलों को लोगों ने जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया।

ट्रैक्टरों पर नंबर डलवाना सुनिश्चित करें

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। थाना राजेपुर परिसर में एसडीएम अमृतपुर रविंद्र सिंह, सीओ अमृतपुर रविंद्र नाथ राय के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों और धर्म गुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई।

सीओ ने ग्राम प्रधानों को आगामी सावन माह के त्योहार को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। ग्राम प्रधान गांव में मौजूद सभी टैक्टर पर नंबर डलवाना सुनिश्चित करें। थानों पर भी टैक्टर-ट्रॉली स्वामी अपना पंजीकरण करा लें। एसडीएम ने ताजिया निकलने वाले रूट पर ग्राम प्रधानों को साफ-सफाई कराने के आदेश दिए। थाना राजेपुर परिसर में गुरुवार को अधिकारियों ने पीस कमेटी की बैठक की। धर्मगुरु सलमान से ताजिया की लंबाई और ऊंचाई की जानकारी ली गई। इस दौरान प्रभारी थाना अध्यक्ष मोहम्मद कामिल, प्रधान प्रदीप गुप्ता, प्रधान अलीगढ़ युसूफ पटेल, प्रधान नेम चंद्र, प्रधान ताज मोहम्मद रहे।

राजेपुर में पीस कमेटीकी बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

- त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक में सीओ, एसडीएम ने दिए निर्देश

पुराने मार्गों से ही निकालें ताजिया : एसडीएम

फर्रुखाबाद। कायमगंज में एसडीएम की मौजूदगी पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। कमेटी की बैठक में निर्देश दिए कि त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। वहीं उन्होंने सफाई व्यवस्था पर जोर दिया। कोतवाली परिसर में एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। वहीं आगामी त्योहारों को लेकर जनता से अपील करते हुए कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाये। बताते चलें कि मोहर्रम के त्योहार के मौके पर शहर में ताजिया और अलम उठते हैं। इसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होते हैं। ऐसे में शहर में माहौल खराब नहीं हो जिसको लेकर मौलवियों से अपील की गई है। वहीं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी कहा कि हर साल की तरह इस साल भी शांतिपूर्ण तरीके के साथ मोहर्रम का त्योहार संपन्न किया जाएगा। जिसपर उपजिलाधिकारी ने कहा कि नई परम्परा नहीं डाली जाएगी। पुराने मार्गों से ही ताजिया और आलम निकालें और शांति व्यवस्था बनायें रखें।

पीस कमेटी की बैठक में भाग लेते अधिकारी। अमृत विचार

शिकायत दर्ज कराता परिवार। अमृत विचार

भूमि पर कब्जा, पीड़ित ने जमीन मकान बिकाऊ के लगाए पोस्टर

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव ब्रह्मपुरी में दबंगों से परेशान पीड़ित परिवार पलायन करने को मजबूर है। आरोप है कि पुलिस व प्रसाशनिक अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की है। रामदास का आरोप है कि उसकी जमीन पर गांव के कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसने जिलाधिकारी से कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई थी। लेखपाल जांच के लिए आया और वह परिजनों को धमकी देकर चला गया, कहा कि शिकायत की तो जेल भेज देगें। पीड़ित परिवार को न्याय न मिलने पर जमीन, मकान बिकाऊ के पोस्टर लगाए है।

लगा पोस्टर। अमृत विचार

बाढ़ नियंत्रण के लिए बेरिकेडिंग शुरू

अमृतपुर। राजेपुर मार्ग पर चित्रकूट के डिप पर गंगा नदी की बाढ़ का पानी तेज बहाव के साथ बहता है। जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है। लोगों की असावधानी की वजह से प्रतिवर्ष इस डिप पर जनहानि होती है। तेज बहाव में बह रहे पानी से निकलने वाले लोग डूबकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। पिछले वर्ष इसी चित्रकूट के डिप पर बाढ़ के पानी में डूब कर आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई थी। वर्षा शुरू हो चुकी है। नदियों का पानी भी बढ़ने लगेगा। बांधों से पानी छोड़ा जाएगा और फिर नदियां लबालब हो जाएगी। समस्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा चित्रकूट डिप पर वेरीकेटिंग बनाने का काम शुरू कर दिया गया। जिससे बाढ़ के दौरान दुर्घटनाओं को रोका जा सके। और यहां से निकालने वालों को सुविधा मिल सके।उप जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं सीओ रविन्द्र नाथ राय ने डिप पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया। कर्मचारियों को वेरीकेडिंग का कार्य मजबूती से करने को कहा।

बारिश का दौर थमते ही अस्पताल में लगी मरीजों की लाइन

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिले में पीछले दो दिन से लगातार बारिश हो रही थी। गुरुवार को भी सुबह से ही रिमझिम बारिश शुरू हो गई। दोपहर 12 बजे के बाद बारिश बंद हुई। जिसके बाद बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंच गए।

जिला अस्पताल लोहिया की ओपीडी में दोपहर बाद मरीजों की भीड़ लग गई। ज्यादातर मरीज खासी, जुखाम, बुखार, पेट दर्द के सामने आए। जिला अस्पताल लोहिया की ओपीडी में गुरुवार को 550 मरीजों ने पर्चे बनवाए। जहां सुबह रिमझिम बारिश की वजह से पर्चा काउंटर खाली रहा। दोपहर में वर्षा बंद होते ही मरीजों की कतार लग गई। पर्चा बनवाकर जब मरीज चिकित्सकों के पास पहुंचे, तो वहां भी लंबी लाइन में लगना पड़ा। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज पांडे, डॉ. नीरज के राउंड पर होने से मरीज भटकते रहे। सर्जन डॉ. रोहित तिवारी भी अवकाश पर थे। जिससे बड़ी संख्या में मरीज सर्जन डॉ. अमरनाथ के पास पहुंचे। चेस्ट फिजिशियन डॉ. ध्रुव राज और ईएनटी सर्जन डॉ. नवनीत, फिजिशियन डॉ. प्रवीण, डॉ. अंकित मिश्रा के पास भी भीड़ लगी रही।

मरीज देखते डाक्टर। अमृत विचार

ओपीडी कक्ष में टपकता है पानी

- कक्ष संख्या एक, दो, तीन ,चार, पांच की छत की दीवार के पास से दो दिन की रिमझिम बरसात के बाद पानी रिसाव होने लगा। इससे फर्श पर गंदगी फैल गई। मरीजों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। सीएमएस डॉ. अशोक प्रियदर्शी ने बताया की ओपीडी में कुछ जगह पर पानी का रिसाव की जानकारी मिली है, जल्द ठीक कराया जाएगा।

सार-संक्षेप

चौकीदार के पुत्र से मारपीट

फर्रुखाबाद। थाना कमालगंज क्षेत्र निवासी चौकीदार के पुत्र को बुधवार देर रात दबंगों ने मारपीट कर लहू लुहान कर दिया। थाना कमालगंज के गोपालपुर निवासी अनकपाल थाने में चौकीदार है। बुधवार को उनका पुत्र रामकिशन ग्राम जगन्नाथपुर में तिलक की दावत खाने गया था। दावत खाकर वापस आ रहा था तभी पुरानी रंजिश के चलते गांव में ही घात लगाए लोगों के घेर कर मारपीट शुरू कर दी। बेल्ट के कुंडे से आंख फोड़ दी। मरणासन्न हालत में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। घंटे भर बाद घायल होश आया। किसी तरफ वह घर पहुंचा। पिता ने फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया। उपचार हेतु सीएचसी कमालगंज में भर्ती कराया। गुरुवार को चिकित्सक ने जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया है, जहां अब घायल का उपचार जारी है। थाना अध्यक्ष कमालगंज राजेश राय ने बताया कि घायल का मेडिकल कराया जा चुका है।

ट्रैक्टर की टक्कर से छात्रा घायल

फर्रुखाबाद। थाना राजेपुर में बदायूं मार्ग पर स्कूटी सवार छात्रा को टैक्टर ने टक्कर मार दी। मौके से गुजर रहे सीओ, एसडीएम ने छात्रा को निजी वाहन से सीएचसी भिजवाया। पुलिस चालक सहित टैक्टर को कब्जे में लेकर थाने ले गई। थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम सुखियापुर निवासी रिचा पुत्री रामसनेही शहर के निजी कालेज की छात्रा है। गुरुवार को कालेज से वापस आ रही थी। तभी बदायूं मार्ग पर हादसा हो गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्धा घायल

फर्रुखाबाद। थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव जैतपुर निवासी 60 वर्षीय कमला देवी पत्नी श्रीराम गांव में दावत खाने जा रही थी। तभी अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने सीएचसी शमशाबाद में भर्ती कराया। वहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद फर्रुखाबाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया।

ऊंचाई से गिरकर बालक गंभीर

कायमगंज फर्रुखाबाद। क्षेत्र के गांव झब्बूपुर निवासी अंचल का 4 वर्षीय पुत्र सोम ऊंचाई से गिरकर गंभीर घायल हो गया। परिजन अस्पताल लाये जहाँ उसका उपचार जारी है।

किशोरी को जहरीले कीड़े ने काटा

कायमगंज फर्रुखाबाद। नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी दिनेश की 13 वर्षीय पुत्री को किसी ज़हरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लाये जहां उसका इलाज जारी है।

भाकियू ने मानक विहीन निर्माण कार्य रोका

फर्रुखाबाद। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कानपुर मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने सेंट्रल जेल चौकी के निकट हाईवे के किनारे पर बिछाई जा रही ब्रिक को गुणवत्ता विहीन बताते हुए ठेकेदार से कार्य को रोकने के लिए कहा ।जिस पर ठेकेदार ने वहां पर मौजूद एनएचएआई के अधिकारी को बताया एनएचएआई के अधिकारी ने बताया कि हम यही ईट लगाएंगे ।जिस पर प्रभाकांत मिश्रा नाराज होते हुए बोले कि हम यह ईट नहीं लगने देंगे। चाहे हमें यहां रोड को जाम कर धरना ही क्यों ना देना पड़े। इसके बाद एनएचएआई के अधिकारी ने एडीएम सुभाष प्रजापति से फोन लगाकर वार्ता की और प्रभाकांत मिश्रा की बात कराई ।इसके बाद एडीएम ने तुरंत काम रोकने के लिए कहा और गुणवत्ता विहीन ईट को लगाने से मना कर दिया। जिस पर एनएचएआई के अधिकारी ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष से कहा की हम यही ईट लगाएंगे हमको कोई नहीं रोक सकता जिस पर जिला विधिक सलाहकार/ जिला प्रवक्ता अजय कटियार ने कहा कि हम इस मामले को 12 जून को जहानगंज में हुई महापंचायत में ही एसडीएम सदर गजराज सिंह को ज्ञापन में पैरा (4)के माध्यम से बता चुके हैं जिसकी उन्होंने जिसकी जांच उपरांत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था यदि इसके बाद भी गुणवत्ता विहीन ईट को लगाया जाता है तो हम गुणवत्ता विहीन ईट को किसी भी सूरत में हाईवे पर नहीं लगने देंगे चाहे इसके लिए हमें मुख्यालय का ही घेराव क्यों न करना पड़े ।इस अवसर पर इस अवसर पर विजय शाक्य,सुधीर कटियार,अभय यादव, अभिषेक कटियार आदि लोग मौजूद रहे।

लौटती बारात में दूल्हे की हालत बिगड़ी, सभी पहुंचे अस्पताल

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जनपद मैनपुरी निवासी दूल्हे की बारात अकबरपुर के गांव में गई हुई थी। पत्नी को विदा कर दूल्हा एवं अन्य बाराती घर वापस जा रहे थे। फर्रुखाबाद बस अड्डे पर संदिग्ध परिस्थितियों में दूल्हे की हालत बिगड़ गई। एंबुलेंस से परिजन दूल्हे को लेकर जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे, इसके बाद पूरी बारात ही अस्पताल आ गई। अस्पताल में ही बारात में मिला सामान रखा गया।

जनपद मैनपुरी के थाना क्षेत्र भोगांव के ग्राम अलेपुर खेड़ा निवासी अंकित मिश्रा (28) दिल्ली में निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। उनकी शादी अकबरपुर के थाना तनक्का के इकरिईया निवासी संगीता से हुई। बुधवार सुबह तड़के बारात निकली थी और मध्य रात में शादी हुई। इसके बाद गुरुवार सुबह बारात वापस मैनपुरी के लिए रवाना हुई। जब फर्रुखाबाद बस अड्डे पर पहुंची तो दंपती घूमने के लिए चले गए। उसी दौरान अचानक दूल्हे की हालत बिगड़ गई। परिजन अंकित को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लोहिया लेकर आए। उनके साथ पिता ब्रजेश, बुआ मुन्नी देवी, चाचा पप्पू सहित कई अन्य परिजन भी आ गए। पिता ब्रजेश ने बताया कि बेटे ने चाय पी थी। उसके बाद ही अचानक उसकी हालत बिगड़ गई है। डॉक्टर ने बताया कि युवक के मुंह से अल्कोहल की महक भी आ रही है।

अस्पताल में भर्ती दूल्हा, पास बैठी दुल्हन। अमृत विचार

सिपाही पर मोबाइल छीनने का आरोप

फर्रुखाबाद। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी अजय सिंह पुत्र छोटेलाल हलवाई का कार्य करता है। वह बीती रात लगभग 1 बजे जब मीना गेस्ट हाउस से काम कर अपने साथियों के साथ बाहर निकला, आरोप है कि तभी गेस्ट हाउस के गेट के बाहर पहले से मौजूद एक कांस्टेबल जो कि शराब के नशे में धुत था ने सभी को रोक लिया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गंदी-गंदी गाली-गलौज की। मौजूद सभी साथियों की जेबों की तलाशी ली और उसमें रखे रुपये भी निकाल लिये। जब गालियां देने से मना किया तो कांस्टेबल ने मारपीट की। कांस्टेबल ने मोबाइल फोन भी छीन लिया।

गोष्ठी में मौजूद पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह व अन्य। अमृत विचार

भाजपा ने राहुल को बताया हिंदू विरोधी

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कायमगंज तहसील सभागार में भाजपा द्वारा आपातकाल पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। आपातकाल के समय जो लोग जेल गए थे। उनको माला और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। वहीं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने कहा कि बीते दिनों कांग्रेस के सांसद और विपक्षी नेता राहुल गांधी के ने संसद भवन में संविधान का अपमान किया। हिंदुओं को आतंकवादी कहा। राहुल गांधी को करोड़ों हिन्दू वासियों से माफी मांगनी चाहिए।

राहुल गांधी हिंदू विरोधी हैं। वहां पर मौजूद उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य मिथिलेश अग्रवाल, पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक, सत्यपाल सिंह अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

मौसम की मार | क्षेत्र में बुधवार और गुरुवार को हुई बारिश, जलभराव से भी परेशान है व्यापारी

सड़कों पर पानी और बारिश से ठेला दुकानदारों का व्यापार प्रभावित

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। बुधवार को पूरे दिन शहर क्षेत्र में रिमझिम बारिश हुई, गुरुवार को भी दोपहर तक रिमझिम बारिश होती रही। शहर क्षेत्र में इसका सबसे अधिक बुरा असर सुबह से दोपहर तक ठेला लगाने वाले दुकानदारों पर पड़ा। बारिश के साथ ही सड़क पर जलभराव से उनके पास ग्राहक नहीं पहुंचने से खाने और नाश्ते का सामान बच रहा है।

शहर क्षेत्र में हर सड़क के किनारे दुकानदार विभिन्न प्रकार के नाश्ते और खाने की ठेली लगाते है। ज्यादातर सुबह 5:00 बजे से लग जाती हैं और दोपहर तक माल बेचकर दुकानदार निकल जाते हैं। लेकिन पिछले दो दिनों की बारिश से पूरा रूटीन इन लोगों का बिगड़ गया। कादरी गेट पर ठेली लगाने वाले संतराम ने बताया की वह छोले भटूरे, कचौड़ी, चावल बेचते है।सुबह तड़के आ जाते है। लेकिन बारिश की वजह से 2 दिन से ग्राहक नहीं आ रहे हैं जिससे बड़ी मात्रा में माल बच रहा है। शाम तक खराब हो जाता है और दूसरे दिन भी इसका इस्तेमाल नहीं हो सकता है।काफी नुकसान हुआ है।यही हाल तिराहे पर ठेला लगाने वाले गिरीश, बउआ, विशाल आदि लोगों का रहा। ज्यादातर दुकानदारों का काफी सामान बचा रहा।

पापड़ी विक्रेता कल्लू ने बताया की बारिश की वजह से आधा भी माल नहीं बिका है। मुख्य बिक्री सुबह से दोपहर तक ही होती है।दो दिनों से हो रही बारिश से नुकसान हुआ है।

नालों की सफाई अभियान में हुआ खेल : पिछले दो दिनों की रिमझिम बारिश में बता दिया, कि नगर पालिका ने शहर को जल भराव से बचने के लिए जो इंतजाम किए हैं, वह कितने नाकाफी हैं।नगर पालिका ने लकूला मसेनी मार्ग पर छह फीट से अधिक गहरे नाले की जेसीबी से सफाई करवाई। लेकिन कूड़ा निकलकर खाना पूर्ति कर दी गई। सिल्ट नहीं निकलवाया गया।ऐसा ही हाल शहर क्षेत्र के अन्य बड़े नालों का भी है।कछियाना से अंगूरीबाग तक जाने वाले अंडर ग्राउंड नाले की सफाई का हाल भी कागजों पर तेज चल रहा है।लेकिन जमीन पर हकीकत काफी बदहाल है। जिन मोहल्ले में जलभराव हुआ, वहां पर गंदगी और कीचड़ की भरमार है।

बदबू से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है।कई बार जिम्मेदारों से शिकायत भी की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।

बारिश के दौरान सूनी पड़ीं दुकानें। अमृत विचार

गंदगी से उफना रहा नाला। अमृत विचार

क्या कहते हैं जिम्मेदार

विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिन मोहल्लों में जलभराव हुआ, वहां पर भी सफाई कराई जा रही है। मशीनों को लगाकर नालों की फिर से सफाई करने का काम तेजी से जारी है। मच्छर न पनपे इसके लिए फागिंग कराने को मशीनों को भेजा जा रहा है।

–विनोद कुमार, ईओ, नगर पालिका फर्रुखाबाद

एसपी से मुलाकात करते आईएमए के पदाधिकारी। अमृत विचार

डॉक्टर दंपती के पक्ष में उतरी आईएमए निष्पक्ष जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। डॉक्टर दंपती के पक्ष में आईएमए ने एसपी आलोक प्रियदर्शी से मुलाकात की। डॉक्टर दंपती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने में झूठा फसाने की बात कही।

चिकित्सकों ने कहा कि डॉक्टर एचपी श्रीवास्तव व डॉक्टर अंजली श्रीवास्तव के घर में महिला कर्मचारी की आत्महत्या के प्रकरण में निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्हें इस मामले में झूठा फंसाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक ने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान आईएमए अध्यक्ष डॉ. विपुल अग्रवाल, सचिव डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. एमबी. सक्सेना, डॉ. सुरेश गुप्ता, डॉ. उदयराज सिंह, डॉ. नरेश शर्मा और डॉ सतीश राजपूत आदि मौजूद रहे।

पर्जन्यनाथा : पशवो राजानो मन्त्रिबान्धवा : ।
पतयो बान्धवा : स्त्रीणां ब्राह्मणा वेदबान्धवा : ॥

पशुओं के रक्षक बादल होते है , राजा के रक्षक उसके मंत्री , पत्नियों के रक्षक उनके पति तथा वेदों के रक्षक ब्राह्मण (ज्ञानी पुरुष) होते हैं।

संपादकीय

भारत और एससीओ

आतंकवाद का विश्व और विशेष रूप से भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा है। भारत विभिन्न आतंकवादी संगठनों द्वारा की गई आतंकवादी कार्रवाइयों से प्रभावित हो रहा है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में गुरुवार को भारत ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। बता दें चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध किया है। भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा कि सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता बनी हुई है और इस कार्य को पूरा करने के लिए क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना में बदलाव लाया जाएगा। गौरतलब है कि एससीओ भारत को मध्य एशियाई देशों के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जिनके पास प्राकृतिक संसाधनों का विशाल भंडार है। यह प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह बनकर उभरा है।

यह एक राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है, जिसका लक्ष्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखना है। एससीओ में ऐसे सदस्य देश शामिल हैं, जो भिन्न-भिन्न राजनीतिक प्रणालियां, आर्थिक मॉडल और रणनीतिक प्राथमिकताएं रखते हैं। इससे आर्थिक सहयोग और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर आंतरिक संघर्षों एवं असहमतियों की संभावना बनती है। 2001 में शुरू हुए एससीओ के वर्तमान सदस्यों में चीन, रूस, भारत, पाकिस्तान, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। ईरान 2023 में पूर्ण सदस्य बन गया और बेलारूस को अस्ताना बैठक के दौरान शामिल किया गया। आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद वे प्रमुख खतरे हैं जिन पर एससीओ विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करता है। संगठन का आतंकवाद विरोधी सहयोग पर विशेष ध्यान है लेकिन इसके आंतरिक अंतर्विरोध चिंता के कारण हैं और सदस्य देशों के बीच संघर्ष को रोकना एससीओ के लिए उच्च प्राथमिकता का विषय है। फिर भी भारत को इस क्षेत्र में आतंकवाद से निपटने के लिए संगठन के सामूहिक प्रयासों से लाभ प्राप्त हो सकता है।

भीड़ प्रबंधन विज्ञान की पृष्ठभूमि में हाथरस हादसा

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

रणनीति के नाम पर हम जीरो तो नहीं हैं, लेकिन रिलीजियस गैदरिंग्स के मौके पर पुलिस अकसर यह सोचकर बेपरवाह हो जाती है कि किसी बाबा या धार्मिक संस्थान द्वारा आयोजित किए गए मेले, प्रवचन या एक सामूहिक इवेंट के दौरान लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए इनके वालंटियर पर्याप्त होंगें।

हाथरस और इससे पहले हुए अनेक हादसों से पहले यह आकलन किया ही नहीं गया था कि जनसमूह का आकार कितना विशाल होगा और उपलब्ध या सीमित स्थान में आकर इसके जमा होने या बैठने की क्षमता है या नहीं और गड़बड़ होने के बाद इसे काबू में रखने का क्या तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय तय किया गया है।

हाथरस में भगदड़ में मारे गए लोगों और घायलों के समाचारों को सरसरी तौर से देखने पर पाया कि इसमें भीड़ प्रबंधन के वैज्ञानिक अनुसंधान के बारे बात नहीं की गई है। भारत में किसी भी स्तर पर-पुलिस, गृह विभाग और अन्य संबद्ध विभागों जैसे कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पास भीड़ प्रबंधन के लिए रोड मैप नहीं है।

क्राउड फोरकास्टिंग एंड मैनेजमेंट जैसे वैज्ञानिक अनुसंधान के मुद्दे हमारे पुलिस और गृह विभाग की प्राथमिकताओं की सूची में है ही नहीं, जो भी उपाय व्यवहार में लाए जा जाते हैं वे भीड़ की हिंसक और ध्वंसात्मक प्रवृत्ति को रोकने के लिए हैं। इनके इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग और संसाधनों की प्रकृति (एप्रोच और यूटिलाइजेशन) वही पुराने ढर्रे या कॉलोजियल टाइम्स की है, जबकि इक्कीसवीं सदी में पुलिस सुधार लागू किए जाने के बाद भी पुरानी तकनीक का इस्तेमाल जारी है। भीड़ प्रबंधन से संबंधित जो शोध हुई हैं, उससे हमारे पॉलिटिशियन्स अधिक वाकिफियत नहीं रखते जबकि राजनीतिक रैलियां और धार्मिक कार्यों के नाम पर कुछ हज़ार से लेकर लाखों लोग भीड़ के रूप आज भी नई कांफ्रेंसिंग और पब्लिक एड्रेस सिस्टम्स मोबाइल फोन टेक्नोलॉजीज, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग, सेटेलाइट कनेक्टिविटी, के आगाज के बाद इनके प्रयेग से या तो अधिक परिचित नहीं हैं या इन तक सबकी पहुंच नहीं है। भारत में पुलिस और सिविल अथॉरिटीज का एक्सपोजर क्राउड के साइंटिफिक मैनेजमेंट में किस स्तर का है इस बारे कोई डेटा उपलब्ध नहीं है।

रणनीति के नाम पर हम जीरो तो नहीं हैं, लेकिन रिलीजियस गैदरिंग्स के मौके पर पुलिस अकसर यह सोचकर बेपरवाह हो जाती है कि किसी बाबा या धार्मिक संस्थान द्वारा आयोजित किए गए मेले, प्रवचन या एक सामूहिक इवेंट के दौरान लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए इनके वालंटियर पर्याप्त होंगें। हमारे कुछेक संस्थानों और स्वतंत्र अध्येताओं ने क्राउड कंट्रोल एंड स्ट्रेटेजिक इंटरवेंशन को लेकर अध्ययन किया है। प्रयागराज में सन 2019 में आयोजित अर्द्ध-कुंभ मेले के दौरान किए गए अध्ययन क्राउड मैनेजमेंट एंड स्ट्रेटेजीज फॉर सिक्यूरिटी एंड स्वायलेंस ड्यूरिंग द लार्ज मास गैदरिंग इवेंट्स -द प्रयागराज कुंभ मेला 2019 एक्सपीरियंस का प्रकाशन प्रयागराज स्थित नेशनल एकेडमी ऑफ़ साइंसेज के जर्नल नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज लेटर्स में सन 2022 के मई-जून अंक में किया गया। इस और अन्य जर्नल्स में प्रकाशित अध्ययनों के नोटिस भीड़ प्रबंधन एजेंसीज ने लिया या नहीं, इसका कोई फीडबैक उपलब्ध नहीं है और न ही इसका कोई व्यावहारिक स्वरुप सार्वजनिक प्लेटफ़ॉर्म्स पर दिखाई दिया है।

हाथरस और इससे पहले हुए अनेक हादसों से पहले यह आकलन किया ही नहीं गया था कि जनसमूह का आकार कितना विशाल होगा और उपलब्ध या सीमित स्थान में आकर इसके जमा होने या बैठने की क्षमता है या नहीं और गड़बड़ होने के बाद इसे काबू में रखने का क्या तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय तय किया गया है। जनसमूह का आकार अगर धीरे-धीरे बढ़ता है और इसका पूर्वाकलन नहीं किए जाने से संख्या बेतहाशा बढ़ती जाए, जैसा कि हाथरस में हुआ, तब इमरजेंसी मैनेजमेंट के अंतर्गत जो करना चाहिए वह भी संभव नहीं हो पाता। बैरिकेड्स लगाकर भीड़ को नहीं रोका जा सकता और फेंसिंग को तो उग्र भीड़ नाराज़ होकर तोड़ देती है।

किसान आंदोलन के समय दिल्ली में शंभू बॉर्डर बैरिकेड्स पर ऐसा हुआ था। इस स्थिति में फिजिकल और साइकोलॉजिकल उपाय भी अकसर फेल हो जाते हैं। प्रबंधन करने वालों के स्थल की जियोग्राफी और मानव समूह की प्रकृति का ठीक से अध्ययन न किए जाने से इमरजेंसी मेडिकल उपाय भी अमल में नहीं लाए जा सकते। भीड़ नियंत्रण के लिए शास्त्रीय ज्ञान का सृजन करने वाले हमारे मनीषी कहते हैं कि मेले में आए हुए लोगों को मंथर गति से चलना चाहिए, आने और जाने के रास्ते अलग होने चाहिए ताकि लोग आपस में टकराए नहीं। वीआईपी लोगों को जनसमूह जहां जमा है उस रास्ते से बाहर की ओर प्रस्थान नहीं करके पीछे के रास्ते से तुरंत निकल जाना चाहिए, लेकिन मामला हाथरस जैसा हो या कहीं और का, जनसमूह को अभिवादन करते हुए, जयजयकार सुनने की लालसा रखने वाले अधिकतर लोग भीड़ की ओर से निकलने को प्राथमिकता देते रहे हैं। हाथरस में कीचड़ वाले अस्थायी स्थल पर डेढ़ से दो लाख जन कुछ ही समय में इकट्ठा हुए तब प्रबंधन के लिए पूर्व सूचना के बिना समग्र इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली की स्थापना करना कैसे संभव हो सकता था। वह भी तब जब भीड़ प्रबंधन का एबीसी भी न जानने वालों ने इस आयोजन की इजाजत दी हो? अगर नगराधीश या पुलिस कप्तान को असामान्य रूप से विशाल भीड़ की जानकारी विलंब से मिली तब ड्रोन-निगरानी को तो एक्टिवेट किया ही जाना चाहिए था।

सन 2013 में एल्सेविएर ने ह्यूमन स्टैंपीड्स ड्यूरिंग रिलीजियस फेस्टिवल्स ए कम्पेरेटिव रिव्यु ऑफ़ मास गैदरिंग इमरजेंसीज इन इंडिया नाम से एक अध्ययन का प्रकाशन किया, जिसमें बताया गया कि सन 1980 से 2007 के बीच विश्व में अनेक स्थानों पर हुई भगदड़ की 215 घटनाओं में 7069 लोगों की मृत्यु हुई थी और 14000 लोग घायल हुए। भारत में भीड़ के प्रोफाइल की। ठसाठस भरे हुए स्थायी या अस्थायी पंडाल में कई घंटों तक लगभग एक ही मुद्रा में बैठे हुए लोग समापन के समय एक साथ उठते हैं और शारीरिक अकड़न और ऊब से छुटकारा पाने के लिए तत्काल बाहर की ओर प्रांगण अथवा मार्ग पर आने में जल्दबाजी करते हैं। प्रतिष्ठित या लोकप्रिय व्यक्ति की छवि पाने के लिए निकट पहुंचने के लिए मुकाबला करते हुए निकट उपस्थित मनुष्यों को धकियाते हैं, तब भीड़ में मनुष्यों के शरीर सामूहिक तौर पर एक खतरनाक और ताकतवर फ्लूइड की तरह आचरण करते हैं और मार्ग में आने वाले अवरोधों को अचानक प्रकट हुई इसकी ताकतवर धारा के तले रौंदते हुए आगे बढ़ जाना चाहते हैं। इस डायनामिक्स के अंतर्गत ताकत का जो विस्फोट अचानक होता है उसके तले मानव शरीर ही कुचले जाते हैं। उपरोक्त के संबंध में यह जानना रोचक है कि सेरेंघेटी नेशनल पार्क, केन्या में लाखों की संख्या में जंगली पशुओं के सालाना माइग्रेशन के दौरान लाखों की संख्या में होने से इनकी भीड़ और फास्ट मूवमेंट और आकाश में विचरण करने वाले स्टर्लिंग पक्षियों की सामूहिक, सुरक्षित उड़ान के ब्योरे शोधकर्ताओं ने इकट्ठा क्यों किए? उद्देश्य था इन जीवों में क्राउड कंट्रोल की डायनामिक्स को समझने के लिए सैंकड़ों प्रकार की सूचना जुटाना। भीड़ में मनुष्य की मंथर चाल और गतिमय रहकर परस्पर संवाद करने की प्रवृत्ति का भी अध्येताओं ने रिकॉर्ड रखा है। भगदड़ मचने के दौरान अनियंत्रित, भयभीत जनों के रक्त में एड्रिनालिन नामक हार्मोन का स्तर उच्च पाया गया। ऐसे में लोग होश खो देते हैं। इन दोनों का तत्काल तोड़ किसी भी वैज्ञानिक के पास नहीं है सिवा इसके कि रिस्क को मिनीमाइज करने के उपाय पहले से किए जाने जरूरी हैं।

भारत के नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो और गृह मंत्रालय में इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी डिवीज़न सन 1996 से दुर्घटना में मारे गए लोगों और मृत्यु के कारणों का डेटा रखने लगा है। क्राउड कण्ट्रोल स्ट्रेटेजीज के संबंध में जो 13 वैज्ञानिक अध्ययन मैंने देखे हैं इनके निष्कर्षों के आधार पर भविष्य में भगदड़ में मरने वालों की सुरक्षा के लिए पुलिस और गृह विभाग के अलावा डिस्ट्रिक्ट अथॉरिटीज को वैज्ञानिक जानकारी को शेयर करने के अलावा प्रबंधन विज्ञान के नाते से बंदोबस्त को अधिक तकनीकीमय बनाना होगा। भीड़ के साइज का पूर्वानुमान लगाने के लिए रियल-टाइम मैनेजमेंट करना जरूरी होगा, जिसके लिए आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टेक्नीक्स का इस्तेमाल अपरिहार्य है। आयोजनकर्ता के साथ बैठकर आयोजन के उद्देश्य -जैसे कि धार्मिक या मनोरंजन, पॉलिटिकल या जॉब मेला, प्रतियोगी परीक्षा या कुछ और को स्पष्ट करना होगा। उक्त 13 स्टडीज का निष्कर्ष लोगों में भय पैदा करना, उनसे सख्ती से पेश आना, दुर्व्यवहार करना या रोकना नहीं, बल्कि पिछले हादसों से सबक लेते हुए इनकी संभावना को टालना और जोखिम को कम करना या रिस्क को कम करना होना चाहिए, जिसके लिए ट्रैफिक मूवमेंट डिज़ाइनर्स, साइकोलोजिस्ट्स, क्राउड कण्ट्रोल एक्सपर्ट्स और हाई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल में दक्ष लोगों को साथ रखने की सिफारिश की गई है।

प्रसंगवश

विश्वास बनाम अंधविश्वास

धर्म क्षेत्र में श्रद्धा और विश्वास का बड़ा महत्व है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। गोस्वामी तुलसीदास ने भी प्रतिपादित किया है, "श्रद्धा बिना धर्म नहिं होई। बिनु महि गंध कि पावहि कोई"।। उन्होंने तो भगवान शंकर और माता पार्वती को ही श्रद्धा और विश्वास का मूर्तिमान रूप बता दिया। "भवानी शंकरौ वंदे श्रद्धा विश्वास रूपिणौ'। ऐसे में साधक या भक्त को यह सलाह नहीं दी जा सकती कि विश्वास करो ही नहीं।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

आज सामान्य भक्त और श्रद्धालु को अपने विवेक और बुद्धि का ही इस्तेमाल करना होगा। उसे देखना होगा कि कौन साधु, धर्माचार्य, प्रवचनकर्ता या मठाधीश सच्चा है और कौन पाखंडी। स्वर्ग और मोक्ष प्राप्ति तथा असीमित मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु आम आदमी हर कथित साधु या धर्माचार्य के बहकावे में आ जाता है और अंधविश्वास करके अभीष्ट प्राप्ति हेतु वहां पहुंच जाता है। जब भीड़ ज्यादा होगी तो कोई भी व्यवस्था चरमरा ही जाएगी। ऐसे धार्मिक जन समूहों पर नियंत्रण करने और उन्हें अनुशासन में रखने हेतु प्रशासन व पुलिस सहसा बल प्रयोग भी नहीं कर सकते। अतः हादसे तो हो ही सकते हैं। क्या ये श्रद्धालु यह नहीं देखते कि जो बाबा, जोगी, धर्मांधी खरबों का साम्राज्य खड़ा किए हैं, चमचमाती मंहगी कारों और वायुयान से चलते हैं, जिनकी अपनी सेना है, जिन पर चारित्रिक आक्षेप भी लगते हैं, वैराग्य, ज्ञान, भक्ति, त्याग और अपरिग्रह का पाठ क्या पढ़ाएंगे? जो रजोगुण में डूबे हैं, वे साधक को सतोगुणी कैसे बनाएंगे? "बहु दाम सवांरहिं धाम जती। विषया हरि लीन न रहि विरती", लेकिन लोग स्वर्गादि प्राप्ति और मनोकामना पूर्ति हेतु जाते जरूर हैं और बहुधा बड़ी संख्या में काल कवलित हो जाते हैं।

भारी मन से यह कहना पड़ रहा है कि ऐसी घटनाओं के लिए कुछ हद तक श्रद्धालुओं का अंध विश्वास भी उत्तरदायी है। इसका मतलब यह नहीं कि ऐसे बाबा, कार्यक्रम आयोजक और प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेंगे। वे तो उत्तरदायी हैं ही और दंडित किए ही जाने चाहिए, लेकिन धर्मांधता भी आत्म नियंत्रित की जानी चाहिए।

बैंकिंग क्षेत्र बेहतर करने को तैयार एआई

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

एआई एल्गोरिदम वास्तविक समय में लेनदेन की निगरानी करते हैं, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करते हैं और संभावित धोखाधड़ी को चिह्नित करते हैं।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वैश्विक स्तर पर उद्योगों में क्रांति ला रहा है और बैंकिंग क्षेत्र भी इसका अपवाद नहीं है। भारत में जहां बैंकिंग प्रणाली अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, एआई का एकीकरण पारंपरिक बैंकिंग प्रथाओं को महत्वपूर्ण रूप से बाधित करने के लिए तैयार है। भारतीय बैंकिंग में एआई की शुरुआत 2010 की शुरुआत में हुई जब वित्तीय संस्थानों ने परिचालन दक्षता और ग्राहक सेवा बढ़ाने के लिए एआई की खोज शुरू की।

प्रारंभ में एआई एप्लीकेशन धोखाधड़ी का पता लगाने, जोखिम प्रबंधन और डेटा एनालिटिक्स जैसे बैक एंड संचालन तक सीमित थे। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी विकसित हुई, बैंकों ने अधिक परिष्कृत कार्यों के लिए एआई का उपयोग करना शुरू कर दिया। एआई संचालित डेटा एनालिटिक्स टूल ने बैंकों को ग्राहक व्यवहार और प्राथमिकताओं में गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद की। चैटबॉट्स और वर्चुअल असिस्टेंट की तैनाती ने भारतीय बैंकों द्वारा एआई अपनाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित किया। एचडीएफसी बैंक का "ईवा" आईसीआईसीआई बैंक का "आईपाल" और एसबीआई का "एसआईए" उल्लेखनीय उदाहरण हैं। ये एआई-संचालित इंटरफेस चौबीसों घंटे ग्राहक सहायता प्रदान करते हैं। नियमित पूछताछ और लेनदेन को कुशलतापूर्वक संभालते हैं।

एआई संचालित वैयक्तिकरण इंजन अनुरूप वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने के लिए ग्राहक डेटा का विश्लेषण करते हैं। इसने प्रासंगिक और समय पर समाधान प्रदान करके ग्राहकों की संतुष्टि और वफादारी में सुधार किया है। चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट अब ग्राहक इंटरैक्शन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा संभालते हैं। प्रतीक्षा समय को कम करते हैं और सेवा दक्षता में सुधार करते हैं। वे खाते की शेष राशि की पूछताछ, फंड ट्रांसफर और ऋण आवेदन जैसे कार्यों में सहायता करते हैं।

रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) और एआई डेटा एंट्री, केवाईसी सत्यापन और अनुपालन जांच जैसे दोहराए जाने वाले कार्यों को स्वचालित कर रहे हैं। इससे परिचालन लागत और मानवीय त्रुटियां कम हो जाती हैं। एआई मॉडल सोशल मीडिया गतिविधि और लेनदेन इतिहास सहित डेटा बिंदुओं की एक विस्तृत श्रृंखला का विश्लेषण करके साख का आकलन करते हैं। इसने ऋण प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित कर दिया है और वंचित आबादी के लिए ऋण को अधिक सुलभ बना दिया है।

एआई एल्गोरिदम वास्तविक समय में लेनदेन की निगरानी करते हैं, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करते हैं और संभावित धोखाधड़ी को चिह्नित करते हैं। इस सक्रिय दृष्टिकोण ने धोखाधड़ी से संबंधित नुकसान को काफी कम कर दिया है। एआई संचालित जोखिम मूल्यांकन उपकरण संभावित जोखिमों की प्रारंभिक चेतावनी प्रदान करने के लिए बाजार के रुझान और आर्थिक संकेतकों का विश्लेषण करते हैं। इससे बैंकों को सूचित निर्णय लेने और जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम करने में मदद मिलती है। भारतीय बैंकिंग में एआई का भविष्य प्रौद्योगिकी में प्रगति और बढ़ती स्वीकार्यता के साथ और अधिक व्यवधान का वादा करता है। हालांकि यह परिवर्तन चुनौतियों और विचारों के साथ आएगा।

एआई संचालित बैंकिंग में बदलाव के लिए कार्यबल को फिर से कुशल बनाने की आवश्यकता होगी। उभरते नौकरी बाजार में प्रासंगिक बने रहने के लिए कर्मचारियों को नई प्रौद्योगिकियों और एआई अनुप्रयोगों में प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। एआई भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को बेहतर करने के लिए तैयार है, जो बेहतर ग्राहक अनुभव, परिचालन दक्षता और बेहतर जोखिम प्रबंधन जैसे कई लाभ प्रदान करता है। हालांकि इस परिवर्तन के लिए डेटा गोपनीयता, नैतिक विचारों, नियामक अनुपालन और कार्यबल संक्रमण से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता होगी।

जैसे-जैसे एआई तकनीक का विकास जारी है, भारतीय बैंकों को जिम्मेदार और नैतिक उपयोग सुनिश्चित करते हुए नवाचार को अपनाना चाहिए। ऐसा करके, वे आने वाले वर्षों में विकास, समावेशिता और ग्राहक संतुष्टि को बढ़ावा देने के लिए एआई की पूरी क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। भारतीय बैंकिंग में एआई की यात्रा अभी शुरू हुई है और भविष्य में एक स्मार्ट, अधिक कुशल वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए रोमांचक संभावनाएं हैं।

सोशल फोरम

धार्मिक अंधेरे की देन

21 वीं सदी में धार्मिक सुधार की आवाजों को पूरी तरह दबाकर धार्मिक पागलपन के लिए प्रोत्साहन तरह-तरह से बढ़ा है। उसका एक नतीजा हाथरस में एक सूट-बूटधारी भगवान के धार्मिक आयोजन में मची भगदड़ है, जिसमें 120 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गई। इसमें स्त्रियां ज्यादा मरीं, क्योंकि स्त्रियों तक सबसे कम स्वाधीनता पहुंची है, स्त्रीवाद पर चाहे जितनी गरम बहसें चलती रही हों।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इसके पहले भी धार्मिक भगदड़ों में अनगिनत लोग मारे गए हैं। महाराष्ट्र (2005) के मंधार देवी मंदिर की भगदड़ में 340 श्रद्धालुओं की, राजस्थान (2008) के चामुंडा देवी मंदिर में 250 श्रद्धालुओं की, हिमाचल प्रदेश (2008) के नैना देवी मंदिर की भगदड़ में 162 भक्तों की जान गई है। श्रद्धालुओं की अंधी भीड़ के कारण जम्मू (2022), इंदौर (2023) आदि के मंदिरों की भगदड़ों में भी श्रद्धालु मारे जाते रहे हैं। आखिरकार हम अपने धर्म को कैसा बनाते जा रहे हैं कि इसमें भगवान के मंदिर में ही या धर्मसभाओं में इस तरह कुचले जाकर प्राण देना पड़ता है। हर तरफ धर्म का शोर बढ़ा है, पर यह भी नजर आता है कि लोग तरह-तरह से मारे जा रहे हैं। सौ-डेढ़ सौ साल पहले ऐसा नहीं था कि हिंदू ऐसे कुचले जाते हों। लोग अनपढ़ थे, पर ऐसी धार्मिक विमूढ़ता नहीं थी, ऐसा पागलपन न था, बल्कि 19 वीं-20 वीं सदी के उस दौर में धार्मिक रूढ़ियों से स्वाधीनता की भूख थी। भारत के लोगों की स्वाधीनता के मार्ग में कारपोरेट सभ्यता के अलावा दूसरी सबसे बड़ी बाधाएं हैं धार्मिक रूढ़ियां, अंधविश्वास और जाति प्रथा। जाति प्रथा खत्म हो जाए तो दहेज प्रथा भी समाप्त हो जाएगी।

कहना होगा कि ऐसी रूढ़ियों से मुक्ति के मार्ग में सबसे बड़ा रोड़ा सत्ता की वर्तमान राजनीति है। आज की सरकारें धार्मिक रूढ़ियों और अंधविश्वासों की सबसे बड़ी संरक्षक हैं। यदि हाथरस जैसी घटनाओं को रोकना है तो इसके लिए आम जनता को खुद आगे आकर अपनी निर्भीक आवाज बुलंद करनी होगी। यह इसलिए भी जरूरी है कि वह ईश्वर के प्रति अपनी आस्था को प्रदूषण मुक्त कर सके।

-फेसबुक वॉल से

आपातकाल के दंश का भुक्त भोगी

(गतांक से आगे): आपातकाल के दंश ने इंदिरा कांग्रेस की सत्ता का अंत कर दिया था। केंद्र और प्रदेश दोनों का शासन छिन चुका था। उत्तर प्रदेश में रामनरेश यादव, मुख्यमंत्री पद पर आसीन हो चुके थे। उनके ही दल के नेता चौधरी चरण सिंह केंद्र में गृह मंत्री थे। लाल सिंह वर्मा उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग के सर्वोच्च पद 'महानिरीक्षक' के पद पर आसीन थे। उनके बरेली आगमन के समय मैं डीएसपी सिटी के पद पर नियुक्त था। इसी बीच जनपद गोरखपुर तथा वाराणसी में मेरे ज्येष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे, विनोद कुमार जैन, डीआईजी बनकर नैनीताल रेंज का प्रभार ग्रहण कर चुके थे। दोनों स्थानों पर मुझको उनका विश्वास और स्नेहाशीष मिल चुका था। उन्होंने मेरी नियुक्ति तीसरी बार अपने अधीन जनपद पिथौरागढ़ का प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक करा लिया था।

तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक उत्तर प्रदेश लाल सिंह वर्मा से मेरी पहली भेंट बरेली में हुई थी। पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों ने उनसे मेरी जो प्रशंसा की थी, उससे वह बहुत प्रभावित थे। जाते समय अकेले में मेरी प्रशंसा करते हुए, उन्होंने मेरी शैक्षिक योग्यता एवं पारिवरिक बैकग्राउंड के विषय मे जानकारी ली थी। पिथौरागढ़ के जनपद पुलिस प्रभारी के पद पर कार्य करते हुए अभी लगभग चार माह ही हुए थे कि एक दिन श्री जैन का बुलावा आया। मेरे नैनीताल स्थित उनके आवास पर पहुंचने पर बताया कि "श्री वर्मा मुझको अपना डीए (डिप्टी असिस्टेंट) बनाना चाहते हैं। एक डिप्टी एसपी के लिए सम्मान की जगह है विशेष वेतन भी है।" मेरी समझ में नहीं आ रहा था कि क्या कहूं? श्री जैन ने बताया कि वहां पर मुझको पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा शासन में प्रशासनिक उच्चाधिकारियों से भी अनायास संपर्क का सुअवसर मिलेगा। मेरे सामने ही उन्होंने श्री वर्मा से बातकर बता दिया कि मुझ को "उनके निकट सेवा के सौभाग्य पर प्रसन्नता है।" फिर मैं पिथौरागढ़ से आईजी ऑफिस (उस समय एडीजी/डीजी के पद स्वीकृत नहीं थे) लखनऊ आ गया था। बिना मेरी सहभागिता के माता प्रसाद आईएएस को बचाने के लिए "बरेली नाखून कांड" में मुझको बलि का बकरा बनाया गया। मेरी पूर्ण निर्दोषिता को पूरी तरह स्वीकार करते हुए भी भारतीय पुलिस सेवा के उच्चाधिकारी मौखिक सहानुभूति के अतिरिक्त मेरे लिए खुलकर नहीं आए।

डॉ.अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक, उप्र

यही नहीं अवतार नारायण कौल, डीआइजी बरेली रेंज भी बार-बार झूठा आश्वासन के अतिरिक्त मुझको दोष मुक्त करने का निर्णय देने का साहस नहीं दिखा सके, जबकि पीड़ित वीरेंद्र अटल एवं रमेश आनंद ने भी अपने बयानों में माता प्रसाद के आदेश पर हाकिम राय को उत्पीड़नकर्ता बताया था।

वैसे बनारसी दास के शिकायती पत्र में भी माता प्रसाद के स्पष्ट आदेश पर ही कोतवाल अमानवीय उत्पीड़न के कुकृत्य का आरोप लगाया था। श्री दास के अति संक्षिप्त शिकायती पत्र में, आरोप मात्र इतना ही था कि जिलाधिकारी माता प्रसाद के आदेश पर शहर कोतवाल (नाम नहीं था) ने वीरेंद्र अटल और रमेश आनंद को अमानवीय यातना दी थी। वैसे भी सर्वविदित तथ्य है कि भारतीय प्रजातंत्र में वास्तविक सत्ता भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों (वह भी सीधी भर्ती के) के हाथों में ही है। मेरा यह अभिलेखिक/मौखिक प्रमाणिक तथ्यों के नितांत प्रतिकूल प्रमाणित उदाहरण इसका ज्वलंत उदाहरण है, क्योंकि अपनी फरियाद लेकर बार-बार उनके पास जाने और बुलाकर प्रेमपूर्वक बातें करने और मुझको निर्दोष होने का लिखित आश्वासन मात्र आश्वासन ही रह गया। डीए पद पर कार्यरत रहने (निलंबन के बावजूद) के आश्चर्यजनक उदाहरण के कारण मेरा सचिवालय में आना-जाना निर्बाध था।

कुछ दिनों के बाद मुझे लगने लगा था कि पीसीएस से आईएएस पदोन्नत दोनों अधिकारी प्रमुख सचिव गृह, श्री बिसेन और विशेष सचिव गृह राम चन्द्र टकरू अपनी मीठी बोली और झूठे आश्वासन से मुझको मात्र बरगला रहे थे। माता प्रसाद के पक्ष में सारा सचिवालय मानो उनको बचाने के लिए लामबंद था, क्योंकि मैंने प्रमुख न्यायिक मजिस्ट्रेट बरेली के न्यायालय में सही बयान देने का दुस्साहस कर दिया था। जैसा कि सत्य उच्चस्तरीय बैठक में रुहेलखंड के गांधी के नाम से सुख्यात श्री आजाद को घर से लाकर कोतवाल हाकिम राय को सौंपकर तुरंत जेल भेजने के निर्देश का 'पाप' स्वयं किया था। उनको कोतवाल के सुपुर्द दिन में लगभग दो-तीन बजे ही कर दिया था। किंतु कोतवाली पुलिस ने रात लगभग आठ बजे कुछ लोगों को टेलीफोन और बिजली का तार काटने एवं आपातकाल के विरुद्ध हिंसात्मक आंदोलन के लिए उकसाने में जेल भेजा था। श्री आजाद अपने विरुद्ध अभियोग में मुझको एक महत्वपूर्ण साक्षी के रूप में न्यायालय से बुलावा भिजवाने में सफल हुए थे। एसएसपी ने मेरी सहायता में असमर्थता व्यक्त कर दी थी। मैं जिला और सत्र न्यायाधीश मुरलीधर जी के घर जा पहुंचा। मेरी बात सुनकर उन्होंने सीजेएम को भी अपने घर पर ही बुला लिया। वहीं पर तय हुआ कि मैं सत्य का साथ दूं तथा उनको कोतवाली लाने तक की बात कहूं। प्रथम सूचना के विषय में सीजेएम मेरी मदद करेंगे और उसके सही-गलत होने पर प्रश्न नहीं पूछेंगे। यही हुआ भी। इससे श्री आजाद के मामले में सत्य की रक्षा भी हो गई, किंतु यही सच्चाई मेरे भविष्य के लिए घातक हो गई।

माता प्रसाद ने नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से कहलवाया कि यदि मैं न्यायालय में यह सशपथ बयान दे दूं कि श्रीमाता प्रसाद मेरी मौजूदगी में कोतवाली आए ही नहीं, न तो युवकों का उत्पीड़न हुआ, तो मैं तुरंत मेरी दोष मुक्ति का आदेश निर्गत हो जाएगा। किंतु मेरी मौजूदगी में मात्र आतंक-प्रचार के उद्देश्य से दोनों युवकों के साथ हुए अत्यंत क्रूर यातना की दारुण स्मृति ने ऐसा नहीं होने दिया। बरेली जेल से पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा वर्तमान मुख्यमंत्री को भेजे गए संक्षिप्त शिकायती पत्र और मेरे द्वारा की गई 'तथाकथित जांच आख्या' मेरे निलंबन एवं मेरे प्रतिशोधात्मक भयंकर उत्पीड़न का कारण बना।

विकास की गारंटी नहीं विशेष राज्य का दर्जा

भारत में विशेष राज्य का दर्जा किसी राज्य को उसकी विशेष परिस्थितियों के कारण दी जाने वाली सुविधा है, जिसे राज्यों को विशेष वित्तीय सहायता और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए लागू किया गया था। यह दर्जा आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े राज्यों को विकास की गति देने के उद्देश्य से दिया जाता है। बिहार राज्य भी लंबे समय से इस दर्जे की मांग कर रहा है, लेकिन यह धारणा कि विशेष राज्य का दर्जा बिहार के विकास की गारंटी हो सकता है, वस्तुतः सही नहीं हो सकती।

प्रीति सिंह
कानपुर

विशेष राज्य का दर्जा उन राज्यों को दिया जाता है, जो भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय रूप से कमजोर माने जाते हैं। इस दर्जे के तहत, इन राज्यों को केंद्रीय करों में अधिक हिस्सा, केंद्रीय योजनाओं के तहत अधिक अनुदान और बाहरी सहायता प्राप्त होती है। इसका उद्देश्य है इन राज्यों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना और विकास की मुख्य धारा में शामिल करना। विशेष राज्य का दर्जा पाने वाले राज्यों को कई लाभ मिलते हैं। अगर राज्य सरकार में नीति निर्धारण और क्रियान्वयन की क्षमता कमजोर है तो विशेष राज्य का दर्जा भी असरकारी नहीं हो पाएगा। भारत में कई राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा दिया गया है, जिनमें से कुछ ने इसका लाभ उठाकर अपने विकास को गति दी है, जबकि कुछ राज्य अभी भी पिछड़े हुए हैं। हिमाचल प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है और उसने इस स्थिति का उपयोग करके अपने बुनियादी ढांचे और सामाजिक सूचकों में सुधार किया है। राज्य सरकार की अच्छी नीतियां और प्रशासनिक दक्षता ने इसे संभव बनाया। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि उत्तर पूर्वी राज्यों को भी विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है, लेकिन इन राज्यों में विकास की गति अपेक्षाकृत धीमी है। इन राज्यों में चल रहे राजनीतिक अस्थिरता, उग्रवाद और प्रशासनिक कुप्रबंधन इसके मुख्य कारण हैं। बिहार के विकास के लिए केवल विशेष राज्य का दर्जा पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक मजबूत प्रशासनिक तंत्र, राजनीतिक स्थिरता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की आवश्यकता है।

2027 में प्रदेश में बनेगी सपा की सरकार, अखिलेश होंगे मुख्यमंत्री

सपा के राष्ट्रीय महासचिव ने जसवंतनगर में कार्यकर्ताओं में किया उत्साह का संचार

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार । पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर सपा लोकसभा में देश की तीसरी बड़ी पार्टी बनी है। गठबंधन की सरकार बनते बनते रह गई। कार्यकर्ता निराश न हों। आपकी यही मेहनत और ऊर्जा प्रदेश में 2027 की सरकार बनाने का काम करेगी। अखिलेश यादव मुख्यमंत्री जरूर बनेंगे। ये बातें सपा के राष्ट्रीय महासचिव, क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव ने जमुना बाग स्थित पत्रकार रामवीर यादव के यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहीं। वह लोकसभा चुनाव में मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव की जीत के लिए जसवंतनगर के कार्यकर्ताओं व जनता का आभार जताने आए थे।

कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के लिए नहीं पूजीतियों के लिए काम कर रही है। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए अभी से सभी तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने पार्टी समर्थकों, बुजुर्ग मतदाताओं का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

सपा महासचिव शिवपाल सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

● सपा नेता ने सैफई स्थित आवास पर पत्रकारों से की बात

प्रो रामगोपाल यादव ।

यह रहे मौजूद

सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, विधायक प्रतिनिधि ठा .अजेंद्र सिंह गौर, अनुज, मोंटी यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि हाजी मो . शमीम, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अनिल प्रताप, पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार, राजेंद्र प्रसाद, खन्ना यादव, मनोज यादव, जितेंद्र, मोना यादव, भुजवीर सिंह, रामवीर यादव, राजपाल यादव, बृजेश यादव, सभासद राजीव यादव, अभी यादव समेत बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

हादसे के लिए भोले बाबा जिम्मेदार नहीं : प्रो. रामगोपाल

सैफई, इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो . रामगोपाल यादव ने कहा है कि हाथरस में हुए हादसे के बाद सरकार को ऐसे आयोजन के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाए जाने की जरूरत है। तभी इस तरह से हादसों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। वे गुरुवार को सैफई स्थित आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसी एसओपी बनाने की जरूरत है, जिसमें आयोजन के लिए भीड़, आयोजन स्थान, सुरक्षा, दमकल गाड़ियों को पहुंचने का रास्ता आदि ठीक है या नहीं यह जानकर ही आयोजन की अनुमति दी जानी चाहिए। यदि ऐसे सख्त नियम बनाए जाएंगे तभी इस तरह के हादसों पर रोक लग पाना संभव होगा। इस हादसे के लिए भोले बाबा को जिम्मेदार ठहरना किसी भी सूरत में उचित नहीं है। वे नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा का बचाव करते नज़र आए। उन्होंने कहा कि हादसे तो होते ही रहते हैं, जब आस्था के चलते जरूरत से ज्यादा लोग किसी समारोह में शामिल होंगे तो अव्यवस्था के चलते इस तरह के हादसे होना आम बात है।

आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर 7 को

इटावा। प्रख्यात आयुर्वेदिक फार्मेसी राजस्थान औषधालय प्राइवेट लिमिटेड मुम्बई के सौजन्य से जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के निर्देशन में मां लक्ष्मी क्लीनिक भरथना चौराहा इटावा में 7 जुलाई को सुबह साढ़े नौ से दोपहर ढाई बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। जायंट्स दतावली के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शिवराज सिंह ने बताया कि शिविर में जोड़ दर्द, कब्ज, वबासीर एवं चर्म रोगों के रोगियों को पांच दिन की औषधियां निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। साथ साथ पथरी, गुप्त रोग, समस्त प्रकार के बुखार आदि के रोगियों को भी निःशुल्क परामर्श एवं औषधियां दी जांएगी। जांच में 30 प्रतिशत छूट मिलेगी। शिविर की संयोजक ऊषा यादव ने बताया कि शिविर में रोगी पंजीकरण 7 जुलाई को सुबह साढ़े आठ बजे से प्रारंभ हो जायेगा।

आपात काल के विरोध में जुलूस

संवाददाता बकेवर, इटावा

अमृत विचार। 25 जून 1975 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाकर उनके खिलाफ उठ रही आवाज को कुचलने के लिए नेताओं को जेल में ठूंसकर, नसबंदी चलाकर जनता पर अत्याचार और जुल्म की इबादत लिखी। कांग्रेस ने अपने हितों की रक्षा के लिए संविधान का दुरुपयोग किया। इसके विरोध में कस्बा बकेवर के आलीशान गेस्ट हाउस में भाजपा ने लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान के साथ संगोष्ठी आयोजित की और जुलूस निकाला।

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा ने कहा कि अब तक जो लोग एससी एसटी एक्ट तथा प्रोन्नति में आरक्षण का विरोध करते रहे थे आज वह संविधान के रक्षक कैसे हो सकते हैं। जमीनों पर कब्जा, प्लॉटों पर कब्जा, अपहरण, गुंडागर्दी, नौकरियों में भ्रष्टाचार, ट्रांसफर पोस्टिंग में लूट मचाने वाले संविधान के रक्षक कैसे हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आतंकवाद, भ्रष्टाचार, जातिवाद, नक्सलवाद, माओवाद ,व्यक्तिवाद, परिवारवाद को उखाड़ने की ताकत भाजपा के पास है। धारा 370व 35 ए को हटाना जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने का दंभ हमारी विचारधारा के पास है। गेस्ट हाउस से जुलूस की शक्ल में आपातकाल के विरोध में नारे लगाते हुए सभी पार्टीजन डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पहुंचे और माल्यार्पण किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरनाथ सिंह, मंडल अध्यक्ष सुशील राजपूत, पुष्पेंद्र त्रिपाठी सभासद, ऋषि शुक्ला, ममता कुशवाहा, संजय दुबे, विनोद चौहान, अरविंद मिश्रा, मौजूद रहे। लोकतंत्र सेनानी प्रेम दयाल शर्मा, प्रेम सिंह यादव, शंकर सिंह, रेखा यादव, अफसाना बेगम, राम मिलन दोहरे का माल्यार्पण तथा अंग वस्त्र से सम्मान किया गया।

आपातकाल की याद में काला दिवस मनाते भाजपा नेता गोपाल मोहन शर्मा एवं अन्य।

● भाजपाइयों ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

सीवीओ को मिला एडी का अतिरिक्त प्रभार

इटावा। निदेशक पशुपालन विभाग लखनऊ ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ . मनोज कुमार गुप्ता को अपर निदेशक ग्रेड-2, पशुपालन विभाग, कानपुर मंडल कानपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया है। इस पर पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष अनिल वीर सिंह ने साथियो सहित उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में संघ के उपाध्यक्ष डीके पांडेय, महामंत्री राजेश गोयल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, सयुंक्त मंत्री सुनील भटेले, संरक्षक बादाम सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, केएन सारस्वत, विमल गौतम, शंशाक चौहान, राजहंस, रविंद्र कुमार, नीरज कुमार, मुनेश यादव, जितेंद्र कुमार, राजेश चौहान, रवि यादव, रवि त्रिपाठी आदि उपस्थिति रहे।

सीवीओ डॉ . मनोज कुमार को बुके भेंट करते अनिल वीर सिंह।

शादी के चंद घंटों बाद ही विधवा हो गई विनीता

संवाददाता ताखा, इटावा

● दुल्हन को घर लाकर दूल्हे ने फांसी लगाकर दी जान

अमृत विचार। ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव शिवरा में शादी के बाद विदा कराकर दुल्हन को घर लाने के चंद घंटों बाद ही दूल्हे ने फांसी लगाकर जान दे दी। शादी के ही दिन दुल्हन के विधवा होने से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। दूल्हे के फांसी लगाने से खुशियों वाले घर में मातम छा गया। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। ऊसराहार थाना क्षेत्र के शिवरा गांव निवासी सतेंद्र यादव (25) की शादी सात किलोमीटर दूर स्थिति गांव रतनपुर निवासी ज्ञानसिंह की पुत्री विनीता से हुई थी। दो जुलाई को ताखा स्थिति गेस्ट हाउस में बारात पहुंची और शादी हुई। तीन जुलाई को दुल्हन लेकर बारात दोपहर शिवरा पहुंची। जहां परिवार ने स्वागत किया, रात में जागने के कारण रिश्तेदार व परिवार के लोग आराम करने लगे। इसी दौरान दूसरी मंजिल पर बने कमरे में सतेंद्र यादव ने फांसी का फंदा लगा ली। प्रभारी थानाध्यक्ष ऊसराहार संजय सिंह ने बताया कि फांसी लगाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

सतेंद्र यादव।

रंगमंच कार्यशाला 7 जुलाई से

इटावा। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की संस्था भारतेंदु नाट्य अकादमी के तत्वावधान में कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के संयोजन में जनपद में पहली बार 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला का आयोजन नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट, आलमपुर हौज, इटावा में किया जा रहा है। संस्कार भारती इटावा के सचिव कुलदीप अवस्थी के अनुसार 7 से 17 जुलाई तक चलने वाली कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को नाट्य विधा की बारीकियां सिखाई जाएंगी और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु छात्र- छात्राएं 9412879718 , 8979733938, 8439999000 पर 5 जुलाई तक संपर्क कर सकते हैं।

पुण्यतिथि पर स्वामी विवेकानंद का स्मरण

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि के अवसर पर स्वामी विवेकानंद सेवा संस्थान की ओर से एसपी चौराहा पर स्थित स्वामी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया तथा उनका स्मरण किया गया। इसके साथ ही स्वामी जी के बताए रास्ते पर चलने का अह्वान भी किया गया।

चौधरी चरण सिंह डिग्री कॉलेज हेंवरा के प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं। युवाओं को स्वामी जी के बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। उनके मार्ग के अनुगामी बनकर ही हम विश्व गुरु बन सकते हैं। स्वामी जी ने जो मार्ग दिखाया और अल्प आयु में जो कार्य किए वह सदैव अनुकरणीय रहेंगे। पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य डा. कैलाश यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं हम जब भी निराश हो या मुसीबत में हो तो हम स्वामी जी के विचारों से प्रेरणा ले सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं। स्वामी जी के विचार लगातार हमें प्रेरणा देने का काम करते हैं। इस मौके पर स्वामी विवेकानंद सेवा संस्थान के अध्यक्ष संजय सक्सेना, डॉ आशीष दीक्षित, विवेक रंजन गुप्ता, माधवेन्द्र शर्मा, भूम्रिजा फाउंडेशन के रविंद्र चौहान मौजूद रहे।

स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि देते संस्थान के पदाधिकारी अमृत विचार

● स्वामी जी के आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान

सार-संक्षेप

दबंग ने दी जान से मारने की धमकी

इटावा । थाना सैफई क्षेत्र के तरकारा गांव के सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र कुमार उर्फ रौली गुरुवार प्रात : 11 बजे थाना सैफई क्षेत्र के तरकारा में एक परिचित के यहां बैठे थे। उसी समय जिला मैनपुरी के थाना करहल क्षेत्र का निवासी एक व्यक्ति वहां आया और गाली-गलौज करने लग गया। पीड़ित ने डायल 112 पर इसकी सूचना दी, तो आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने पहुंचकर पीड़ित को न्याय का भरोसा दिया है।

पत्रकार इंतजार के पिता का निधन

इटावा। स्थानीय मोहल्ला कटरा शाहाब खां निवासी पत्रकार इंतजार अहमद खान के पिता इश्तियाक अहमद खान (94) का निधन हो गया। रिश्तेदार, मोहल्ले वासियों सहित बड़ी संख्या में पत्रकारों, नेताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। मरहूम की नमाज़े जनाजा जिन्नातों वाली मस्जिद में हुई और दफीना महेरा चुंगी स्थित मोहम्मद अली सैयद कब्रिस्तान पर गमगीन माहौल में हुआ। मौलाना उबैदुर्रहमान, खादिम अब्बास, मसूद तैमूरी, शावेज़ नक़वी, निहाल खान, जावेद अख्तर, मसरूर खान, इकबाल कुरैशी, शारिब एजाज, जाहिद वारसी, मो . आमीन, शाहनवाज आलम, खुर्शीद, इरशाद, आदि ने शोक व्यक्त किया।

चौकी इंचार्ज ने कार्यभार संभाला

बकेवर। एसएसपी इटावा संजय कुमार वर्मा ने कई उपनिरीक्षकों के तबादले के बाद कस्बा बकेवर में चौकी प्रभारी हाकिम सिंह को भेजा है। उन्होंने चार्ज संभाल लिया है। हाकिम सिंह ने बताया कि कस्बा में किसी भी प्रकार के अवैध कार्य नहीं होंगे। विद्यालयों के बाहर आये दिन लड़ाई-झगड़ा जैसी समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा । साथ ही मनचलों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा।

पौधारोपण करते एसपी क्राइम सुबोध गौतम, कैलाश यादव । अमृत विचार

पौधारोपण सभी की नैतिक जिम्मेदारी: एसपी क्राइम

इटावा। पौधारोपण अभियान के तहत पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। मुख्य अतिथि एसपी क्राइम सुबोध गौतम ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है कि पौधारोपण करे। पौधे के बड़े होने तक उसकी देखरेख एवं संरक्षण करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डीआईओएस मनोज कुमार ने कहा कि हम सभी को पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक डॉ . मुकेश ने कहा कि पौधारोपण केवल अभियान के तहत ही नहीं कराया जाना चाहिए बल्कि इसे हमें अपने जीवन में समाहित कर लेना चाहिए तथा जब भी हमें अवसर मिले हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। प्रबंधक डॉ . कैलाश चंद्र ने बताया कि विद्यालय में किसी भी खुशी के अवसर पर छात्र- छात्राएं एवं अध्यापक पौधे लगाते हैं। एचएन स्कूल के प्रबंधक पवन कुमार मौजूद रहे।

राहुल का पुतला फूंकने वालों पर हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भाजपा द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंके जाने से कांग्रेस आक्रोशित है।पार्टी कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा और पुतना फूंकने वालों पर कार्रवाई की मांग की। इसमें कहा गया कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा के नकली हिंदुत्व का पर्दाफाश किया एवं भ्रष्टाचार, अग्निवीर योजना का मामला उठाया था। इसके बाद भाजपा की ओर से राहुल गांधी के फोटोयुक्त पुतले फूंके जा रहे हैं।

ज्ञापन में कहा गया है कि अपने झूठ का खुलासा देखकर भाजपाई इतना बौखला गए हैं कि उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के फोटो युक्त पुतले पुलिस एवं प्रशासन के संरक्षण में इटावा सहित पूरे उत्तर प्रदेश में जलाने का कार्य किया जो कि लोकतंत्र की परंपराओं के खिलाफ हैं। राज्यपाल से मांग की गई कि जनपद में जिन लोगों ने पुतला जलाने का कार्य किया है उन पर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष मलखान सिंह, शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, मोहम्मद राशिद खान, कोमल सिंह, आलोक यादव, प्रेम किशोर द्विवेदी, रामजीवन कुशवाहा, आसाराम कठेरिया, सरला जाटव, मुकेश यादव, महेश कटारे, प्रभु दयाल, श्याम सिंह, सरला जाटव, बीनू वर्मा, रीना यादव, मोहनलाल प्रजापति, सतीश शाक्य शामिल रहे।

कचहरी में ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

● कांग्रसियों ने प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

करंट लगने से युवक की गई जान

इटावा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सराय ऐसर के पास बने सरकारी अनाज के गोदाम मैं पिछले दो महीने से शाहजहांपुर का एक परिवार यहां रहकर मजदूरी कर रहा था। अपना जीवन यापन कर रहा था। जब गुरुवार सुबह करीब नौ बजे 18 वर्षीय खुश नबाज पुत्र सत्तार अली निवासी ग्राम इंदरपुर थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर रोजाना की तरह सबमर्सिबल चलाने के लिए गया। अचानक निकले तार की चपेट में आ गया। तार में करंट आ रहा था करंट लगने से वह झुलस कर घायल हो गया। उसकी चीख पुकार सुन परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● अन्य सड़क हादसें में तीन लोग हुए घायल

अमृत विचार। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लीला पैलेस के पास सर्विस रोड पर जा रहे एक बाइक सवार को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। इसके अलावा मानिकपुर मोड़ के पास कार की टक्कर लगने से बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए।

मैनपुरी जिले के किशनी थाना क्षेत्र के गांव जटपुरा निवासी मासूक पुत्र सुलेमान खां बाइक से मैनपुरी फाटक के पास स्थित एक अस्पताल जा रहा था। लीला पैलेस के पास कार के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक कार को लेकर भाग निकला। आसपास के लोग उसे जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उधर, इकिदल थाना क्षेत्र के मानिक पुर मोड़ के पास बाइक सवारों को कार ने टक्कर मार दी। आगरा के चित्रहाट थाना क्षेत्र के गांव नहाय का पुरा निवासी रामौतार पत्नी राम मूर्ति व पुत्र नवीन के साथ बाइक से जा रहे थे। मानिकपुरा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। तीनों घायल हो गए।

आक्रोश | माकपा और किसान सभा ने प्रदर्शन कर अधिशासी अभियंता द्वितीय को ज्ञापन सौंपा

बिजली संबंधी समस्याएं दूर न हुईं तो करेंगे आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। किसानों की बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर माकपा और किसान सभा ने गुरुवार को बिजली विभाग के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। ज्ञापन देकर चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान न किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इससे पहले माकपा कार्यालय पर सभा भी की गई।

गुरुवार को माक्र्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और किसानसभा के नेतृत्व में बिजली की समस्याओं, स्मार्ट, प्रीपेड मीटर पर रोक लगाने, किसानों को बिना शर्त फ्री बिजली देने, घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट फ्री बिजली देने के वादा को पूरा करने, अघोषित बिजली कटौती, बिजली निजीकरण बिल वापस लेने जैसी समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता द्वितीय को ज्ञापन सौंपा।

इससे पूर्व माकपा कार्यालय पर सभा की गई। इस सभा को किसानसभा के प्रांतीय महामंत्री मुकुटसिंह, माकपा जिलामंत्री नाथूराम यादव, सीटू नेता अमर सिंह शाक्य, किसानसभा के जिला मंत्री संतोष शाक्य, प्रेमशंकर यादव, विश्राम सिंह यादव, रामबरन यादव, संतोष राजपूत ने संबोधित किया।

संतोष शाक्य ने कहा कि मालभाड़ा रेल लाइन में ली गई भूमि का सुखाचार, ब्याज व कुछ मुआवजा बकाया है, 11 जुलाई को टूंडला डीएफसीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। विश्राम सिंह यादव ने पंचायत सचिव ऊनवा-संतोषपुर द्वारा शासनादेश के खुले उल्लंघन का मामला उठाते हुए बताया कि रामेश्वर दयाल की मृत्यु के 6 महीने बाद भी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है।

बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते किसान।

नदियों की सफाई के नाम पर खानापूर्ति

इटावा। किसान नेता नाथूराम यादव ने बताया कि अहनैया नदी और पूरहा की सफाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। अहनैया पर टिसुआदेव के पास किसानों ने सफाई के काम को रोककर अधिकारियों को आकर देखने के लिए बुलाया। पुरहा नदी पर भी सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है।

बाइको की भिडंत में एक की मौत, दो जख्मी

इटावा। गुरुवार की शाम लगभग 6 बजे सुदेश कुमार पुत्र होतीलाल निवासी ग्राम नगला केहरी, थाना जसवंतनगर बाइक से अपने घर आ रहे थे। दूसरी बाइक पर सिंटू पुत्र सुरेन्द्र निवासी नगला अतिराम, थाना करहल, रजनेश पुत्र उम्मेद सिंह निवासी नगला भवानी, थाना करहल, मैनपुरी मीठेपुर से जसवंतनगर जा रहे थे। तभी तिरूपति शीतगृह के सामने बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें सुदेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सिंटू, रजनेश गंम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने दोनो को सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राम सहाय ने भीड़ पर नियंत्रण करते हुए स्थिति को सामान्य कर घायलों को अस्पताल भिजवाया।

अवैध प्लॉटिंग को कराया खाली

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। पांच स्थानों पर की गई अवैध प्लॉटिंग प्रशासन की ओर से हटा दी गई। इन स्थानों को खाली कर लिया गया है। यहां नक्शा स्वीकृत बिना अवैध रूप से प्लॉटिंग की गई थी। इसके लिए नोटिस भी दिया गया था । नोटिस का जवाब नहीं दिया गया। इस पर प्रशासन ने यह कार्रवाई की है।

जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देश पर एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने थाना क्षेत्र फ्रेंड्स कॉलोनी तथा इकदिल क्षेत्र में कुल पांच स्थानों पर कार्रवाई की है। इनमें धर्मेश्वरी आवासीय कॉलोनी सुंदरपुर, कैंची धाम सरोजिनी हाउसिंग सोसायटी सुंदरपुर, ग्राम आवासीय कॉलोनी बमनपुर भगवतीपुर, ब्रज धाम आवासीय कॉलोनी कछपुरा, एसबीआई आवासीय कॉलोनी बमनपुर भगवतीपुर में मानचित्र व लेआउट प्लान बगैर स्वीकृत कराए अवैध प्लाटिंग की गई। इस संबंध में कार्यालय विनियमित क्षेत्र की ओर से नोटिस दिया गया।

जिसका कोई जवाब नहीं दिया गया। निर्धारित समय में नोटिस का जवाब न देने पर एडीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव, सीओ सिटी अमित सिंह, तहसीलदार सदर ने पुलिस व राजस्व टीम के साथ जाकर अवैध रूप से की गई प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। इन पांच स्थानों पर अवैध प्लाटिंग से आच्छादित 65000 वर्ग मीटर जमीन थी,जिसका सर्किल रेट के अनुसार मूल्यांकन लगभग 36 करोड रुपये होता है इससे लगभग 1 करोड रुपये की राजस्व की क्षति हुई है। जिसे खाली कराया गया।

अवैध प्लाटिंग को ढहाती जेसीबी ।

● नोटिस के बाद प्रशासन व पुलिस ने बुलडोजर से की कार्रवाई

एक नजर

निजी विद्यालयों पर वसूली का लगाया आरोप

औरैया। स्नातक की प्रेक्टिकल परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं से अवैध वसूली का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ दिनों पहले जनता महाविद्यालय अजीतमल में प्रेक्टिकल परीक्षा आयोजित की गई थी। जनपद के कई महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं इसमें शामिल हुए थे। आरोप है कि निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से स्टॉफ द्वारा प्रेक्टिकल के नाम पर प्रति छात्र 400 रुपये की वसूली की गई। सोशल मीडिया पर यह खबर वायरल हुई। लेकिन अमृत विचार वायरल खबर की पुष्टि नहीं करता है। जनता महाविद्यालय अजीतमल के प्राचार्य डॉ. एके शर्मा ने बताया कि प्रेक्टिकल में कई विद्यालयों के बच्चे शामिल हुए थे। कॉलेज के किसी कर्मचारी द्वारा किसी भी बच्चे से कोई रुपये नही लिए गए है।

नाबालिग लड़की को ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

औरैया। गुरुवार को वादी की नाबालिग पुत्री के लापता होने के संबंध में थाना अजीतमल में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। थान पुलिस ने अभियुक्त साहिल पुत्र सकील खान निवासी ग्राम जगन्नाथपुर, थाना अजीतमल, जनपद औरैया को मय नाबालिग लड़की के साथ नेशनल हाईवे प्रतापपुर ओवरब्रिज के नीचे से गिरफ्तार किया गया। लड़की को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

नगर वन में विभिन्न प्रजाति के 200 पौधे रोपे गए

अछल्दा। वन प्रभाग के अछल्दा रेंज के अंतर्गत बझेरा वन ब्लॉक (नगर वाटिका) में वन महोत्सव के अवसर पर अछल्दा ब्लॉक प्रमुख शरद कुमार राना के द्वारा पाकड़ का पौधा रोपित किया गया। अछल्दा नगर पंचायत चेयरमैन अरुण कुमार दुबे ने पीपल का पौधा रोपा एवं ग्रामीणों द्वारा विभिन्न प्रजाति के 200 पौधे रोपित किए गए। क्षेत्रीय वनाधिकारी बृजराज सिंह ने लोगों को अधिक पौध रोपित करने के लिए प्रेरित किया। बृज भूषण सिंह वन दरोगा, बीट प्रभारी गौरव मिश्रा, जगवीर सिंह, दुर्वेश कुमार, विजय कुमार, आनंद पाल, दशरथ सिंह, रामजी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

अजमेर सियालदह एक्सप्रेस में हुई चेन पुलिंग

अछल्दा, औरैया। दिल्ली-हावड़ा रूट के 13 बी रेलवे फाटक पर चेन पुलिंग के चलते अजमेर सियालदह एक्सप्रेस क्रॉसिंग के बीचोबीच खड़ी हो गई। इससे क्रॉसिंग पर जाम लग गया। बुधवार रात 09 :50 बजे इटावा की तरफ से कानपुर की तरफ जाने वाली अजमेर सियालदह एक्सप्रेस के यात्रियों ने चेन पुलिंग कर दी। रेल कर्मचारियों की मदद से होस पाइप को जोड़कर ट्रेन को 8 मिनट बाद 09 :58 पर रवाना किया गया।

जिलाधिकारी और एसपी ने पीस कमेटी की बैठक में मातहतों को दिए दिशा-निर्देश

आगामी त्योहारों पर अलर्ट मोड पर रहें सभी अधिकारी

पीस कमेटी की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देतीं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं एसपी चारु निगम। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं एसपी चारु निगम ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में गुरुवार को आगामी त्योहारों मोहर्रम, श्रावण मास, कांवड़ यात्रा आदि को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अधिकारियों, विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरुओं एवं जनपद के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी त्योहारों को लेकर सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें, अपने अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं से सतत संवाद बनाए रखें, मंदिरों व मस्जिदों का निरीक्षण कर वहां पर साफ सफाई, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित करा लें। साथ ही आने जाने वाले मार्ग को भी दुरुस्त करा लें।

उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा वाले रूट पर सड़कों को गड्ढा मुक्त कराया जाए।

जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी/पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। उन्होंने कहा कि कोई भी नई परंपरा न डाली जाए एवं कांवड़ यात्रा व ताजिया को लेकर अपनी तैयारी पूर्ण कर लें।

उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि विद्युत विभाग त्योहारों पर पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुचारू रखे तथा बड़े ताजियों के साथ एक एक लाइनमैन की भी डयूटी लगा दी जाये। सभी ताजियेदार अपने अपने वालंटियर की सूची संबंधित थानों में समय से उपलब्ध करा दें।

थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में करते रहें गश्त

- बैठक में एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में आगामी त्योहारों को लेकर भ्रमणशील रहें और उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को लेकर अपनी तैयारी पूर्ण कर लें एवं किसी भी दशा में त्योहारों में नई परंपरा न डालने दें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर दृष्टि बनाए रखें तथा अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। एडीएम (वि./रा.) महेंद्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, समस्त थानाध्यक्ष सहित विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु व प्रतिष्ठित नागरिक आदि रहे।

ताजियों की ऊंचाई ज्यादा न रखें

- बैठक के दौरान जिलाधिकारी व एसपी ने समस्त जनपद वासियों को आगामी त्योहारों की बधाई देते हुए त्योहारों को स्वच्छ वातावरण एवं शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ताजिया की ऊंचाई ज्यादा न रखें जिससे उसे ले जाने में अवरोध उत्पन्न हो।

स्मार्ट फोन वितरित करतीं इंदु गुप्ता। अमृत विचार

स्नातक के विद्यार्थियों को वितरित किए स्मार्टफोन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

अमृत विचार। विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर गुरुवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्वामी जी के विचारों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश शासन की विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि नगर पंचायत अटसू की अध्यक्ष इंदु गुप्ता ने विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित करते हुए कहा कि आज के युग में स्मार्टफोन आवश्यकता है। परंतु हमारे विद्यार्थी इसका ध्यान रखें कि इसका दुरुपयोग न होने दें। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. एमपी शुक्ल ने कहा कि विद्यार्थी अपनी शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें।

विशिष्ट अतिथि स्वदेश पोरवाल, प्राचार्य डॉ. इकरार अहमद, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुशील तिवारी, भगवान दास इंटर कॉलेज हरचंदपुर के प्रधानाचार्य राजेश कुमार, जनता इंटर कॉलेज असैनी के बृजेश कुमार सिंह एवं अरियारी के नीरज कुमार, डॉ.संदीप ने विचार व्यक्त किये।

स्वास्थ्य उपकेंद्र पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू

फफूंद, औरैया। विकासखंड भाग्यनगर, जनपद औरैया के ग्राम कोठीपुर में स्वास्थ्य उप केंद्र पर गुरुवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर बच्चों को विटामिन ए की खुराक भी पिलाई गई।

ग्राम प्रधान अमरेश पांडे ने कहा कि बरसात के मौसम में स्वच्छता बहुत आवश्यक है। क्योंकि इस मौसम में संचारी रोगों के होने का खतरा रहता है। स्वास्थ्य केंद्र दिबियापुर से आए एनएमएस अनिल मिश्रा, बीसीपीएम जमीर अहमद, एएनएम अंजू दुबे, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता पाल आदि ने संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया। कहा कि बरसात के मौसम में कहीं भी जलभराव न होने दें, घर के आसपास गंदगी न होने दें। छत पर कूड़ा करकट इकठ्ठा न करें, कूलर का पानी प्रतिदिन बदलते रहें ताकि मच्छर उत्पन्न न हो सकें। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी आने पर नजदीकी अस्पताल जाकर इलाज कराएं। आशा किरण कठेरिया, पंचायत सहायक अल्का एवं समस्त ग्रामवासी पुरुष महिलाएं मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

डीआईओएस एसपी यादव को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

डीआईओएस को किया सम्मानित

औरैया। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) एसपी यादव के प्रोन्नत होकर प्रयागराज स्थानांतरण होने पर गुरुवार को ककोर स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर प्रधानाचार्यों एवं ऑफिस के स्टाफ ने विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया। जहां सभी ने उनके कार्यकाल की सराहना की और स्मृति चिह्न, बुके देकर सम्मानित किया। एसपी यादव ने कहा सभी प्रधानचार्यों के सहयोग को अविस्मरणीय बताया। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार, उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार, जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा, जिला महामंत्री योगेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य अशोक कुमार, शिक्षणेत्तर संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तम शुक्ला, शिक्षक संघ के जिला महामंत्री वीरेंद्र सिंह आदि प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता बिधूना, औरैया

अमृत विचार। थाना कुदरकोट क्षेत्र के गांव धनवाली निवासी इंटरमीडिएट की एक छात्रा ने घर में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। संतान न होने के कारण छात्रा को उसके ताऊ ने गोद लिया था।

थाना कुदरकोट क्षेत्र के गांव धनवाली निवासी मनोज कुमार प्रजापति दिव्यांग हैं और उनके कोई संतान नहीं है। इस कारण उसने अपने मझले भाई विनोद कुमार की पुत्री शिवानी (15 वर्ष) व छोटे भाई राम प्रकाश के पुत्र अंशू को बचपन में ही गोद ले लिया था।

शिवानी इस वर्ष श्री गजेन्द्र सिंह पब्लिक इंटर कालेज बिधूना में इंटरमीडिएट की छात्रा थी। शिवानी ने अज्ञात कारणों से घर के कमरे में साड़ी के फंदे के सहारे पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे क्षेत्राधिकारी बिधूना अशोक कुमार व थानाध्यक्ष कुदरकोट पूजा सोलंकी ने जांच-पड़ताल की।

अशोक कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही महिला पुलिस कर्मियों के सहयोग से फॉरेंसिक टीम ने निरीक्षण किया। पुलिस फांसी लगाने के कारणों की छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

घटनास्थल पर जांच करते सीओ अशोक कुमार। अमृत विचार

- निःसंतान ताऊ ने छात्रा को ले रखा था गोद
- थाना कुदरकोट क्षेत्र के गांव धनवाली का मामला

पत्नी ने शराब के लिए नहीं दिए रुपये तो लगाई फांसी

संवाददाता बिधूना/बेला/औरैया

- बेला थाना क्षेत्र के बेला बस्ती की घटना, पुलिस ने शुरू की जांच

अमृत विचार। बेला थाना क्षेत्र के बेला बस्ती के एक युवक का शव घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। कस्बा बेला निवासी सुनील उर्फ रजोल (45) अपनी पत्नी और एक बेटा अभय के साथ रहता था। बताया जाता है कि पत्नी द्वारा शराब पीने के लिए पैसे न देने पर बीती रात सुनील ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

सुनील के ससुर रमाकांत निवासी नरोरा थाना नरवल कानपुर नगर ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि सुनील पुत्र मूलचंद निवासी बेला बस्ती ने 40 दिन पहले अपने घर के सामने का प्लॉट डेढ़ लाख में जगन्नाथ निवासी रामपुर को बेच दिया था, जिसका पैसा उसकी पत्नी अनीता देवी के पास था। सुनील शराब पीने के लिए पत्नी से पैसे मांगता था और मना करने पर मारपीट करता था। बीती रात सुनील ने शराब पीकर अनीता को मारा-पीटा थ। इसके बाद लगभग 3:30 बजे सुनील ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और चद्दर की बेड शीट से फांसी का फंदा बनाकर पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी बिधूना अशोक कुमार, बेला थानाध्यक्ष विनेश कुमार ्रफोर्स पहुंचे और वीडियो ग्राफी करते हुए दरवाजा तोड़ा और शव को नीचे उतारा। थाना प्रभारी विनेश कुमार सिंह ने कहा कि कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

विदाई समारोह में शामिल जिलाधिकारी और एसपी। अमृत विचार

स्थानांतरित अधिकारियों को दी विदाई

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जनपद से पदोन्नति के साथ स्थानांतरित होकर जाने वाले मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी यादव के साथ-साथ अन्य जनपद के लिए स्थानांतरित होने वाले जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बब्बन प्रसाद, बीएसए अनिल कुमार, एआर कोऑपरेटिव विजय कुमार, नायब तहसीलदार पीयूष शाहू के विदाई कार्यक्रम का आयोजन गेल गांव स्थित सरगम ऑडिटोरियम में किया गया। जिला जज गिरीश कुमार वैश्य, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश, पुलिस अधीक्षक चारू निगम, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महेंद्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा आदि ने माला पहनकर मोमेंटो देते हुए सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

ऑटो पलटने से चार लोग घायल, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता,औरैया

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रौतियापुर एवं करमपुर में गुरुवार की दोपहर ऑटो पलट जाने से उन पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को निजी साधन से स्थानीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रौतियापुर निवासी किराए का ऑटो चलाने वाले अजीत पुत्र ओमकार गांव के ही अपने एक अन्य साथी शंकर पुत्र मिजाजी लाल के साथ ऑटो से सवारियां लेकर गुरुवार की दोपहर औरैया की ओर से करीब 12 बजे अजीतमल की ओर जा रहे थे। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अजनपुर के पास एक बाइक चालक को बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ऑटो चालक अजीत के अलावा उसका साथी शंकर गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दूसरी दुर्घटना में शोभित पांडे पुत्र रजनीश पांडे निवासी मोहल्ला बनारसीदास, एवं शिशुपाल पुत्र हरचरन निवासी मंडी समिति के पास बनारसीदास एवं अन्य सावरियां ऑटो से गुरुवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अजीतमल की ओर जा रहे थे। कोतवाली क्षेत्र के हाईवे रोड स्थित ग्राम करमपुर के पास ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ऑटो सवार उपरोक्त दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। दोनों दुर्घटनाओं में घायल उपरोक्त चारों लोगों को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मिनी पीजीआई सैफई इटावा रेफर कर दिया।

अस्पताल में उपचाराधीन घायल। अमृत विचार

- जिला संयुक्त चिकित्सालय से पीजीआई सैफई रेफर
- कोतवाली क्षेत्र के रौतियापुर व करमपुर के पास हुईं दुर्घटनाएं

अज्ञात वाहन की टक्कर भाई-बहन घायल

औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी बलबीर का पुत्र राजवीर और बेटी पूनम बाइक से बाबरपुर जा रहे थे। अटसू-अछल्दा मार्ग के जनिसनगर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे भाई-बहन उछलकर गिरकर घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद राजवीर को गंभीर हालत में सैफई रेफर कर दिया।

सार-संक्षेप

पोस्टर के माध्यम से छात्रों को जागरूक करतीं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में किया जागरूक

औरैया। महिला व बाल विकास विभाग मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से 21 जून से 04 अक्टूबर तक 100 दिन का विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम निर्धारित किया गया। इसके अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार गुरुवार को विकास खंड औरैया के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जैतापुर में कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस असर पर विद्यार्थियों को चाइल्डलाइन के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के बारें में बताया गया। साथ ही सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112, 1076 की जानकारी प्रदान की गई। चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिकाओं के गुमशुदा होने व उनके साथ हों रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका रंजना सिंह, सहायक अध्यापक उपासना गुप्ता, पंकज कुमार, रवि कुमार, गौरव यादव, हिमांशू त्रिपाठी, महिला कल्याण विभाग से रीना देवी, संरक्षण अधिकारी, सीमा कुशवाह मौजूद रहीं।

पानी में डूबी धान की पौध। अमृत विचार

माइनर के ओवरफ्लो से धान की पौध जलमग्न

ककोर, औरैया। ककोर क्षेत्र के गांव बूढ़ादाना में माइनर के ओवरफ्लो होने से सैकड़ों बीघा जमीन जल मग्न हो गई है। वहीं लोगों के द्वारा डाली गई धान की पौध भी डूब गई है। इससे धान की रोपाई में देरी हो सकती है। वहीं सब्जी फसलों में पानी भर गया है। पालक, टमाटर, बैंगन, मिर्च, हरी धनिया, लौकी आदि सब्जियों के खेतों में पानी भर गया है। किसानो ने बताया जब मई, जून में पानी की किल्लत रहती है तो माइनर में पानी बहुत कम आता है। अब पहली बारिश में ही सभी खेत जलमग्न हो गए हैं। पानी कम होने में दो सप्ताह का समय लग सकता है।

जताया शोक | एक विचित्र पहल सेवा समिति ने शहीद पार्क में किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

सत्संग में दिवंगत भक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा बुधवार को शहीद पार्क, औरैया में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कल हाथरस जिले के सिकंदराराऊ क्षेत्र में आयोजित धार्मिक सत्संग के उपरांत सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों की भगदड़ में मृत्यु हो गई थी, अपनी धार्मिक आस्था में सराबोर सभी दिवंगत भक्तों को उनकी आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवारिजनों को इस असीम दुख की घड़ी में धैर्य साहस व शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से मनोकामना कर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट में कहा कि धार्मिक आस्था की आड़ में लोगों को गुमराह कर मजमा लगाने वाले स्वयंभू लोगों के आश्रमों व उनके क्रियाकलापों की सरकार को जांच करनी चाहिए, ताकि इस तरह निर्दोष लोगों के साथ होने वाले हादसों पर नियंत्रण रखा जा सके, उन्होंने हादसे में दिवंगत लोगों को मुआवजा व पीड़ित लोगों का उचित इलाज करने हेतु सरकार से मांग की है।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कपिल गुप्ता, राजीव पोरवाल रानू, आदित्य पोरवाल, राजीव शुक्ला, रूप कुमार पोरवाल, आनन्द गुप्ता डाबर, मनीष पुरवार हीरु, संजय अग्रवाल, नरेश पुरवार, बबलू कपूर, देवेंद्र आर्य, मनोज गुप्ता तथा शहर व समाज के तमाम जागरूक बंधु व अन्य लोग मौजूद रहे।

मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते संस्था के सदस्य। अमृत विचार

हाथरस भगदड़ के पीड़ितों को सौंपी सहायता राशि

औरैया। जनपद हाथरस में हुई दुर्घटना में जनपद औरैया के रामनरेश निवासी शास्त्री नगर, बाबरपुर तथा शीला निवासी बीसलपुर की मृत्यु होने पर सरकार द्वारा घोषित दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि के चेक उनके आश्रितों को दिए गए। मृतक स्व. राम नरेश की पत्नी राम दर्शनी तथा मृतका स्व. शीला के पति मनीराम को सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने उनके गांव पहुंचकर चेक उपलब्ध कराए और परिजनों को ढांढस भी बंधाया।

साक्षात्कार 9 व 10 जुलाई को

औरैया। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र अधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि कार्यालय में संचालित एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना वर्ष 2024- 25 में आवेदन करने वाले आवेदकों का साक्षात्कार 09 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे से एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना वर्ष 2024 - 25 के अंतर्गत ट्रेड दर्जी में ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में 10 जुलाई को पूर्वाह्न 11:00 बजे से कार्यालय में उपायुक्त उद्योग एवं उद्यमिता विकास केंद्र निकट लखन वाटिका गेस्ट हाउस दिबियापुर रोड में संपन्न होगा।

एक नजर

एकेटीयू को हरा भरा करने का लिया संकल्प

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय परिसर को हरा भरा करने के लिए कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे के निर्देशन में पौधरोपण अभियान की शुरुआत हुई। जिसके तहत परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाया गया। कुलपति ने कहा कि परिसर को हरा भरा करने का हमें संकल्प लेना होगा। कुलसचिव रीना सिंह ने भी पौधे लगाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

लविवि में 37 विषयों का परीक्षाफल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 37 विषयों का परीक्षाफल घोषित हो गया है। इसमें आर्ट, पेंटिंग, सोशियोलॉजी, फोटोग्राफी सहित अन्य विषय शामिल हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि सभी 37 विषयों का परीक्षाफल विवि की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

पावर हाउस बंद, लोग बहा रहे पसीना

टांडा व हरदुआगंज की छह इकाइयां भेजी गईं रिजर्व शट डाउन पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में बिजली की मांग में कमी आने के बाद भी लोगों को बिजली के लिए तरसना पड़ रहा है। वजह यह है कि 24 घंटे बिजली देने के बजाय समय सारणी बदलकर ग्रामीण क्षेत्र, नगर पंचायत, तहसील क्षेत्र और बुंदेलखंड क्षेत्र में बिजली काटी जा रही है। इस बीच, गुरुवार को टांडा व हरदुआगंज की छह इकाइयां 'रिजर्व शट डाउन' पर भेज दी गईं। पहले से बंद चल रही इकाइयों समेत कुल 10 इकाइयां बंद होने से प्रदेश में पन्द्रह सौ मेगावाट से ज्यादा बिजली उत्पादन घट गया। इससे बिजली संकट और गहरा गया है।

▸▸ कुल 10 इकाइयां बंद होने से बिजली संकट गहराया

▸▸ समय सारिणी बदलकर काटी जा रही गांवों की बिजली

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार गुरुवार को टांडा की 110 मेगावाट की चार इकाइयां व हरदुआगंज की 105 व 250 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयों में उत्पादन बंद कर दिया गया। इन इकाइयों को रिजर्व शट डाउन के नाम पर बंद किया गया है। ऊंचाहार की 210 मेगावाट, हरदुआगंज की 250 मेगावाट और ओबरा की दो-दो सौ मेगावाट की दो इकाइयां तकनीकी खराबी के कारण बंद चल रही हैं। गुरुवार को उत्पादन निगम के बिजलीघरों में 1522 मेगावाट उत्पादन घट गया। एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली लेकर बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जाती रही। पिछले महीने तक चौबीस घंटे बिजली पाने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे, नगर पंचायतों व तहसील मुख्यालयों में 21.30 घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र में 20 घंटे बिजली आपूर्ति की जाती रही। इससे इन क्षेत्रों के लोग बिजली के लिए बेहाल रहे।

घटा दी गई है गांवों की आपूर्ति

भीषण गर्मी में भारी मांग के बाद भी प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति मुहैया कराने के लिए प्रयास जारी थे, पर इस महीने से गांवों, नगर पंचायत, तहसील व बुंदेलखंड क्षेत्र की बिजली आपूर्ति घटा दी गई है। नई समय सारिणी के अनुसार अब गांवों के लिए 18 घंटे, तहसील मुख्यालयों व नगर पंचायतों को 21.30 घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र को 20 घंटे ही बिजली मुहैया कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होनें कहा कि एक साथ छह इकाइयों को 'शट डाउन' में रखा जाना कतई उचित नहीं है।

इतिहासविद प्रो. शिवाजी के निधन पर योगी ने जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ: इतिहासविद प्रो. शिवाजी सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत प्रो. सिंह को भारतीय इतिहास लेखन को नई दिशा देने वाला बताते हुए कहा है कि उनका निधन राष्ट्र एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

योगी ने प्रो. शिवाजी सिंह की पुत्री, खोराबार क्षेत्र के दिव्य नगर गोल्ड निवासी प्रो. शशिप्रभा सिंह को भेजे शोक संवेदना संदेश में कहा कि भारतीय इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति के मर्मज्ञ प्रो. शिवाजी सिंह ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग एवं दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में चार दशक तक अध्यापन एवं शोध निर्देशन के साथ अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्ति होने के बाद भी पुरातत्व पर अध्यनरत रहे।

राशन की दुकानों की निगरानी के लिए तैयार होगा नया साफ्टेवयर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने शुरू की प्रक्रिया

अमृत विचार: सरकारी राशन की दुकानों की निरंतर निगरानी के लिए नया 'साफ्टेवयर' विकसित होगा। इससे 'ई-पॉस' से लैस राशन की दुकानों पर सतर्क नजर रखी जा सकेगी। कालाबाजारी रुक सकेगी और कार्ड धारकों को निर्धारित राशन मिल सकेगा।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की सभी राशन की दुकानों में ई-पॉस उपकरणों के लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को इसकी निगरानी के लिए सॉफ्टवेयर का विकास करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस क्रम में यूपीडेस्को की ओर से एक एजेंसी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह एजेंसी प्रदेश की सभी राशन की दुकानों को ई-पॉस मशीनों से युक्त करने के साथ ही उसके स्वतः संचालन व निगरानी की प्रक्रिया को सुनिश्चित करेगी। यूपीडेस्को की ओर से एजेंसी निर्धारण के लिए सूचीबद्ध एजेंसियों से आवेदन मांगे गए हैं। मालूम हो कि प्रदेश में 79,500 सरकारी राशन दुकानें हैं, जिनके जरिये प्रदेश के 3.59 करोड़ परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। लगभग 80 लाख कुंतल खाद्य सामग्री राशन की दुकानों के जरिए कार्डधारकों को मुहैया कराई जा रही हैं।

सुरक्षित न हों, तो बंद कराएं जर्जर सेतुओं पर यातायात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 50 वर्ष से अधिक पुराने सेतुओं का निरीक्षण कराया जाय, सुरक्षित न हो तो इन्हें तत्काल बंद करा दिया जाय। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए सड़कों के चौड़ीकरण के मानक में बदलाव जरूरी है, इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जाय। मुख्यमंत्री गुरुवार को सरकारी आवास पर लोक निर्माण विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न श्रेणी के मार्गो के चौड़ीकरण के मानकों को और बेहतर किया जाना चाहिए। सड़कें और चौड़ी हों, इससे आवागमन और अधिक सुविधाजनक होगा। प्रदेश में आम लोगों की सुविधा के लिए सड़कों के चौड़ीकरण के मानक में बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि नई सड़क पर बरसात से कटान हो तो उसका सुधारीकरण तत्काल कराया जाय।

लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते सात वर्षों में प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 के सापेक्ष 2024 में स्टेट हाइवे 7002 किमी से बढ़कर 10,214 किमी हो गया है, जबकि ग्रामीण मार्गों की लंबाई 1,87,517 किमी से बढ़कर 1,93,581 किमी हो गई है। इसी प्रकार प्रमुख जिला मार्गों और अन्य जिला मार्गों का संजाल में भी विस्तार हुआ है। प्रदेश में प्रतिदिन औसतन नौ किमी मार्गों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण हो रहा है और हर दिन गांवों में लगभग 11 किमी नई सड़क बन रही है। विकास के लिए बेहतर कनेक्टिविटी की आवश्यकता है, इसे और बेहतर करने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए।

▸▸ 50 वर्ष से अधिक पुराने सेतुओं का निरीक्षण कराएं : योगी

कांवड़ यात्रा से जुड़े मार्गों की तत्काल कराएं मरम्मत

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में कांवड़ यात्रा को लेकर सभी जिलों में संपर्क मार्गों को शत-प्रतिशत गड्ढामुक्त किया जाय। 15 जुलाई तक यह कार्य पूरा करा लिया जाय। ऐसे मार्ग जहां जलभराव होता है, उन स्थानों पर जल निकासी की व्ययस्था सुनिश्चित की जाय। ब्लॉक मुख्यालयों को दो लेन सड़क की कनेक्टिविटी देने का संकल्प समय से पूरा होना चाहिए। प्रदेश के अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गों पर भव्य द्वार बनाने का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जाय।

राज्य सरकार मामले को दबाने का षड्यंत्र कर रही : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: हाथरस हादसे मामले को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर घेरते हुए कहा कि सरकार मामले को दबाने का षड्यंत्र कर रही है

अखिलेश, गुरुवार को सपा कार्यालय में बसपा के पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान के शामिल होने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाथरस हादसा षडयंत्र नहीं है। इसे दबाने की कोशिश करना षडयंत्र है। घटना में बड़ी संख्या में गरीब महिलाओं व बच्चों की जान गई है। इसमें प्रशासन की पूरी जिम्मेदारी है। सपा प्रमुख ने कहा कि सत्संग में भारी भीड़ जुटी थी, किसी को भीड़ का अंदाजा नही था। प्रशासन के खुफिया तंत्र की असफलता है, प्रशासन को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

सपा प्रदेश कार्यालय पर हाजी फजलुर्रहमान के साथ अखिलेश यादव। अमृत विचार

▸▸ बसपा के पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान सपा में शामिल

इस अवसर पर हाजी फजलुर्रहमान के साथ बसपा के तमाम चेयरमैन नगर पंचायत, पूर्व सांसदों के कई साथी, जिलाध्यक्ष, पूर्व मेयर प्रत्याशी, पूर्व ब्लाक प्रमुख, सदस्य जिला पंचायत, पार्षद नगर निगम, व्यापारी नेता, प्रधान पूर्व सभासद आदि समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

राजधानी समेत आठ जिलों में डेंगू का खतरा ज्यादा

अमृत विचार, लखनऊ: डेंगू तथा चिकनगुनिया रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए प्रदेश में जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य मच्छरों से बचाव के लिए जन जागरूकता फैलाना तथा अन्य विभागों का सहयोग लेना है। प्रदेश में राजधानी समेत आठ संवेदनशील जिलों में रोकथाम के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

सयुंक्त निदेशक मलेरिया एवं वीबीडी डॉ. विकास सिंघल ने बताया कि वैसे तो डेंगू पूरे प्रदेश में फैला है लेकिन लखनऊ, झांसी, बरेली, अयोध्या, बाराबंकी, प्रयागराज, गोंडा एवं कानपुर नगर (आठ जिले) संवेदनशील हैं। इस साल जनवरी से अब तक कुल 352 डेंगू के केस सामने आ चुके हैं।

न हो हाथरस जैसा हादसा, सरकार बनाएगी एसओपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: हाथरस जैसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सरकार बड़ा कदम उठा रही है। आयोजन में भारी भीड़ जुटाने से पहले आयोजक को सुरक्षा, नागरिक सुविधा और वैकल्पिक व्यवस्था की गारंटी देनी होगी। इसके लिए एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिव प्रोसीजर) तैयार हो रहा है। इसका उल्लंघन करने पर भीड़ जुटाने वालों पर केस दर्ज किया जाएगा।

प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया कि तीन प्रमुख बिंदुओं पर एसओपी बनाई जा रही है। भीड़ की संख्या अनुमन्य करने से पहले आयोजन के मुख्य व्यक्ति का स्तर भी देखा जाएगा। जनसरोकर से जुड़े धार्मिक आयोजन का आंशिक या पूरा व्यय सरकार वहन करेगी। लेकिन आयोजन से आयोजक, वक्ता या किसी का लाभ जुड़ा होने की स्थित में पूरा खर्च उसे ही उठाना होगा। उन्होंने बताया कि हाथरस की घटना में आयोजक और प्रशासन की लापरवाही सामने आ रही है। आयोजक ने कार्यक्रम की अनुमति लेते समय न तो आने वाले भीड़ की सही संख्या बताई और न ही उसके पास आपात स्थिति के लिए उनके पास वैकल्पिक व्यवस्था थी। प्रशासन एकत्र भीड़ का अंदाजा नहीं लगा पाया और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं किए गए। दोनों तरफ से हुई लापरवाही की वजह से 121 लोगों की जान चली गई।

▸▸ आयोजन से पहले देनी होगी सुरक्षा, सुविधा और वैकल्पिक व्यवस्था की गारंटी

आपात स्थिति

आपात स्थिति के लिए इंतजाम जिसमें एंबुलेंस सेवा, भीड़ के अनुपात में प्रवेश और निकास द्वार की जानकारी को शामिल किया गया है। प्रशासन के अलावा आयोजन की तरफ से सुरक्षा के इंतजाम क्या होंगे, यह भी अनुमति से पहले तय होगा।

नागरिक सुविधाएं

आयोजन की अनुमति लेते समय आयोजक को कार्यक्रम स्थल पर मूल भूत नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने का शपथ पत्र देना होगा। इसमें पेयजल, बिजली, शौचालय, प्राथमिक उपचार, बैठक जैसी व्यवस्थाओं की गारंटी देनी होगी।

वैकल्पिक व्यवस्थाएं

कार्यक्रम स्थल पर अनुमान से अधिक भीड़ जुटने पर मूलभूत सुविधाओं की वैकल्पिक व्यवस्था, भीड़ बढ़ने पर उसे नियंत्रित करने के उपाय और यातायात प्रबंधन के लिए लगाए जाने वाले वालंटियर की संख्या की जानकारी देनी होगी।

> नागरिक सुरक्षा को ध्यान में रखकर आयोजन के लिए कड़े नियम बनाए जा रहे हैं। एसओपी का पालन करते हुए ही किसी भी आयोजन की अनुमति दी जाएगी। इससे कार्यक्रम में जुटने वाली भीड़ का पता रहेगा और प्रशासन भी अपनी तैयारी करेगा। नियम का उलंघन करने वालों की जवाबदेही तय करना आसान होगा।
>
> **-असीम अरुण,** समाज कल्याण मंत्री, उप्र सरकार

अंतरराष्ट्रीय मोटरसाइकिल धावक प्रदेश में भरेंगे फर्राटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश ने वैश्विक खेल जगत में भारत की दावेदारी को और मजबूत करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राज्य की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी, इन्वेस्ट यूपी ने गुरुवार को विश्व में सफलतापूर्वक मोटोजीपी रेस का आयोजन कराने वाली स्पोर्ट्स कम्पनी डोर्ना स्पोर्ट्स एस.एल. के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह अनुबंध उप्र. को वैश्विक खेल पटल पर नई पहचान देगा।

▸▸ इन्वेस्ट यूपी कराएगा आयोजन बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होगी रेस

मुख्य सचिव-सह-अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने इन्वेस्ट यूपी की ओर से अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जबकि डोर्ना स्पोर्ट्स एस.एल. की ओर से कर्मेलो इज़पेलेता ने अनुबंध पर हस्ताक्षर कर मोटोजीपी की उप्र. में वापसी पर मुहर लगा दी।

मोटोजीपी भारत के सुचारू संचालन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है जिसके सदस्य नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी एवं डोर्ना स्पोर्ट्स एस एल के मुख्य खेल अधिकारी आदि होंगे। रेस ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित की जाएगी।



अनुबंध को दिखाते मुख्य सचिव।

ऑनलाइन बढ़ा सकेंगे 20 किलोवाट तक लोड

अमृत विचार, लखनऊ: अब बिजली उपभोक्ता 20 किलोवाट तक आनलाइन लोड बढ़ा सकेंगे। इसके साथ ही, आईटीजीएस व एनईएफटी के जरिये ऑनलाइन बिजली बिल जमा हो सकेगा। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि बिजली उपभोक्ता यूपीपीसीएलऑनलाइनडॉटकॉम पर जाकर अपना लोड बढ़ा सकेंगे। वितरण निगमों के अधिकारियों को इन सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया है।

वर्ग पहेली-121

बाएं से दाएं

1. कर्नाटकी संगीत का एक राग।
5. जयकार, सामूहिक रूप से बार-बार प्रशंसा करने की क्रिया।
6. सजीला, सजा-धजा, अच्छी धजवाला, छबीला, सुंदर।
7. 1. साड़ी

ऊपर से नीचे

2. 1. एक ही जाति के, एक ही गोत्र के 2. एक वर्ग या वर्ण के 3. समान, सदृश, समान प्रकार के।
3. (डिब्बा) जिसे बंद करने पर न तो हवा डिब्बे के भीतर से बाहर निकल सके और न बाहर से भीतर डिब्बे में प्रवेश कर सके, वायुरोधक।
4. 1. लोहा 2. अग्नि 3. हथियार 4. सोना।
5. 1. (पुराण) एक प्रसिद्ध राक्षस जिसका वध विष्णु ने किया था 2. नाथ संप्रदाय के एक योगी 3. एक प्रकार का रोग जिसमें सूजन के साथ पेट में पानी भर जाता है, जलोदर, (ड्राप्सी)।



वर्ग पहेली -120 का हल

			1 दु		2 वा	
	3 न	ज़	र	बं	दी	
	फ़ा		भि			
	स		यो		4 रो	
5 पी	त		ज		च	
ह		6 सु	न	गु	न	
री		खी				

सुडोकू -34

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9						7	3	
	1	7		3			4	8
6			5	4				
2				7	1		9	
	4						5	
	3		8	2				6
				6	2			7
8	6			5		3	1	
	7	5						4

सुडोकू -33 का हल

6	7	1	3	4	5	8	2	9
2	3	9	6	1	8	4	7	5
5	4	8	2	9	7	1	3	6
9	6	3	5	2	1	7	4	8
8	1	7	9	3	4	5	6	2
4	5	2	7	8	6	9	1	3
1	8	6	4	5	3	2	9	7
3	9	4	8	7	2	6	5	1
7	2	5	1	6	9	3	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 6 जुलाई 04.26 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 06 जुलाई 04.06 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज किसी बड़े काम के बनने से आप काफी खुश रहेंगे। अविवाहितों को विवाह योग्य अच्छा रिश्ता मिल सकता है। मित्रों के सहयोग से आपको काम में आसानी होगी। आप अपने कामों को किसी दूसरे के भरोसा न छोड़े।

वृष — आज कुछ विरोधाभासी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। जीवन में आ रहे बदलावों को स्वीकारने का प्रयास करें। विवादित मामलों में बहस से आपको दूरी बनाकर रहना होगा। अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

मिथुन — आज योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी। परिजनों से अपने मन की बात शेयर करेंगे। मतभेदों को भुलाकर आगे बढ़ने का प्रयास करें। आप अपने कामों में कोई परिवर्तन कर सकते हैं। अपनी वाणी पर संयम रखें।

कर्क — आज सरकारी कार्यों में रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। लीगल मामलों में उलझने की आशंका है। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करना बेहतर रहेगा।

सिंह — आज परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपकी खुशी होगी। पैतृक संपत्ति संबंधित विवाद जो आपको परेशान कर रहा था, तो उसमें आपको जीत मिलने की संभावना है। विदेश यात्रा का योग बन रहे है।

कन्या — आज कार्यक्षेत्र में आपका जबरदस्त प्रभाव रहेगा। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को नए प्रोजेक्ट्स मिलने की प्रबल संभावना है। किसी काम में आ रही समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे है।

तुला — आज आपको जल्दबाजी में लिए गए निर्णय के लिए पछतावा होगा। यदि आपने जानकारी रखी थी, तो वह परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। आपको मेहनत के साथ भाग्य का भी भरपूर सहयोग मिलेगा। जनसंपर्क के कारण आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

वृश्चिक — आज विरोधियों को आप आसानी से पराजित कर पाएंगे। परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के लिए जा सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी सहभागिता के कारण आपकी प्रशंसा होगी। निवेश की प्लानिंग करने का उचित समय है।

धनु — आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें किसी को पार्टनर बनाने के बारे में न सोचे। यदि आपने किसी से पहले धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते है। कर्मचारियों को ज्यादा स्वतंत्रता न दें। ज्यादा लोकप्रिय होने के प्रयास में आप चूक कर सकते हैं।

मकर — आज आप अपनी संतान की पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देंगे, जिस कारण आप उसमें कोई बदलाव कर सकते हैं। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। यदि कोई काम लंबे समय से रुके हुए काम की पूरी होने की संभावना है।

कुंभ — आज आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने की आवश्यकता है। किसी अजनबी पर अत्यधिक भरोसा न करें, नहीं तो वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है। आपको किसी से धन उधार लेने से बचना होगा।

मीन — आज कार्यक्षेत्र में आपको अपने विरोधियों की चालों को समझकर आगे बढ़ना होगा, नहीं तो वह आपको फंसाने की कोशिश करेंगे। धन को उधार में देने के कारण आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
लोहा — सुबह : 11.02
शास्त्र — रात : 07.00

&pictures
धड़क — सुबह : 11.14
मिशन रानीगंज — रात : 08.00

SONY PIX
पैसिफिक रिम — सुबह : 11.11
जॉन विक : चैप्टर 2 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
धमाल — दोपहर : 12.31
नाग भूमि — रात : 08.00

colors CINEPLEX
बाजी — सुबह : 11.30
कार्तिकेय 2 — शाम : 06.00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

स्कूटी से गिरने के बाद पप्पू ने एक्स-रे करवाया।
डॉक्टर- एक्स-रे में आपकी हड्डी टूटी है।
पप्पू- भगवान का शुक्र है कि हड्डी एक्स-रे में टूटी है।
सच में टूटी होती तो खर्चा बहुत होता।
पप्पू की बात सुन डॉक्टर बेहोश...

मोनू- यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
गोलू- सिर दर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात किया कर।
मोनू- क्यों?
गोलू- तूने सुना नहीं जहर ही जहर को मारता है।

एसडीएम, लेखपाल पर जबरन चकरोड निकालने का आरोप

कहचरी पहुंचे ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर लगाए नारे, जिलाधिकारी से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। बसरेहर विकास खंड के मौजा बख्तियारपुरा में गलत पैमाइश का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने लेखपाल व एसडीएम सदर पर खेत में जबरन चकरोड डालने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की है। कचहरी पहुंचे ग्रामीणों ने कल्पवृक्ष के नीचे बैठकर धरना प्रदर्शन किया।

ग्रामीण महेशचंद्र, शिवकुमार विजय सिंह आदि का कहना है कि अहिकारिपुरा मौजा बख्तियारपुरा में भूमि संख्या 302 रकवा 0.0100 हेक्टेयर चकरोड का गाटा है। इस चकरोड से लगा हुआ दक्षिण की तरफ प्रार्थी का गाटा संख्या 304 है। एक सप्ताह पहले लेखपाल द्वारा चकरोड संख्या 302 की पैमाइश गलत की गयी है जिसमें लेखपाल द्वारा चकरोड उनके गाटा संख्या 304 में करीब, 12 कड़िया लेकर नाप दिया है। इसके पहले भी इस चकरोड की तीन चार बार पैमाइश की जा चुकी है। उसमें चकरोड यथास्थान पाया गया था। इस नवीन गलत पैमाइश से उनका नुकसान हुआ है। एसडीएम सदर से आपत्ति जताई तो उन्होने मंगलवार को नायब तहसीलदार बसरेहर व लेखपाल शीलेश यादव के द्वारा पैमाइश में खानापूर्ति की गयी, जबकि जिस जगह पर आपत्ति थी, वो जगह नापी ही नहीं गयी। उन्होंने आरोप लगाया कि एसडीएम की इस मनमानी से कई किसानों का बहुत नुकसान हो रहा है।

कलेक्ट्रेट में धरना देनें पहुंचे बख्तियारपुरा के लोग।

- कहा-एसडीएम की मनमानी से किसानों का हो रहा नुकसान

नक्शे के हिसाब से कई अन्य लोग मनमानी करके चक रोड पर कब्जा किये है। इससे गांव में तनाव की स्थिति है। लिहाजा टीम गठित करके चकरोड संख्या 302, 314, 291, 271 इत्यादि की पैमाइश कराया जाना आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में विजय सिंह, शैलेंद्र प्रताप, महिपाल सिंह, शिवकुमार, महेश चंद्र, धर्मेंद्र सिंह प्रवीन कुमार, मीरा देवी आदि शामिल रहे।

सफाई कर्मचारियों के पास उपकरण नहीं

महेवा, इटावा। संचारी रोग फैलने से रोकने में सफाई कर्मचारियों की अति महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार सफाई कर्मी अपने उत्तर दायित्व का निर्वाहन ठीक ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह ने सभी विकास खंडों के सहायक विकास पंचायत अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्रपाल सिंह भदौरिया ने सभी ग्रामों के सफाई कर्मियों को तलब किया। उन्होंने साफ लहजे में सफाई कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक दशा में हर ग्राम पंचायत में सफाई कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाए। कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजीव बाल्मिक ,नीरू ,रजनी ,उषा ,विमलेश सहित तमाम सफाई कर्मियों ने सफाई से सबंधित उपकरणों का न होने का रोना रोया। ग्राम प्रधान सफाई में सहयोग नहीं करते हैं।

विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर दिया पौधरोपण करने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सामाजिक वानिकी प्रभाग जिला गंगा सुरक्षा समिति के तत्वाधान में इस्लामिया इंटर कॉलेज में गुरुवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज की बालिकाओं ने भी प्रतिभाग किया।

प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने कहा कि वन हमारे जीवन की बुनियाद हैं जो हमारे पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वनों का आशय सामान्य रूप से वृक्षों के समूह से होता है लेकिन वास्तव में ये विभिन्न जीवों का एक जटिल समुदाय है। उप प्रभागीय वनाधिकारी विमल कुमार सिंह ने बताया कि पूरी तरह से विकसित पेड़ बिना कुछ वापस लिए मानवता की बहुत वर्षों तक सेवा करते है। हवा को शुद्ध करने, पारिस्थितिकी संतुलन को बनाये रखने, दवा आदि उपलब्ध कराने के साथ ये हमें कई बीमारियों से भी बचाते हैं।

चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

प्रतियोगिता का शीर्षक पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ था। इसमें लीजा नाज प्रथम, राघव द्वितीय, हूरिया मिस्बाह को तृतीय स्थान मिला। नायरा फातिमा व हिमांशु को सांत्वना पुरस्कार मिला। अतीक अहमद, नावेदउल हसन, वन क्षेत्रीय वनाधिकारी वढपुरा अशोक कुमार, उप वन क्षेत्रीय वनाधिकारी शिव प्रसाद, प्रबल प्रताप सिंह, डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान, वन दरोगा ताबिश अहमद, सुनील कुमार, रविंद्र मिश्रा मौजूद रहे।

पुलिस अभिरक्षा से फरार 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। सेंट्रल जेल से मंगलवार को पेशी पर लाया गया बंदी कोर्ट से पुलिस को चकमा देकर भागे बंदी को पुलिस ने 48 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने तीन टीमों को लगाया गया था।

गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे बकेवर थाना क्षेत्र के गांव निवाडी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि कैलाश सिंह हवालात प्रभारी ने थाना सिविल लाइन पर सूचना दी कि कचहरी परिसर से पेशी के दौरान बंदी अजय उर्फ बड़े निवासी रानी नगर भरथना पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी । उसकी गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों को लगाया गया था।

एसएसपी ने उस पर दस हजार रूपया का इनाम भी घोषित कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन अपनी टीम के साथ अपराधियों की तलाश में थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि पुलिस अभिरक्षा से फरार बंदी अजय उर्फ बड़े को थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बड़ी निवाड़ी के पास है।

इस सूचना पर उन्होने अपनी टीम के साथ जाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने फरार हुए आरोपी को पकडने वाली टीम को इनाम दिए जाने की घोषणा की है।

5 ग्राम पंचायतों में हुआ सोशल ऑडिट

संवाददाता, बिधूना, औरैया

अमृत विचार। मनरेगा सोशल ऑडिट की जिला समन्वयक विधावती सिंह सेंगर के नेतृत्व में विकासखंड अछल्दा की 5 ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट टीमों द्वारा स्थलीय निरीक्षण के साथ ग्राम सभा की खुली बैठकें कर सोशल ऑडिट का सत्यापन किया गया।

अछल्दा विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरचंदपुर हसनपुर अहिरान इटैली जागूपुर जलालपुर फफूंद में मंगलवार को मनरेगा सोशल ऑडिट की जिला समन्वयक विद्या सिंह सेंगर के नेतृत्व में ब्लाक समन्वयक पवन गुप्ता, ब्लॉक समन्वयक अभिषेक सिंह राजावत, बीआरपी संजय कुमार राजीव सिंह भदौरिया आदि के साथ ही सोशल ऑडिट टीम के सदस्य अर्चना देवी हरगोविंद सिंह शत्रुघ्न सिंह शिशुपाल सिंह

- ग्राम पंचायतों में खुली बैठकें कर मनरेगा श्रमिकों के भुगतान का किया गया सत्यापन

सुरेश चंद्र सत्यदेव गुप्ता उमा गुप्ता दीप्ति सिंह राजीव कुमार श्रीप्रकाश हरभान सिंह रूपनारायण अरविंद सिंह राधा देवी आदि सोशल ऑडिट टीमों के सदस्यों द्वारा मनरेगा से संबंधित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर सोशल ऑडिट किया गया।

इस मौके पर सभी ग्राम पंचायतों में खुली बैठकें कर ग्रामीणों से मनरेगा से संबंधित कार्यों मनरेगा श्रमिकों के भुगतान व जॉब कार्ड आदि के सत्यापन के साथ विकास कार्यों की पुष्टि की गई।

इस अवसर पर मनरेगा कि जिला समन्वयक विद्या सिंह सेंगर ने कहा कि मनरेगा के संबंधित कार्यों में पारदर्शिता रहे साथ ही मनरेगा श्रमिकों को मनरेगा अधिनियम के तहत रोजगार की गारंटी का अनुपालन हो इसके लिए मनरेगा सोशल ऑडिट टीमें पूरी निष्पक्षता के साथ सामाजिक अंकेक्षण कर रही हैं।

उन्होंने कहा मनरेगा सोशल ऑडिट की प्रक्रिया के चलते मनरेगा से संबंधित कार्यों में गुणवत्ता बढ़ी है और खामियां भी दूर हुई है। ग्रामीणों की कुछ शिकायतों पर जिला समन्वयक श्रीमती सेंगर ने संबंधित अधिकारियों से उनका निराकरण कराने का भी भरोसा दिया। सेंगर ने कहा कि मनरेगा जॉब कार्ड धारकों के साथ ग्रामीणों की भी जिम्मेदारी है कि वह मनरेगा से संबंधित विकास कार्यों की निष्पक्ष जानकारी सोशल ऑडिट के सदस्यों को दें ताकि उसका सही अंकेक्षण हो सके। उन्होंने ग्राम प्रधानों से शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्य कराने की अपील की।

ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री की मौत

इटावा। हमसफर ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री की अचानक तबीयत खराब हो जाने से ट्रेन को रोककर इटावा स्टेशन पर उतर गया एंबुलेंस की मदद से उसको जिला अस्पताल ले जाया गया वहा डॉ ने युवक को मृत घोषित कर दिया। हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन से बलरामपुर से नई दिल्ली जा रहे 35 वर्षीय रामनारायण अपनी पत्नी कंचन और दो बच्चों के साथ नई दिल्ली के लिए जा रहे थे तभी राम नारायण की अचानक तबीयत खराब हो गई। पत्नी कंचन ने इस बात की जानकारी आरपीएफ को दी। जानकारी मिलते ही आरपीएफ ने इटावा स्टेशन पर युवक को ट्रेन से उतारा और एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिजन उसे अपने साथ ले गए।

हाथरस भगदड़ के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

महेवा, इटावा। हाथरस में सत्संग के दौरान हुए हादसे में मृतक लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए संभ्रांत व्यक्तियों ने शोक व्यक्त किया है ।

विश्व साकार हरि के कार्यक्रम में हाथरस के फुलरई गांव में करीब सवा सौ लोगों की मौत हो गई थी। प्रेस क्लब कार्यालय महेवा में श्रंदाजली अर्पित की गई तथा प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग भी की गई है।

इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष राना प्रताप सिंह चौहान ,महामंत्री राजू दुबे , सरंक्षक विनोद पोरवाल ,सुभाष पाठक ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र पोरवाल , उपाध्यक्ष मनीष दीक्षित , मनोज भदौरिया , गोपाल पोरवाल पुष्पेंद्र कठेरिया ,शिवम पोरवाल ,मुकेश दिवाकर आदि पत्रकार मोजूद रहे।

अस्पताल का निर्माण रोके जाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। कचहरी के वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश चंद्र दुबे ने मुख्यमंत्री सहित अन्य अधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने आवास विकास कॉलोनी में अवैध रूप से बन रहे अस्पताल के निर्माण कार्य को तत्काल रोके जाने और जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ए ब्लाक आवास विकास कॉलोनी डॉ. आंबेडकर पार्क के सामने 2000 वर्ग मीटर का रकबा आवासीय कॉलोनी में है। इसका आवंटन एक डॉक्टर के नाम कर दिया गया है। यह आवंटन आवासीय भूमि का किस प्रकार किस प्रावधान के अनुसार अस्पताल के नाम पर हुआ है। उन्होने कहा अस्पताल

- वरिष्ठ अधिवक्ता ने मुख्यमंत्री सहित अन्य अधिकारियों को लिखे पत्र

की तिमंजिला बन रही इमारत को किसके आदेश पर बनवाया जा रहा है। यह एक विचारणीय प्रश्न है।

दुबे ने बताया उक्त भूखंड पहले यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि. को आवंटित किया गया था लेकिन 2 जूलाई 2021 को कारपोरेशन द्वारा आवास विकास परिषद को वापस कर दिया गया था। इसके बाद इस भूखंड की नीलामी को आवास विभाग परिषद ने अखबार के जरिए विज्ञप्ति जारी कर सार्वजनिक नहीं की। भूखंड की अनुमानित कीमत 13 करोड़ रुपये से भी अधिक है। लेकिन बगैर नीलामी की प्रक्रिया पूरे किये आधे से भी कम कीमत पर दे दिया है। उन्होंने मामले की जांच की मांग की है।

युवकों ने मॉडल शाप के पास की फायरिंग

उरई (जालौन)। वर्चस्व कुछ युवकों ने उरई रोड स्थित एक मॉडल शाप के पास हवाई फायरिंग कर दी। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी विवेक कुमार मिश्रा ने पुलिस को बताया कि उरई रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी का कार्यक्रम था, जिसमें शामिल होने के लिए वह परिवार के साथ गए थे। शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वह अंदर चले गए। रात्रि करीब पौने 12 बजे मोहल्ला रावतान निवासी जयकरन, रोहित व राज गेस्ट हाउस के बाहर उनके बेटे मानव के साथ विवाद कर रहे थे। जब उन्हें जानकारी हुई तो उन्होंने बाहर आकर उन्हें शांत कराया और घर भेज दिया। कुछ समय बाद वह लोग कार से पुनः आ गए और बातचीत करने के लिए उन्हें उरई रोड स्थित एक मॉडल शॉप के पास बुला लिया।

ज्वैलर्स की दुकान से चोरी करने वाला गिरफ्तार

कायार्लय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। चकरनगर थाना पुलिस ने करीब दो साल पहले एक ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए आभूषण बरामद किए हैं। पूछताछ में उसे अपने अन्य साथियों के नाम भी बताए है।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि चकर नगर निवासी सुरेश चन्द्र जैन की सर्राफे की दुकान है। 28 जुलाई 2022 को चोरों ने जीने की दीवार तोड़कर तिजोरी व अलमारी से सोने,चांदी आदि सामानो को चोरी कर लिया गया था । पुलिस ने मामला दर्ज कर छानवीन शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान सत्यम सागर पुत्र अरुण कुमार , बृजपाल चौहान पुत्र स्व0 हेतराम, सचिन

- आरोपी के पास से सोने व चांदी के आभूषण बरामद

चौहान पुत्र मंगल सिंह. मुनीश पुत्र सहनसाह . प्रेम पवार पुत्र जीवन उर्फ जीवन सिंह . बहरु पुत्र बंशी . प्रकाश पवार पुत्र छेदीलाल निवासीगण मौहल्ला बनारसीदास औरेया के नाम प्रकाश मे आए थे। प्रेम पवार जेल में बंद था पुलिस ने उसको रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की थी। 03 किलो के ऊपर सोना व 20 किलो चांदी के जेवरात व लगभग दस लाख रूपये नगद की चोरी की थी । मेरे हिस्से मे कुछ सोना व चांदी का सामान व कुछ चांदी के सिक्के आए थे चोरी के सामान का कुछ हिस्सा मैंने अपने घर में तथा कुछ सामान मैने घर से थोड़ी दूर खाली प्लाट में जमीन में गाड़ दिया था ।

हेराफेरी | ग्राम सिकरी जरहा के ग्रामीणों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

सही हैंडपंप का रिबोर दिखाकर 5 लाख रुपये हड़पने का आरोप

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। महेवा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सिकरी जरहा के ग्रामीण राजू पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम लोकेंद्र सिंह, दयाशंकर, रामनरेश आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

इन लोगों ने बताया कि सरकारी हैंडपंप राजू के दरवाजे पर लगा है जो पानी भी दे रहा है जिससे कई परिवार पानी भरते है , जब कि इसी हैंडपंप को ग्राम पंचायत के अभिलेखों में खराब दर्शा कर फर्जी रिबोर करने की धनराशि ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव ने हड़प कर ली है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत पूर्व में जिलाधिकारी से की गई थी, मगर प्रधान व बीडीओ महेवा की मिली भगत से चालू हैंडपंप को खोल कर उसका सामान ग्राम रोजगार सेवक के घर में रखवा दिया गया है। इसके बाद दूसरी शिकायत भी की गयी जिसका कोई निस्तारण नहीं हो सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के 7 हैंडपंप फर्जी खराब दर्शा कर रीबोर कराने के नाम पर लगभग 5 लाख रुपये का गबन किया गया है । जो हैंडपंप अच्छे खासे चल रहे हैं उन्ही हैंडपंपों को खराब दिखाकर रिबोर कराना दिखाया गया है। ग्रामीणों ने उच्च स्तर से मामले की जांच करवाये जाने की मांग प्रशासन से उठाई है।

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देने जाते सिकरी जरहा के ग्रामीण। अमृत विचार

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। अमृत विचार

राहुल गांधी की फोटो जलाये जाने को लेकर भड़के कांग्रेसी

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की फोटो जलाये जाने की घटना को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय

- कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा

काग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद लोकसभा के अलावा विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ससंद में भाजपा सरकार द्वारा भ्रष्टाचार सहित नीट-यूजी-2024 की परीक्षाओं में अनियमितताओं और पेपर लीक का मामला उठाकर उनका झूठा चेहरा देश की जनता के सामने उजागर किया है। हमारे नेता की फोटो को पुलिस एवं प्रशासन के संरक्षण में जलाने की कोशिश की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र शुक्ला, फैजानुल हक, अरविन्द सिंह सेंगर, मजहर खान, अमित पाण्डेय उसरगाँव, शुभेन्द्रसिहं, शेरसिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

युवक ने दबंगों पर मारपीट का लगाया आरोप

उरई। ग्राम मुसमरिया निवासी मनीष सिंह ने डीएम को पत्र देते हुए बताया कि उसके पैतृक गांव मुसमरिया में ग्राम पंचायत द्वारा अनियमित तरीक़े से 31 जून को तालाब की मिट्टी खोदवा कर अपने चहेते के यहां डलवाई जा रही थी। प्रार्थी ने सुबह 6 बजे तालाब पर पहुंच कर मिट्टी खोदाई का वीडियो बना लिया। इसी दौरान गांव के दबंग श्याम ने मेरी बाइक को अपने घर के सामने रोक लिया तथा गलीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी के साथ मारपीट कर दी वह दबंग के चंगुल से निकल कर भागा। पीड़ित ने बताया कि घटना की तहरीर चुर्खी थाना पुलिस को दी इसके बाद थानाध्यक्ष ने मुकदमा लिखने से साफ मना कर दिया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग प्रशासन से उठाई है।

सार-संक्षेप

दंपति को बैग सौंपती पुलिस। अमृत विचार

पुलिस ने एक घंटे में खोजा नकदी, जेवरात से भरा बैग

बिधूना, औरैया। गुरुवार को रावतपुर, कानपुर निवासी अमरेश कुमार पुत्र राजाराम अपनी पत्नी के साथ भांजे की शादी में शामिल होकर अछल्दा से ऑटो से बिधूना आ रहे थे। तभी दंपति का जेवरात व कपड़ों से भरा बैग ऑटो में छूट गया। वह उतर कर कानपुर जाने वाली बस में बैठने के लिए चले गए। बाद में उन्हें पता चला कि उनका बैग ऑटो में रह गया तो उनके होश उड़ गए। दंपति ने इसकी जानकारी बिधूना कोतवाली पुलिस को दी। इस पर निरीक्षक अपराध भूपेंद्र सिंह चौहान ने तत्काल पुलिस बल के साथ उक्त ऑटो की तलाश कर एक घंटे के अंदर नकदी, जेवरात से भरा बैग बरामद कर दंपति को सुपुर्द कर दिया। दंपत्ति पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा की। बीते दिवस सहार थाना पुलिस ने भी एक महिला का जेवरात व रुपयों से भरा बैग खोजकर उसे सौंप दिया था। जिस पर पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने पुलिस टीम को पांच हजार रुपये इनाम की घोषणा की थी।

हाथरस घटना के दोषियों को मिले सजा : शिवप्रसाद

इटावा। हाथरस जिले के सत्संग में भगदड़ मचने से सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गंवाई है। सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव ने सभी के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने ईश्वर से परिवारीजनों को इस अपार संकट में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। कहा कि आयोजकों की तरफ से जो भी दोषी हो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाएं न हों।

दिव्यांग लाभार्थी शिविर 18 को

महेवा। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं दिव्यांगों तक उनका लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से समस्त ब्लाकों में निर्धारित तिथियों पर शिविर लगाए जाएंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह के निर्देशन में महेवा में 18 जुलाई को 11 बजे ब्लॉक सभागार में शिविर लगेगा। सहायक विकास अधिकारी पंचायत महेवा इंद्र पाल सिंह ने बताया कि शिविर में दिव्यांजनों को अपेक्षित कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण, सहित शल्य चिकित्सा, दिव्यांग पेंशन योजना, शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार, दुकान निर्माण आदि के से लाभान्वित किया जाएगा।

अमरनाथ यात्रा पर रवाना होते शिवभक्त। अमृत विचार

21 शिवभक्तों का जत्था बाबा बर्फानी के दर्शन को रवाना

बकेवर, इटावा। बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए कस्बा लखना व चकरनगर से 21 भक्तों का जत्था रवाना हुआ। जिसका कस्बा में जगह जगह स्वागत किया गया। बाबा अमरनाथ सेवा समिति के तत्वावधान में दिनेश यादव पूर्व सभासद के नेतृत्व में रवाना हुए जत्थे में भूरे यादव,विकास गुप्ता,सुनील शर्मा,जीतू कुशवाहा, मनीष गुप्ता,कपिल गुप्ता,श्लोक सिंह,अंशुल कुशवाहा, सहित अन्य लोग शामिल हैं। इसका स्वागत पुराना नहर पुल शिव मंदिर पर शिवशंकर पोरवाल हलवाई,जगरुप सिंह कुशवाहा,देवेन्द्र यादव,विपिन पोरवाल,वृजमोहन सिंह के द्वारा फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत करके विदा किया गया। इसके साथ ही कस्बा चकरनगर से भी आशू यादव,अर्जुन सिंह,विनीत कुमार,सोनू जैन,मोहित तिवारी,विकास,तरुण कुमार,हर्ष पाठक भी बाबा के दर्शन के लिए अमरनाथ रवाना हुए। इनका भी लोगों के द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किय।

करंट से सांड की हुई मौत

जसवंतनगर, इटावा । नगर के श्री कृष्ण बाजार में इमली के पेड़ पास बीती रात बिजली के पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से सांड गोवंश की मौत हो गई ।बीती रात सड़क पर घूम रहा एक सांड जैसे ही बिजली के खंभे से टच हुआ, उसमें उतर रहे करंट लगने से पल भर के भीतर उसकी तड़प कर मौत हो गई।

पौधा लगाते सीओ चकरनगर नागेंद्र चौबे। अमृत विचार

हर व्यक्ति मां के नाम पर एक पौधा जरूर लगाए

बकेवर। वन महोत्सव के तहत चकरनगर थाना परिसर में पौधे रोपे गए। वन क्षेत्राधिकारी लखना प्रदीप कुमार ने कहा कि एक पौधा मां के नाम प्रत्येक व्यक्ति को लगाना चाहिए। चकरनगर सीओ नागेंद्र चौबे, एसडीएम चकरनगर ब्रह्मानंद कठेरिया, रेंजर सत्यनारायण यादव की उपस्थिति में थाना परिसर में पौधों का रोपण किया गया। सीओ चकरनगर ने कहा कि प्रेत्यक नागरिक का दायित्व है कि पौधों का रोपण कर उनकी अच्छे से देखभाल करे। वन दरोगा राम सेवक शर्मा, सौरभ चौधरी, सोमू तिवारी, वन रक्षक महेश यादव मौजूद रहे।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	80,049.67	24,302.15
बढ़त	62.87	15.65
प्रतिशत में	0.08	0.06

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शुक्रवार, 5 जुलाई 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-965 फ्लैग-1085 डीएमओ-830 बोल्ड-1120
चन्दौसी : शिवालिक- 950 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 890

कानपुर मंडी

गेहूं दड़ा 2400-2410, आर.आर.21 2550-2600, गेहूं फारम 2600-2700, जौ 2000 -2100, ज्वार 2000 -4000, बाजरा 2100-2150, मकाई 2200 -2400, चना 6300 -6400, अरहर 9000 -10000, मसूर 5500 -5600, मटर 3700 -3800, उड़दहरा 11000 -11500, उड़द काला 8000 -9000, मूंग 7800 -8000, अरहर फूल 16500-16600, अरहर स्पेशल 14300-14400, चना दाल 7750-7850, मटरदाल 4700-4800, मसूर मलका 7200-7250, मसूर दाल 7400-7450, उड़द दाल 9000- 13300, उड़द धोवा 10000- 13000, मूँगदाल 8100 -9700, मूंग धोवा 9700-11000, अरवा 2000 - 2300, बासमती न01.8500 - 10000, सेला 2500 - 3000, बासमती न02.6500 - 7500, आटा 1400-1460, मैदा 1380-1450, सूजी 1440-1460, शाहपसंद 1370-1410, लाही 5600-5800, अलसी 4500 -4600, अण्डी 4600 -4700, तिल्ली 11500- 12200, मूंगफली दाना शिवपुरी 9800- 11200, बटाली 9000 -11000, सेहुआं 4000 - 4500, सरसों कोल्हू 12200-12300, अलसी 10100-10200, अण्डी 12800-13000, सोयाबीन 1590-1611, सरसों 2750-2800, अलसी 4900-5000, अण्डी 1400-1450, बावर्ची 1585-1585, मयूर 1585-1585, मंगलौर लड्डू 4900-4950, देशीभेली 4600-4700,

सीजेआई ने बाजार में तेजी के बीच सेबी सैट को दी सतर्क रहने की दी सलाह

प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ बोले- सैट के अधिकारियों से नई पीठें खोलने पर करें विचार

मुंबई, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बाजार नियामक सेबी और सैट को शेयर बाजारों में उल्लेखनीय उछाल के बीच सावधानी बरतने की गुरुवार को सलाह दी। उन्होंने अधिक न्यायाधिकरण पीठों की भी वकालत की ताकि इनकी स्थिर नींव सुनिश्चित की जा सके।

प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने यहां नए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) परिसर का उद्घाटन करते हुए अधिकारियों से सैट की नई पीठें खोलने पर विचार करने का आग्रह किया, क्योंकि अधिक मात्रा में लेन-देन तथा नए नियमों के कारण कार्यभार बढ़ गया है। बीएसई के 80,000 अंक का आंकड़ा पार करने को उल्लास से भरा क्षण बताने वाली खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं नियामक प्राधिकरणों के लिए यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देती हैं कि जीत के बीच हर कोई अपना संतुलन व धैर्य बनाए रखे।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आप शेयर बाजार में जितनी अधिक तेजी देखेंगे, मेरा मानना है कि सेबी तथा सैट की भूमिका उतनी ही अधिक होगी। ये संस्थान सतर्कता बरतेंगे, सफलताओं का जश्न मनाएंगे लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि इसकी नींव स्थिर रहे।

● प्रधान न्यायाधीश ने नए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) परिसर का किया उद्घाटन

अब तक 6,700 से अधिक अपीलों का हुआ है निपटारा

सीजेआई ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और सैट जैसे अपीलीय मंच के स्थिर तथा पूर्वानुमानित निवेश वातावरण को बढ़ावा देने के पीछे उनका अत्यधिक राष्ट्रीय महत्व हैं। सैट के पीठासीन अधिकारी न्यायमूर्ति पीएस दिनेश कुमार ने कहा कि सैट में 1,028 अपीलें लंबित हैं। 1997 में स्थापना के बाद से 6,700 से अधिक अपीलों का निपटारा किया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में समय पर कार्रवाई और त्रुटियों को सुधारना बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधान न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को सैट की नई वेबसाइट भी पेश की। इसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्षेत्र में प्रगति के साथ न्याय तक पहुंच की अवधारणा पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

थ्रेड्स के दुनिया में 17.5 करोड़ उपयोगकर्ता, भारत सबसे सक्रिय : मेटा

नई दिल्ली। सोशल मीडिया दिग्गज मेटा ने कहा है कि उसकी सोशल नेटवर्किंग सेवा थ्रेड्स के लिए भारत सबसे सक्रिय देशों में से एक है। थ्रेड्स के वैश्विक स्तर पर 17.5 करोड़ से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं।

फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच का संचालन करने वाली मेटा से आई यह जानकारी इस लिहाज से अहम है कि ट्विटर (एक्स) के प्रतिद्वंद्वी के रूप में थ्रेड्स को पेश किए जाने के एक साल पूरे होने जा रहे हैं। मेटा ने कहा कि 17.5 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं। भारत वैश्विक स्तर पर थ्रेड्स के लिए सबसे सक्रिय देश है। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि थ्रेड्स को इस भरोसे के साथ पेश किया गया था कि हर किसी के पास कहने के लिए कुछ मूल्यवान है।

धोखाधड़ी रोकने को संस्थागत व्यवस्था अनिवार्य : सेबी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्रतिभूति बाजार में निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए शेयर ब्रोकिंग कंपनियों को धोखाधड़ी यानी बाजार के दुरुपयोग को रोकने और उसका पता लगाने के लिए एक संस्थागत तंत्र स्थापित करने के लिए कहा है।

सेबी ने गुरुवार को परिपत्र में ब्रोकिंग कंपनियों के लिए कारोबारी गतिविधियों और आंतरिक नियंत्रण की निगरानी के लिए प्रणालियां लागू करने और व्हिसल-ब्लोअर नीति की शुरुआत को अनिवार्य कर दिया है। ये सभी प्रावधान सेबी (शेयर ब्रोकर) (संशोधन) विनियम, 2024 का हिस्सा हैं जिसका उद्देश्य बाजार की अखंडता और निवेशक सुरक्षा के उच्च मानकों को सुनिश्चित करना है। नियामक ने परिपत्र में कहा है कि परिचालन के तौर-तरीकों एवं इसके कार्यान्वयन संबंधी मानकों को ब्रोकर उद्योग मानक मंच (आईएसएफ) सेबी के परामर्श से तैयार करेगा। मानकों का कार्यान्वयन शेयर ब्रोकर के आकार पर निर्भर करेगा। 50,000 से अधिक सक्रिय विशिष्ट ग्राहक कोड (यूसीसी) वाले ब्रोकर के लिए एक जनवरी, 2025 तक इसका अनुपालन करना जरूरी है। 2001 से लेकर 50,000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकर को 1 अप्रैल, 2025 तक इसका अनुपालन करना होगा। वहीं 2000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकरों को 1 अप्रैल, 2026 तक इसका अनुपालन करना होगा।

● दुरुपयोग रोकने और पता लगाने को तंत्र स्थापित करने को कहा

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	92600
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	74500
गिन्नी (प्रति नग)	55500-55700
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,900
चांदी आभूषण	90,700

जिप्र इलेक्ट्रिक ने 7.3 करोड़ डिलीवरी की उपलब्धि की हासिल

नई दिल्ली। ज़िप इलेक्ट्रिक ने 7.3 करोड़ डिलीवरी का रिकार्ड बनाने की घोषणा करते हुये कहा है कि इससे उसके गिग वर्कर्स (अस्थायी कर्मचारियों) की कमाई में ज़बरदस्त वृद्धि हुई है। कंपनी ने आज यहां कहा कि कमाई में यह वृद्धि दर्शाती है कि ज़िप इलेक्ट्रिक अपने डिलीवरी पार्टनरों को कमाई के स्थायी और आकर्षक अवसर प्रदान करने और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ज़िप इलेक्ट्रिक भारत का अग्रणी टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड ईवी-एज़-ए-सर्विस प्लेटफॉर्म है। ज़िप पायलट मुख्य रूप से ईवी राइडर हैं, जिनकी उम्र 27 वर्ष है। इन पायलटों ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। आठ प्रतिशत पायलट अब हर महीने 50,000 रुपये से अधिक कमा रहे हैं, जिसमें मार्च से 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

जापान का निक्की 225 नए रिकॉर्ड स्तर 40,913.65 पर बंद

तोक्यो। जापानी सूचकांक निक्की 225 गुरुवार को 40,913.65 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। प्रौद्योगिकी और निर्यातोन्मुखी शेयरों की भारी खरीद से सूचकांक में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सूचकांक का सर्वकालिक उच्च स्तर दिन के कारोबार के दौरान 41,087.75 अंक था जो 22 मार्च को बना था। बंद होने का अभी तक का इसका रिकॉर्ड स्तर 40,888.43 अंक था। यह भी 22 मार्च को दर्ज हुआ था। यह बढ़त वॉल स्ट्रीट पर रात भर की तेजी के अनुरूप थी, जहां एसएंडपी 500 और नैस्डैक ने भी नए रिकॉर्ड बनाए।

देश में माल ढुलाई या कार्गो विमानों की संख्या बढ़ने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

● सरकार लॉजिस्टिक्स केंद्र विकसित करने को कर रही काम
● वर्तमान में भारतीय कंपनियों के पास 18 मालवाहक जहाज

देश के हवाई माल ढुलाई क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है और इसके उपयोग के लिए प्रक्रियाओं में और सुधार लाने के साथ-साथ तेजी से काम पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

नागर विमानन मंत्रालय में वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि हवाई माल ढुलाई क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है और देश में माल ढुलाई या कार्गो विमानों की संख्या बढ़ने की संभावना है। वर्तमान में भारतीय कंपनियों के पास 18 मालवाहक जहाज हैं।

उन्होंने दिल्ली में एसीएफआई (एयर कार्गो फोरम इंडिया) द्वारा आयोजित सम्मेलन में कहा कि हवाई माल ढुलाई क्षेत्र में कारोबार को और आसान बनाने तथा तेजी से काम पूरा करने पर ध्यान दिया जाएगा। कोविड-19 महामारी की मार झेलने के बाद यात्री खंड में सुधार हुआ है। 2023-24 में देश में हवाई माल ढुलाई 33.6 लाख टन से थोड़ा ज्यादा था।

स्टेट बैंक ने की 11 नई पहलों की शुरूआत

नई दिल्ली, एजेंसी

● बैंक ने डिजिटल बैंकिंग के लिए इनोवेटिव सुविधाओं की घोषणा की

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अपने 69वें स्थापना दिवस पर 11 नई पहल के साथ बैंकिंग अनुभव को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता जताई है।

बैंक ने इस मौके पर बेहतर डिजिटल बैंकिंग अनुभव के लिए इनोवेटिव सुविधाओं की घोषणा की है जिसमें आसान डिजिटल भुगतान के लिए यूपीआई टैप-एंड-पे की शुरुआत, सूर्य घर लोन, छोटे व्यवसायों के लिए योनो बिजनेस और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग तक पहुंच की सुविधा, ग्राहकों को ऋण प्रस्तावों पर स्वचालित सूचना की शुरुआत, 35 नए एग्रीकल्चर सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटरों का शुभारंभ, ई-डीएफएस के लिए बीआरई का शुभारंभ, आरोग्य एडवांस्ड प्लान लॉन्च, पटियाला में ग्लोबल एनआरआई सेंटर की शुरुआत, उच्च न्यायालय शाखाओं का नया रूप, उत्तर और दक्षिण में दो आउटबाउंड संपर्क केंद्रों का शुभारंभ, एसएमईसीसी मॉडल अब नए रूप में शामिल है।

भारतीय स्टेट बैंक बीएचआईएम एसबीआई पे ऐप पर टैप-एंड-पे और योनो ऐप पर म्यूचुअल फ़ंड के बदले एंड-टू-एंड डिजिटल लोन जैसी दो रोमांचक सुविधाओं की शुरुआत करके डिजिटल भुगतान के अनुभव को बदल रहा है। नियर फ़ील्ड कम्युनिकेशन (एनएफसी) तकनीक का लाभ उठाते हुए, बीएचआईएम एसबीआई पे ऐप का टैप-एंड-पे तेज़ और सहज डिजिटल भुगतान के एक नए युग का प्रतीक है। 500 रुपये से कम के लेन-देन में पिन-लेस अनुभव के लिए यूपीआई लाइट का लाभ उठाया जाता है, जबकि इससे ज्यादा के लेन-देन में सुरक्षित भुगतान के लिए यूपीआई पिन की ज़रूरत होगी।

राष्ट्रीय

एक नजर

नोएडा में महिला के साथ बलात्कार

नोएडा। थाना सेक्टर 58 में महिला ने मामला दर्ज करा कर आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति ने उसे होटल में ले जाकर उससे बलात्कार किया है। थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि महिला ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नवीन मोहंती नामक व्यक्ति ने उसके साथ बलात्कार किया। आरोप है कि आरोपी उसे कुछ समय पूर्व थाना सेक्टर 58 क्षेत्र में स्थित होटल में लेकर आया तथा वहां पर उसने उसके साथ बलात्कार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि यह यह मामला दिल्ली से स्थानांतरित होकहर नोएडा आया है।

अबू सलेम को तलोजा से भेजा गया नासिक जेल

ठाणे। 1993 के सिलसिलेवार विस्फोट मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर अबू सलेम को गुरुवार को नवी मुंबई की तलोजा जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच नासिक की केंद्रीय जेल में स्थानांतरित किया गया है। अधिकारी ने बताया कि सलेम को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे तलोजा जेल से निकालाकर वहां शिफ्ट किया गया। 2005 में पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किए सलेम को 1993 के मुंबई सिलसिलेवार विस्फोट मामले में 2017 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जेल अधिकारियों ने विशेष अदालत से कहा था कि उसे नासिक केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित करने की जरूरत है, क्योंकि तलोजा जेल में उच्च सुरक्षा वाली कोठरी जर्जर हालत है जिसकी मरम्मत की आवश्यकता है।

टीएमसी के दो विधायकों का धरना छठे दिन भी जारी

कोलकाता। टीएमसी के दो नवनिर्वाचित विधायकों का गुरुवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में धरना छठे दिन भी जारी है। विधायकों की मांग है कि उन्हें सदन में शपथ दिलाई जाए, न कि राजभवन में। बड़नगर से विधायक सायंतिका बंद्योपाध्याय और भगवानगोला से विधायक रेयात हुसैन सरकार ने कहा कि उन्होंने धरना प्रदर्शन 27 जून से शुरू किया था और यह जारी है। दोनों राज्य विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित हुए हैं लेकिन उनके शपथ ग्रहण की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है और जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने अभी तक काम शुरू नहीं किया है। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने इस मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप की मांग की थी। वह इस मुद्दे पर आज संवाददाताओं से बातचीत कर सकते हैं। बंद्योपाध्याय और सरकार बीआर आंबेडकर की प्रतिमा के पास धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

कॉलेजियम की सिफारिश रद करने के कारण नहीं किए जा सकते सार्वजनिक : हाईकोर्ट

संबंधितों के हितों के लिए हानिकारक और जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को करेगा बाधित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम की ओर से उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिशों को अस्वीकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि इसके कारणों को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह संबंधितों के हितों के लिए हानिकारक और नियुक्ति प्रक्रिया को बाधित करेगा।

उच्च न्यायालय ने उस आदेश को चुनौती देने वाली अपील को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने के विस्तृत कारण बताने के लिए उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम को निर्देश देने संबंधी याचिका खारिज कर दी गई थी। उसने कहा कि उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में किसी न्यायाधीश की नियुक्ति एक एकीकृत, परामर्शात्मक और गैर-प्रतिकूल प्रक्रिया है जिसे नामित संवैधानिक पदाधिकारियों के साथ परामर्श की जरूरत या प्रधान न्यायाधीश की सिफारिश के बिना नियुक्ति या हस्तांतरण के मामले में पात्रता की किसी शर्त की कमी के अलावा कानून की अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि इसके अलावा, अस्वीकृति के कारणों का प्रकाशन उन लोगों के हितों और प्रतिष्ठा के लिए हानिकारक होगा जिनके नामों की सिफारिश उच्च न्यायालयों द्वारा की गई है, क्योंकि (शीर्ष अदालत का) कॉलेजियम उस जानकारी के आधार पर विचार-विमर्श और निर्णय लेता है जो विचाराधीन व्यक्ति के लिए निजी है। यदि ऐसी जानकारी सार्वजनिक की जाती है, तो इसका असर नियुक्ति प्रक्रिया पर पड़ेगा।

● उच्चतम न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय ने की खारिज

कोटा में बिहार के कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या

कोटा। राजस्थान के कोटा में एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि 16 वर्षीय छात्र ने यहां पेइंग गेस्ट (पीजी) में स्थित अपने कमरे में फांसी लगा ली। कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों द्वारा संदिग्ध आत्महत्या का जनवरी से अब तक यह 13वां मामला है।

2023 में कोटा में 26 छात्रों ने आत्महत्या की थी। पुलिस ने बताया कि बिहार के नालंदा जिले का मूल निवासी संदीप कुमार कुर्मी पिछले दो साल से कोटा में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के लिए तैयारी कर रहा था और महावीर नगर-3 में पीजी में रहता था। महावीर नगर पुलिस थाने के प्रभारी (एसएचओ) महेंद्र मारू ने बताया कि गुरुवार सुबह लगभग 7 बजे किशोर का सहपाठी उसके कमरे में गया, जहां उसने देखा कि कुर्मी छत के पंखे से लटका हुआ है।

उन्होंने बताया कि कुर्मी के सहपाठी ने पीजी की देखरेख करने वाले व्यक्ति को इसके बारे में सूचना दी। बाद में पुलिस को इस संबंध में सूचित किया गया। एसएचओ ने बताया कि छात्र ने बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात को आत्महत्या की।

दिल्ली में 5 हजार शिक्षकों के तबादले पर लगी रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में दस साल से ज्यादा समय से पढ़ा रहे शिक्षकों के अनिवार्य तबादले के आदेश पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। आतिशी ने गुरुवार को कहा कि 11 जून को दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने एक आदेश जारी किया। इसमें कहा गया कि दिल्ली के स्कूलों में काम करने वाले वह शिक्षक जो एक ही स्कूल में 10 साल से ज्यादा समय से काम कर रहे है, उनका अनिवार्य तबादला होगा।

उन्होंने कहा कि यह आदेश बिलकुल ग़लत है, शिक्षा विरोधी है और इस आदेश को ख़ारिज करने के एक जुलाई को दिल्ली के शिक्षा सचिव और शिक्षा विभाग के निदेशक को निर्देश दिए। यह आदेश इसलिए ग़लत है कि यह दिल्ली सरकार के स्कूलों के वे शिक्षक ही है, जिनके पिछले 10 साल की कड़ी मेहनत से दिल्ली के सरकारी स्कूलों का कायापलट हुआ है। इन्ही शिक्षकों की मेहनत से दिल्ली सरकार के स्कूलों के बच्चे आईआईटी में जा रहे है। जेईई-नीट पास कर रहे है। इन्हीं के कारण दिल्ली के स्कूलों के नतीजे प्राइवेट से बेहतर आ रहे है।

शिक्षा मंत्री कहा कि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी स्पष्ट रूप से कहती है कि शिक्षकों के लिए बार बार तबादले की प्रक्रिया, बड़े स्तर पर तबादले की प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए। उन्हें एक स्कूल में ही होना चाहिए और जब तक बहुत विशेष परिस्थितियाँ न हो, तब तक शिक्षकों को एक ही स्कूल में पढ़ाना चाहिए। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए सिर्फ और सिर्फ उनके टीचर ही उन्हें पढ़ाने के लिए उपलब्ध होते है। ऐसे में जब एक झटके में स्कूल के आधे शिक्षक बदल दिये जाते हैं तो पूरा स्कूल अस्त-व्यस्त हो जाता है और पढ़ाई का माहौल ख़राब हो जाता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मेरे आदेश के बावजूद दो जुलाई को देर रात 5000 शिक्षकों के तबादले के आदेश निकाल दिए जाते है। क्या अब ऐसा समय आ गया है कि दिल्ली सरकार के स्कूलों के अफ़सर ही दिल्ली के सरकारी स्कूलों को ख़राब करना चाहते है? एक और चिंताजनक खबर आ रही है कि इस तबादले की प्रक्रिया में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है।

● शिक्षा मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव को तबादले वापस लेने के दिए निर्देश

एनसीईआरटी परीक्षा पे चर्चा को ऑनलाइन प्रारूप में पुन : प्रस्तुत करने की दिशा में कर रही है काम

नई दिल्ली। एनसीईआरटी प्रधानमंत्री मोदी के वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को ऑनलाइन प्रारूप में पुन : प्रस्तुत करने की दिशा में काम कर रही है। उनके भाषणों को पेश करने के लिए पोर्टल को विकसित करने के प्रस्ताव पर काम किया जा रहा है जहां छात्र प्रधानमंत्री के साथ इनट्रैक्टिव 2डी/3डी तरीके से सेल्फी भी ले पाएंगे। यह कदम ऐसे वक्त में उठाया गया है जब प्रतियोगी परीक्षाएं कथित अनियमितताओं को लेकर विवादों में हैं और विपक्ष देश में परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए मांग की है कि वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के मुद्दे को लेकर भी परीक्षा पे चर्चा करें। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने परीक्षा पे चर्चा के लिए वर्चुअली एग्ज़ीबिशन विकसित करने के वास्ते कंपनी की पहचान करने के लिए इस हफ्ते अभिरूचि पत्र (ईओएल) जारी किया है। योजना है कि एक ऐसा डिजिटल मंच विकसित किया जाए जो इनट्रैक्टिव 2डी/3डी से लैस हो तथा उसके माध्यम से छात्र जुड़ सकें और संवाद कर सकें।

दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर नीति बनाए केंद्र : कोर्ट

चेन्नई, एजेंसी

● मद्रास ने दिल्ली हाईकोर्ट के दिये आदेश के अनुरूप उसे अधिसूचित करने का दिया निर्देश

मद्रास हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को दवाइयों की ऑनलाइन बिक्री से संबंधित नीति को दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से 4 मार्च 2024 को दिये गए आदेश के अनुरूप जल्द से जल्द अंतिम रूप देने और उसे अधिसूचित करने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति सी कुमारप्पन की खंडपीठ ने एम/एस. प्रैक्टो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और सात अन्य द्वारा दायर अपीलों का निपटारा करते हुए अपने हालिया आदेश में यह निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं ने दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों के ऑनलाइन व्यापार पर रोक लगाने वाले एकल न्यायाधीश के दिसंबर 2018 के आदेश को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा कि जब तक केंद्र द्वारा नीति तैयार नहीं कर ली जाती या दिल्ली उच्च न्यायालय मामले का अंतिम निपटारा नहीं कर देता तब तक आज तक जारी यथास्थिति बरकरार रहेगी। इस शर्त के अधीन दवाओं की ऑनलाइन बिक्री केवल लाइसेंस प्राप्त दवा विक्रेताओं के माध्यम से ही की जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि किसी भी उल्लंघन की स्थिति में सक्षम प्राधिकारी कानून के अनुसार अपराधियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए बाध्य हैं।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

● राजभवन की महिला कर्मचारी ने राज्यपाल बोस के खिलाफ दाखिल की याचिका

प. बंगाल राजभवन की एक महिला कर्मचारी ने राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अपनी याचिका में महिला दावा किया कि राज्यपाल को दी गई संवैधानिक प्रतिरक्षा के कारण वह उपचारविहीन हो गई है।

याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है कि यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए वह प. बंगाल पुलिस को निर्देश दे। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत संवैधानिक व्यक्ति को प्राप्त प्रतिरक्षा की सीमा तक दिशानिर्देश और योग्यता निर्धारित करने का भी अनुरोध किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 361 (2) में कहा गया है कि राष्ट्रपति या कि राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत में कोई आपराधिक कार्यवाही न तो शुरू की जा सकती या जारी नहीं रखी जा सकती है। याचिका में उक्त प्रावधान का हवाला देते हुए दलील दी गई है कि ऐसी शक्तियों को पूर्ण नहीं समझा जा सकता, जिससे राज्यपाल को ऐसे कार्य करने का अधिकार मिल जाए जो अवैध हों या जो संविधान के भाग तीन की बुनियाद पर प्रहार करते हैं। याचिकाकर्ता ने शिकायतों को उजागर करते हुए राजभवन को शिकायत भी लिखी थी, लेकिन अधिकारियों के निष्क्रियता से अपमानित किया गया। उसे राजनीतिक हथियार बताया गया, जबकि उसके आत्मसम्मान की सुरक्षा नहीं की गई। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि संवैधानिक छूट की आड़ में राज्यपाल को अनुचित कार्य करने और लैंगिक हिंसा करने की अनुमति नहीं है, जबकि देश के हर दूसरे नागरिक को ऐसा करने से प्रतिबंधित किया गया है।

अग्निपथ योजना : कांग्रेस बोली- श्वेत पत्र लाए सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

● राहुल गांधी के बयान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जवाब के बाद पैदा हुआ विवाद

कांग्रेस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अग्निवीर के संदर्भ में दिए बयान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से इसका प्रतिवाद किए जाने के बाद पैदा विवाद के बीच गुरुवार को कहा कि सरकार को अग्निपथ योजना को लेकर श्वेत पत्र लाना चाहिए ताकि देश को वास्तविक स्थिति का पता चल सके।

पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल (सेवानिवृत्त) रोहित चौधरी ने कहा कि सरकार में आने पर कांग्रेस इस योजना को खत्म कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया को बहाल करेगी। चौधरी ने कहा कि संसद में रक्षा मंत्री ने देश के सामने आधी-अधूरी जानकारी रखी, जिससे एक संशय का माहौल बन गया। विपक्ष के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि सेना और अग्निवीरों के साथ जो भेदभाव हो रहा है, उन मुद्दों को उठाएं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का कहना है कि सैनिकों, सेना और शहीदों के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यह सिर्फ शहीद अग्निवीर अजय सिंह का नहीं, बल्कि शहीद हुए 13 अग्निवीरों, सेना में सेवारत अग्निवीरों, ट्रेनिंग ले रहे अग्निवीरों और देश की सुरक्षा का मामला है। सरकार को अग्निपथ योजना, अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच भेदभाव, शहीदों के परिवरों को मिलने वाली सहायता राशि पर श्वेत पत्र पर लाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दिवंगत अग्निवीर अजय सिंह के परिवार को सरकार से सिर्फ 48 लाख रुपये मिले, जबकि उन्हें पंजाब सरकार से एक करोड़ रुपये और एक निजी बैंक में खाते के चलते 50 लाख रुपये की राशि मिली। सेना ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में किए गए उन दावों को खारिज कर दिया कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले अग्निवीर अजय कुमार के परिजनों को मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया। सेना ने कहा कि परिवार को देय राशि में से 98.39 लाख रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

मोदी के ढाई घंटे में महंगाई का जिक्र नहीं : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा कि वह संसद में ढाई घंटे तक भाषण देते रहे लेकिन मुद्रास्फीति का जिक्र नहीं किया गया जबकि महंगाई ने लागों की कमर तोड़ दी है। खरगे ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट में कहा कि महंगाई आसमान छू रही है और आवश्यक वस्तुओं के दाम लोगों के बस से बाहर हो गए हैं लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है और मोदी सिर्फ भाषण दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र में उन्होंने कहा, मोदी जी, आप ढाई-ढाई घंटे के भाषण देते हैं, पर महंगाई के मुद्दे के बारे में ढाई शब्द नहीं बोल पाते।

एक नजर

जापान में नसबंदी का शिकार हुए लोगों को मुआवजा देने का आदेश

तोक्यो। जापान के उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में बुधवार को सरकार को उन पीड़ितों को उचित मुआवजा देने का आदेश दिया जिनकी अब निरस्त किए जा चुके यूजेनिक्स प्रोटेक्शन लॉ के तहत जबरन नसबंदी की गयी थी। यह कानून शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के संतान न पैदा करने के लिए बनाया गया था। ऐसा अनुमान है कि पैदा होने वाली संतानों में किसी प्रकार की शारीरिक कमी को रोकने के लिए 1950 से 1970 के बीच इस कानून के तहत बिना सहमति के करीब 25,000 लोगों की नसबंदी की गयी थी।

कनाडा में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में एक की मौत

ओटावा। कनाडा के पश्चिम में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सीटीवी रिपोर्ट के मुताबिक, घटना कोलंबिया के पास बीसी अलबर्टा बोर्डर के नजदीक कोलंबिया वैली क्षेत्र में मंगलवार शाम को हुई। हेलिकॉप्टर में सवार तीन लोगों में से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जो पायलट था और दो लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक महीने में तीसरे जापानी पर्वतारोही ने गंवाई जान

पेशावर। उत्तरी पाकिस्तान के सबसे ऊंचे पहाड़ों में से उतरते समय एक जापानी पर्वतारोही की मौत हो गई। एक महीने से भी कम समय में इस पहाड़ पर किसी जापानी के साथ यह ऐसी तीसरी घटना है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

भारत की यात्रा के बाद चीन जाएंगी हसीना

बीजिंग। चीन ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अगले सप्ताह की शुरुआत में बीजिंग का दौरा करेंगी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग सहित देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगी, जिससे आपसी राजनीतिक विश्वास बढ़ेगा और द्विपक्षीय संबंध एक नए स्तर पर पहुंचेंगे। हसीना 8 से 10 जुलाई तक चीन की यात्रा पर रहेंगी। भारत यात्रा के कुछ दिनों बाद उनकी इस यात्रा को भारत और चीन के बीच संबंधों को संतुलित करने के एक स्पष्ट प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

जापानी शख्स को जेल के साथ बेंत से मारने की सज़ा

कुआलांलपुर। सिंगापुर में नशे में धुत छात्रा पर क्रूर हमला करने और बलात्कार के जुर्म में एक जापानी हेयर स्टाइलिस्ट को 17 .5 साल की जेल और 20 बेंत मारने की सजा सुनाई गई है। उसके वकील ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बचाव पक्ष के वकील एड्रियन वी ने बताया कि 39 वर्षीय किता इक्को ने बलात्कार और अश्लील फिल्म बनाने के आरोप को सोमवार को स्वीकार कर लिया था। समाचार एजेंसी 'क्योदो' ने सिंगापुर में जापानी दूतावास के हवाले से कहा कि सिंगापुर में बेंत से मारने की सज़ा पाने वाला किता पहला जापानी है।

बारिश का मौसम आया... सांपों से जरा बचके रहें

बारिश का मौसम शुरू होते ही सांपों का खतरा बढ़ जाता है। देशभर में कई जगह से सर्पदंश से होने वाली मौत की खबरें आती रहती हैं। दुनियाभर में सांपों की अनगिनत प्रजातियां पाई जाती हैं। अगर भारत की बात करें तो देश में सांपों की लगभग 300 प्रजातियां पाई जाती हैं। इन प्रजातियों में से करीब 50 प्रजातियां बेहद ही जहरीली होती हैं। भारत में पाए जाने वाले सभी सांपों में से केवल 15 से 17 प्रतिशत ही विषैले होते हैं, जिनमें समुद्री सांप भी शामिल हैं। भारत में 16 जुलाई को विश्व सर्प दिवस मनाया जाएगा। इसी के मद्देनजर सांपों के हमले से बचाव और प्रजातियों पर एक नजर डालते हैं।

देश में पाए जाने वाले सांप

भारत में अजगरों की तीन प्रजातियां पाई जाती हैं - भारतीय रॉक अजगर, बर्मीज अजगर और जालीदार अजगर। जिन्हें दुनिया की सबसे बड़ी सांप प्रजाति माना जाता है। किंग कोबरा दुनिया का सबसे लंबा विषैला सांप है। कॉमन करैत, रसेल वाइपर, सॉ स्केल्ड वाइपर, चश्माधारी कोबरा, पिट वाइपर, बैंडेड करैत, बैम्बू पिट वाइपर और अंडमान पिट वाइपर।



सबसे ज्यादा प्रजातियों वाला राज्य

दुनियाभर में सबसे ज्यादा सांपों की प्रजातियां ब्राजील के अमेजन के जंगलों में पाई जाती हैं। इनमें से एनाकोंडा सबसे प्रमुख है। वहीं भारत का केरल एक ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा प्रजाति के सांप मिलते हैं। लेकिन लक्षद्वीप एक ऐसा केंद्र शासित प्रदेश है, जहां पर एक भी सांप नहीं पाया जाता है। वहीं मध्य प्रदेश में सांपों की 36 प्रजातियां पाई जाती हैं।

सांप काटने के लक्षण

जहरीले सांप के काटने से शरीर में काटने वाली जगह पर दर्द और सूजन, ऐंठन, मतली, उल्टी, अकड़न या कपकपी, एलर्जी, पलकों का गिरना, घाव के चारों ओर सूजन, जलन, लाल होना, त्वचा के रंग में बदलाव, दस्त, बुखार, पेट दर्द, सिरदर्द, जी मिचलाना, मांसपेशियों की कमजोरी, प्यास लगना, लो बीपी, घाव से खून बहना, बहुत पसीना आना और अंगों के आसपास के हिस्से का सुन्न पड़ना शामिल है।

सांप के काटने पर क्या करें

सांप काटने पर तुरंत इलाज के लिए मरीज को अस्पताल ले जाएं। जिस जगह सांप ने काटा है, उस स्थान को बिल्कुल न हिलाएं। ब्लीडिंग होने पर खून को बहने दें। खून रोकने के लिए बीटाडीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। पीड़ित व्यक्ति को शांत रखें और जितना संभव हो व्यक्ति को स्थिर रखें। घाव को ढीली और साफ पट्टी से कवर करें।

भारत में सबसे जहरीली प्रजाति

भारत में पाए जाने वाले सभी सांपों में सबसे जहरीला सांप रसैल वाइपर है। इसके काटने से कुछ ही घंटों में इंसान की मौत हो जाती है। जानकार बताते हैं कि रसैल वाइपर के काटने से इंसान के शरीर के खून में थक्के जमने लगते हैं और कुछ ही देर में इंसान काल के गाल में समा जाता है।

ये रखें सावधानी

- जूते, टंगे कपड़ों आदि को झाड़कर ही पहनें।
- घर के कॉर्नर आदि को साफ सुथरा रखें।
- नीचे रखे बैग, पुराने सामान को चेक करते रहें।
- आंगन से अनावश्यक घास, पेड़-पौधों को हटवा दें।
- घास आदि में चलते समय जूते जरूर पहनें।

ऐसे रखें सांपों को दूर

- लेमनग्रास, गेंदा का फूल, स्नैक प्लांट, तुलसी, कैक्टस आदि पौधे घर के आसपास लगाएं।
- घर में फिनाइल का छिड़काव कर दें। इसकी जगह पर आप विनेगर या मिट्टी का तेल भी स्प्रे कर सकते हैं।
- सांप निकलने पर आप लौंग और दालचीनी के तेल को मिक्स करके उस पर स्प्रे कर सकते हैं।

एससीओ का लक्ष्य आतंकवाद से लड़ाई

शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्र प्रमुखों के समक्ष विदेश मंत्री जयशंकर ने उठाया मुद्दा

अस्ताना, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया करोते हैं और आतंकवाद को नजरअंदाज करते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों की परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों को रखते हुए जयशंकर ने कहा कि एससीओ का एक मूल लक्ष्य आतंकवाद से लड़ना है। जयशंकर ने सम्मेलन में कहा हममें से कई लोगों के अपने अनुभव हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे सामने आते हैं। यह बात स्पष्ट होनी चाहिए कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। किसी भी रूप या स्वरूप में आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता या माफ नहीं किया जा सकता। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। जयशंकर ने पाकिस्तान और उसके सहयोगी चीन के परोक्ष संदर्भ में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग करना चाहिए और बेनकाब कर देना चाहिए जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं, सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं।

चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध दिया है। उन्होंने कहा सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा।

हमें हमारे नौजवानों के बीच कट्टरता फैलाने के प्रयासों को रोकने के लिए सक्रियता से कदम उठाने चाहिए। जयशंकर ने कहा कि पिछले साल भारत की अध्यक्षता के दौरान इस विषय पर जारी संयुक्त बयान नई दिल्ली की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

मिलेट फूड फेस्टिवल, एससीओ फिल्म फेस्टिवल का किया जिक्र : भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान एससीओ मिलेट फूड फेस्टिवल, एससीओ फिल्म फेस्टिवल, एससीओ सूरजकुंड क्राफ्ट मेला, एससीओ थिंक-टैंक सम्मेलन और साझा बौद्ध विरासत पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। हम स्वाभाविक रूप से अन्य देशों के इसी तरह के प्रयासों का समर्थन करेंगे। विदेश मंत्री ने सफल मेजबानी के लिए कजाखस्तान की तारीफ की।

बीजिंग से संचालित होता है एससीओ : एससीओ का कामकाज बीजिंग से संचालित होता है। इसके नौ सदस्य देशों में भारत, ईरान, कजाखस्तान, चीन, किर्गिज, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान हैं। यह एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह बनकर उभरा है। बेलारूस इसमें 10वें सदस्य के रूप में शामिल हुआ है।

सम्मेलन में बात रखते जयशंकर।

चीन व रूस के राष्ट्रपति समेत उपस्थित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष। ● एजेंसी

जलवायु परिवर्तन चिंतनीय, भारत उठा रहा कदम

अस्ताना। जयशंकर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के सामने एक प्रमुख चिंता का विषय है और भारत उत्सर्जन में संकल्पित कमी लाने तथा जलवायु के अनुरूप लचीला बुनियादी ढांचा निर्माण करने की दिशा में काम कर रहा है। जिसमें वैकल्पिक ईंधन की ओर बदलाव, इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना और जलवायु के अनुरूप लचीला बुनियादी ढांचा निर्माण शामिल है। भारत की एससीओ अध्यक्षता के दौरान परिवहन क्षेत्र में कार्बन से मुक्ति पर एक संकल्पना पत्र को मंजूरी दी गई थी। सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा था कि भारत पहले ही 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लक्ष्य की घोषणा कर चुका है।

2025 में सम्मेलन की अध्यक्षता करेगा चीन

अस्ताना। एससीओ की अगली बैठक 2025 में चीन में होगी और चीन एससीओ की अध्यक्षता भी करेगा। एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के अस्ताना घोषणापत्र में कहा गया आगामी समय के लिए एससीओ की अध्यक्षता चीन को सौंपी जा रही है।

एससीओ की सुरक्षा बनाए रखना मुख्य कार्य : पुतिन

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता बनी हुई है और इस कार्य को पूरा करने के लिए एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना में बदलाव लाया जाएगा। पुतिन ने बैठक में कहा, बेशक, बाहरी सीमाओं के दायरे के साथ राज्य प्रतिभागियों की सुरक्षा का रखरखाव एससीओ की प्राथमिकताओं में से एक रहा है और रहेगा। एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी संरचना को एक सार्वभौमिक केंद्र में बदलने पर आज लिए गए निर्णय सुरक्षा खतरों की पूरी श्रृंखला को जवाब देने में सक्षम है।

ऋषि सुनक का चुनावी भविष्य मतपेटी में कैद

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में गुरुवार को आम चुनाव के लिए वोट डाले गए, जिसमें प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और लेबर पार्टी से उनके प्रतिद्वंद्वी कीर स्टार्मर सहित लाखों लोगों ने मतदान किया। सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति उत्तरी इंग्लैंड के यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेर्टन के अपने निर्वाचन क्षेत्र में स्थानीय मतदान केंद्र पर पहुंचे।

थोड़ी देर बाद स्टार्मर और उनकी पत्नी विक्टोरिया लाल रंग की पोशाक पहने उत्तरी लंदन के कैमडेन में अपने मतदान केंद्र पर पहुंचे। इस चुनाव में प्रधानमंत्री एवं कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक (44) के राजनीतिक भविष्य का फैसला होगा। सुनक का मुख्य मुकाबला लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर से है। सुनक ने मतदाताओं से कर बढ़ाने वाली लेबर पार्टी को बहुमत नहीं देने का आग्रह किया है। इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में 650 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार खड़े किए गए हैं।

दो मुख्य दलों के अलावा, लिबरल डेमोक्रेट्स, ग्रीन पार्टी, स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी), एसडीएलपी, डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी (डीयूपी), सिन फिएन, प्लेड सायमरू, रिफॉर्म पार्टी ने भी अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। कई निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं।

ब्रिटेन में डाले गए वोट

पत्नी के साथ वोट डालने जाते सुनक।

- इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में 650 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार खड़े

40,000 मतदान केंद्र, चार करोड़ 60 लाख मतदाता

देश भर में बनाए गए करीब 40,000 मतदान केंद्र स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे खुल गए जिनमें लगभग चार करोड़ 60 लाख मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार का चुनाव कर सकेंगे। इस बार मतदान केंद्र पर पहचान पत्र साथ ले जाना अनिवार्य है। मतदान स्थानीय समयानुसार रात दस बजे समाप्त होंगे जिसके पश्चात चुनाव बाद के सर्वेक्षण आने प्रारंभ हो जाएंगे जिनसे इस बात की झलक मिलेगी कि देश में राजनीतिक परिदृश्य कैसा रहने वाला है। सुनक ने बुधवार को लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा यही बात हमें एकजुट करती है।

फ्रांस की सरकारी प्रवक्ता पर चुनाव प्रचार के दौरान हमला

पेरिस। संसदीय चुनाव से कुछ ही दिन पहले, फ्रांसीसी सरकार की प्रवक्ता प्रिस्का थेवेनोट पर चुनाव प्रचार के दौरान हमला होने की खबर है। प्रधानमंत्री गेब्रियल अट्टल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मैक्रों के नेतृत्व वाले मध्यमार्गी गठबंधन एनसेंबल की उम्मीदवार थेवेनोट, उनकी सहायक और एक पार्टी कार्यकर्ता 7 जुलाई को होने वाले चुनाव से पहले बुधवार रात पेरिस के पास चुनावी पोस्टर लगा रहे थे, तभी एक समूह ने उन पर हमला कर दिया। मीडिया की खबरों में बताया गया कि थेवेनोट घायल नहीं हुई हैं और वह अपना प्रचार जारी रखेंगी।

कमांडर की हत्या पर हिज्बुल्ला ने इजराइल पर दागे 200 रॉकेट

बेरूत, एजेंसी

वरिष्ठ कमांडर की हत्या के प्रतिशोध में चरमपंथी संगठन हिज्बुल्ला ने इजराइल के कई सैन्य ठिकानों पर 200 से अधिक रॉकेट दागे हैं। यह हमला ईरान समर्थित आतंकवादी समूह द्वारा किया गया सबसे बड़ा हमला था। हाल के हफ्तों में इस इलाके में तनाव बढ़ गया था।

इजराइली सेना ने कहा कि लेबनान से कई प्रक्षेपास्त्र उसके क्षेत्र में दागे गये थे, जिनमें से कई को बीच में ही नष्ट कर दिया गया। हताहतों की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। इजराइल ने बुधवार को स्वीकार किया कि उसने एक दिन पहले दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के तीन क्षेत्रीय डिवीजनों में से एक का नेतृत्व करने वाले मोहम्मद नामेह नासिर को मार गिराया था। इसके कुछ घंटों बाद, हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल और कब्जे वाले सीरियाई गोलन पहाड़ियों पर भारी आयुधों के साथ दर्जनों कत्युशा और फलक रॉकेट दागे।

द.अफ्रीका में 34 हजार साल पुराने दीमक के टीले मिले

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका में वैज्ञानिकों को यह जानकर हैरानी हुई कि देश के शुष्क क्षेत्र में मौजूद दीमक के टीले 30,000 से अधिक वर्ष पुराने हैं जिसका मतलब है कि वे दीमक के अब तक के ज्ञात सबसे पुराने सक्रिय टीले हैं।

स्टेलेनबॉश विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि रेडियोकार्बन डेटिंग में नामाक्वालैंड में बफेल्स नदी के पास के कुछ टीले मिले हैं। विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग में वरिष्ठ व्याख्याता मिशेल फ्रांसिस ने कहा हम जानते थे कि ये पुराने हैं लेकिन यह पता नहीं था कि इतने पुराने हैं। उनका शोधपत्र मई में प्रकाशित हुआ।

गाजा के सुरक्षित क्षेत्र में भी जीवन पर खतरा

खान यूनिस (गाजा पट्टी)। गाजा में इजराइल द्वारा घोषित किए गए सुरक्षित क्षेत्र में भी लोगों का जीवन खतरे में है जहां भोजन की किल्लत है और लोग इजराइली हमलों के डर में जी रहे हैं। बुधवार को खान यूनिस के एक प्रमुख अस्पताल के पास एक रिहायशी इमारत पर इजराइल की ओर से किया गया हमला इसका ताजा उदहारण है।

गाजा के खान यूनिस शहर के पश्चिमी हिस्से में स्थित नासेर अस्पताल के पास किए गए हवाई हमले में सात लोग घायल हो गए। इजरायल की सेना द्वारा उपलब्ध कराए गए मानचित्र के अनुसार यह शहर सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है और फिलिस्तीनियों को इस क्षेत्र में शरण लेने को कहा गया है। संरा के अनुमान के अनुसार इस सप्ताह की शुरुआत में इजराइल की ओर से दिए गए निकासी आदेश का असर लगभग ढाई लाख फिलिस्तीनियों पर पड़ा है। नासेर अस्पताल के पास हुए हमले हवाई हमले के बाद के दृश्य का वीडियो एक संवाददाता द्वारा बनाया गया, जिसमें चारों तरफ धूल उड़ती दिख रही है और लोग भाग रहे हैं। साथ ही दो युवक एक व्यक्ति को ले जा रहे हैं जो संभवता हमले में घायल हुआ है। खान यूनिस के पूर्वी हिस्से से विस्थापित हुए परिवारों को सिर छिपाने के लिए जगह ढूंढने के वास्ते एक और जंग लड़नी पड़ रही है।

- भोजन की किल्लत व इजराइली हमले का डर भी सता रहा

युद्ध विराम को लेकर कतर, मिस्र के मध्यस्थों के साथ परामर्श

गाजा। फिलीस्तीन स्थित इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने गाजा पट्टी में इजरायली युद्ध को समाप्त करने के लिए कतर और मिस्र के मध्यस्थों के साथ परामर्श किया है। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने बुधवार को कहा हमने अपने फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ आक्रामकता को रोकने के लिए मध्यस्थ भाइयों के साथ कुछ विचारों का आदान-प्रदान किया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि इजरायल को मध्यस्थों से हमास का जवाब मिला है। उन्होंने पुष्टि की कि इजरायल हमास की प्रतिक्रिया पर विचार करेगा और उस पर प्रतिक्रिया देगा।

बॉलीवुड हलचल

सचिन-जिगर ने सिडनी में कॉन्सर्ट में मचायी धूम

मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने सिडनी में कॉन्सर्ट में धूम मचा दी। देश में सबसे ज़्यादा पसंद किए जाने वाले और प्रतिभाशाली संगीत जोड़ियों में से एक के रूप में मशहूर सचिन-जिगर के दुनिया भर में बहुत ज्यादा फैंस हैं। भेड़िया के अपना बना ले, जरा हटके जरा बचके के फिर और क्या चाहिए और तेरे वास्ते जैसे चार्ट-टॉपिंग हिट गानों के लिए मशहूर इस जोड़ी ने हाल ही में हॉरर कॉमेडी फ़िल्म 'मुंज्या' के अपने नए एल्बम से लोगों का दिल जीत लिया। इस जोड़ी ने सिडनी में एक दमदार परफॉरमेंस के साथ अपने पहले बहुप्रतीक्षित ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत करके अपने हिट ट्रैक पर अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

अनुष्का शर्मा ने ननद की पोस्ट पर दिया प्यार भरा रिएक्शन

मुंबई। बॉलीवुड स्टार अनुष्का शर्मा ने अपनी ननद के पोस्ट पर कॉमेंट किया है जो उन्होंने अपने भाई यानी विराट कोहली के लिए उनकी जीत को सेलिब्रेट करने के लिए किया है। दरअसल विराट कोहली गुरुवार सुबह बारबाडोस से घर वापस लौटे हैं और दिल्ली में आईटीसी मौर्य होटल में ठहरे हैं। उनसे मिलने के लिए कोहली की बड़ी बहन भावना कोहली ढींगरा अपने हसबैंड और बच्चों के साथ होटल पहुंचीं और इस मुलाकात की कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट कीं। भावना ने इस मौके की कई तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें क्रिकेटर अपने परिवार और भतीजे-भतीजी के साथ पोज देते दिख रहे हैं।

वाणी कपूर के साथ काम करेंगे फवाद खान!

मुंबई। पाकिस्तानी फिल्मों के जानेमाने अभिनेता फवाद खान, बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। फवाद ने ए दिल है मुश्किल, खूबसूरत और कंपूर एंड संस जैसी बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। बहुत जल्द वाणी कपूर के अपोजिट एक फिल्म में नजर आ सकते हैं। फवाद और वाणी कपूर इंटरनेशनल फिल्म प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे। फिल्म की कहानी दो ऐसे लोगों के बारे में है जिनका ब्रेकअप हो गया है।

भारतीय नौसेना प्रमुख ने बांग्लादेशी समकक्ष से की मुलाकात

ढाका। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने बांग्लादेश के नवनियुक्त सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान से मुलाकात कर मजबूत द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की और दोनों सशस्त्र बलों के बीच सहयोग के नए अवसरों के बारे में विचार-विमर्श किया। एडमिरल त्रिपाठी द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने व समुद्री क्षेत्र में सहयोग के नए अवसरों की तलाश करने के लिए 30 जून को बांग्लादेश की पांच दिवसीय यात्रा पर गए थे। भारतीय नौसेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत और बांग्लादेश के बीच नौसेना सहयोग पारंपरिक रूप से मजबूत रहा है, जिसमें बंदरगाहों पर यात्रा और द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास के माध्यम से परिचालन संबंधी बातचीत के साथ-साथ क्षमता निर्माण, क्षमता वृद्धि और प्रशिक्षण पहल शामिल हैं।

तनाव एक संसद सदस्य ने युद्ध को लेकर फैसले से असहमति जताते हुए सरकार से बाहर होने की घोषणा की

ऑस्ट्रेलिया की संसद में घुसे फिलिस्तीन समर्थक

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया की संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देते हुए फिलिस्तीन समर्थक कुछ प्रदर्शनकारी गुरुवार को भीतर दाखिल हो गए और भवन की छत से बैनर लहराए। इस बीच, संसद के एक सदस्य ने गाजा युद्ध को लेकर फैसले से असहमति जताते हुए सरकार से बाहर होने की घोषणा की।

पांच सप्ताह के अवकाश के बाद संसद की कार्यवाही के अंतिम दिन हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। ग्रेट वेरंडा के नाम से विख्यात इमारत के अग्रभाग पर चार प्रदर्शनकारियों ने एक घंटे से अधिक समय तक युद्ध अपराध और नरसंहार शब्दों के साथ-साथ फिलिस्तीनी रैली के प्रमुख नारे नदी से समुद्र तक, फिलिस्तीन स्वतंत्र होगा नारे वाले बैनर लहराए। चारों प्रदर्शनकारियों को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

अफगानिस्तान में जन्मीं सीनेटर फातिमा पायमन ने घोषणा की कि गाजा पर पार्टी के रुख को अस्वीकार करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ लेबर पार्टी छोड़ दी है। फातिमा पायमन एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई सांसद हैं, जिन्होंने सदन की बैठकों के दौरान हिजाब पहना। फातिमा ने संवाददाताओं से कहा मेरा परिवार युद्धग्रस्त देश से भागकर शरणार्थी के रूप में इसलिए यहां नहीं आया है कि मैं निर्दोष लोगों पर हो रहे अत्याचारों को देखकर चुप रहूं। उन्होंने कहा हमारे समय के सबसे बड़े अन्याय के प्रति हमारी सरकार की उदासीनता को देखकर मैं पार्टी के रुख पर सवाल उठाने को मजबूर हूं।

पहली बार सीनेटर बनीं फातिमा ने पिछले सप्ताह एक छोटे दल के प्रस्ताव का समर्थन करके अपने सरकारी सहयोगियों की अवहेलना की थी, जिसमें संसद से फिलिस्तीन को मान्यता देने की मांग की गई थी।

संसद की दीवार पर बैनर टांगते प्रदर्शनकारी।

ऑस्ट्रेलिया ने देश के रूप में नहीं दी है मान्यता

ऑस्ट्रेलिया फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता नहीं देता है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वि-राष्ट्र समाधान को लेकर प्रतिबद्ध है जिसमें इजराइल और भविष्य का फिलिस्तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर शांति और सुरक्षा के साथ सह-अस्तित्व में रह सकें। पुलिस ने कहा कि चारों प्रदर्शनकारियों पर संसद भवन में अवैध रूप से प्रवेश का आरोप लगाया जा सकता है।